www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार, 7 सितम्बर,2023 | वर्ष-16 | अंक-152 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



ओम बिरला ने दी जन्माष्टमी की बधाई 02

■ बदरपुर खादर में बनेगा स्कूल, विकसित होगा वन
■ दिल्ली नगर निगम का यह कैसा शिक्षक दिवस : नाजिया दानिश 03

■ ऋषि सुनक की पहली भारत यात्रा पर उनके सम्मान में...
■ विश्व में अमेरिकी सैन्य नेतृत्व का पड़ा उल्टा असर : रिपोर्ट 07

'कह दूं तुम्हें' की अभिनेत्री युक्ति कपूर ने कहा, शो ... 10

## सार संक्षेप

### पद्म पुरस्कारों के लिए 15 तक किए जा सकते हैं नामांकन



**नई दिल्ली।** विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट तथा असाधारण योगदान के लिए दिये जाने वाले देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, पद्म पुरस्कारों के वास्ते ऑनलाइन नामांकन तथा सिफारिशें इस महीने की 15 तारीख तक की जा सकती हैं। पद्म पुरस्कार वर्ष 1954 में स्थापित किये गये थे और इनके तहत पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है।

### तमिलनाडु में सड़क हादसा, छह लोगों की मौत




**चेन्नई।** तमिलनाडु में बुधवार को एक सड़क हादसे में एक साल के मासूम बच्ची सहित एक ही परिवार को छह लोगों की मौत हो गयी तथा दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पीड़ित हादसे के समय ओमनी वैन से सलेम जा रहे थे। इसी दौरान चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया तथा वाहन चिन्नगौनदनूर में खड़े ट्रक से जा टकराया। सूत्रों के मुताबिक मृतकों की पहचान पलानीस्वामी, पी. पपति, सेलवराज, मंजूला अरुणुगम तथा मासूम बच्ची संजना के तौर पर हुई है।

### एसपीजी प्रमुख अरुण कुमार का कैंसर से निधन



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के शीर्ष आईपीएस अधिकारियों में से एक और एसपीजी प्रमुख अरुण कुमार सिन्हा का कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद बुधवार को गुरुग्राम के एक अस्पताल में निधन हो गया। चार साल पहले, उन्होंने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर केरल छोड़ दिया था और विशेष सुरक्षा समूह से जुड़े थे।

### मप्र विधानसभा चुनाव में बुजुर्ग घर से कर सकेंगे मतदान



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग कई नए प्रयोग करने जा रहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया है कि विधानसभा चुनाव में बुजुर्ग और दिव्यांग घर से ही मतदान कर सकेंगे।

### मणिपुर में मैतेई समुदाय ने कर्फ्यू के बावजूद किया प्रदर्शन

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में बुधवार को कर्फ्यू के बावजूद हजारों मैतेई प्रदर्शनकारियों ने मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने फौगाकचाओ इखाई में टिडिमरोड (इम्फाल-चुराचांदपुर रोड) पर सेना की ओर से लगाए गए बैरिकेड्स को हटा दिया। इसके बाद क्वाक्टा में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और फायरिंग भी की।

विशेष सत्र से पहले सोनिया ने प्रधानमंत्री को लिखी चिट्ठी

# सरकार से संसद के विशेष सत्र का पूछा एजेंडा

## कांग्रेस नेता ने महंगाई, सीमा विवाद समेत 9 मुद्दों पर की चर्चा की मांग

**नई दिल्ली**, 6 सितम्बर (देशबन्धु)। 18 सितम्बर को शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र से पहले कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री को एक चिट्ठी लिखी है। कांग्रेस नेता ने इसमें संसद के विशेष सत्र का एजेंडा पूछा है।

सोनिया गांधी ने इस पर भी सवाल उठाया कि बिना किसी चर्चा के विशेष सत्र का ऐलान क्यों किया गया। चिट्ठी में कांग्रेस नेता ने 9 मुद्दे उठाए हैं। कांग्रेस चाहती है सरकार महंगाई, भारत-चीन बॉर्डर विवाद और मणिपुर जैसे गंभीर मामलों पर चर्चा करे। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 24 पार्टियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह पत्र भेजा है।

**लोगों के मुद्दों को उठाएगा विपक्ष**

बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि बैठक में कांग्रेस संसदीय दल का रणनीति समूह शामिल हुआ था। इसके बाद इंडिया गठबंधन के दलों के सांसदों की बैठक हुई। उन्होंने बताया कि बैठक में तय हुआ कि विपक्ष सदन का बहिष्कार नहीं करेगा, बल्कि लोगों के मुद्दों को उठाएगा। जयराम रमेश ने बताया कि 6 सितंबर की सुबह सोनिया गांधी ने पीएम मोदी को पत्र लिखा और कहा कि कोई चर्चा किए बिना ही संसद का विशेष सत्र बुलाने का एलान कर दिया गया। पत्र में यह भी लिखा गया कि विशेष सत्र की कार्यसूची जारी की जाती है और ऐसा पहली बार है कि संसद के विशेष सत्र की कार्यसूची जारी नहीं की गई है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

पहली बार है कि कोई बैठक बुलाई जा रही है और एजेंडा तय नहीं है, न ही सहमति बनाने का प्रयास किया गया है : सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता



### प्रधानमंत्री में दिख रही घबराहट : जयराम रमेश



*प्रेस कांफ्रेंस में जयराम रमेश ने इंडिया या भारत नाम विवाद पर कहा, संविधान में लिखा है इंडिया दैट इज भारत .. इस पर कोई बहस नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री में ना केवल घबराहट दिखाई दे रही है, बल्कि थकावट भी दिख रही है। इंडिया गठबंधन की तीन बैठकों के बाद प्रधानमंत्री और उनके रणनीतिकार घबरा गए हैं।'*

सोनिया की चिट्ठी का सरकार ने दिया जवाब

### गैर जरूरी विवाद पैदा करने का हो रहा प्रयास



संसद के विशेष सत्र पर कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी की चिट्ठी का सरकार ने जवाब दिया है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है, आपका परंपराओं की तरफ ध्यान नहीं है। सत्र शुरू होने से पहले बातचीत की जाएगी। संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने चिट्ठी में कहा, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि आप संसद, हमारे लोकतंत्र के मंदिर के कामकाज का भी राजनीतिकरण करने और जहां कोई विवाद नही है वहां अनावश्यक विवाद उत्पन्न करने का प्रयास कर रही हैं।

मोदी मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया फैसला

# हिमाचल-उत्तराखंड को 1664 करोड़ का आवंटन

**नई दिल्ली**, 6 सितम्बर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड को औद्योगिक विकास योजना के तहत 1664 करोड़ रुपए की मदद करने का निर्णय लिया है ताकि दोनों पहाड़ी राज्यों में औद्योगिक विकास को गति मिले और रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उत्तराखंड और हिमाचल में पलायन की समस्या है। रोजगार के अवसर नहीं होने से वहां लोग बड़ी संख्या में पलायन करते हैं इसलिए वहां औद्योगिक विकास आवश्यक है। इसी जरूरत को देखते हुए सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार ने एक दिसम्बर 2002 को विशेष औद्योगिक पैकेज पहाड़ी राज्य हिमाचल, उत्तराखंड तथा जम्मू-कश्मीर को दिया था जिसके कारण वहां बड़े स्तर उद्योग खुले, निवेश हुआ और लोगों को रोजगार मिला।



### नवीकरणीय ऊर्जा के भंडारण के लिए सब्सिडी

सरकार ने देश में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा देने के के लिए बड़ी बैटरियों के विनिर्माण पर 3760 करोड़ रुपए की सब्सिडी देने का निर्णय किया है। वर्ष 2030 तक देश की कुल ऊर्जा जरूरतों में कम से कम 50 प्रतिशत की पूर्ति गैर जीवाश्म स्रोतों से सुनिश्चित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना आवश्यक है।

# जी-20 के प्रतिनिधि चखेंगे लजीज पकवान

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। जी-20 सम्मेलन में आने वाले प्रतिनिधि न केवल दुनिया के ज्वलंत मुद्दों और आर्थिक विषयों पर चर्चा करेंगे बल्कि वे लजीज भारतीय व्यंजनों का भी लुत्फ उठाएंगे।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अनुपस्थिति में हो रहे इस सम्मेलन में जी-20 के राष्ट्रध्यक्षों की पत्नियां और महिला प्रतिनिधियों को केन्द्र सरकार ने आधुनिक स्वरूप में बने भारतीय प्राचीन व्यंजनों के रसास्वादन के लिए आमंत्रित किया है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, पूसा में मेहमानों को मोटे अनाजों (श्रीअन्न) के बने पकवानों को न केवल चखने के लिए बल्कि इसे बनाने और वैश्विक थाली में सजाकर परोसने के लिए आमंत्रित किया है। इसके लिए पूसा में लाइव कुकिंग एरिया'' का निर्माण किया गया है। प्राचीन मोटे अनाज विशेषकर ज्वार, बाजरा , रागी आदि से पकवानों को तैयार करने के लिए विश्व के तीन प्रसिद्ध रसोइयों कुणाल कपूर, अजय चोपड़ा और अनहिता ढुंढी को विशेष रूप से बुलाया गया है। इसके अलावा आईटीसी समूह के दो शेफ कुश माथुर और निकिता के साथ ही कुछ अन्य सहयोगियों को अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया गया है।



■ मोटे अनाजों पर आधारित होगा मुख्य भोजन

### सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे नाइजीरिया के राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू - जी- 20 की शिखर बैठक में भाग लेने के लिए बुधवार तड़के भारत पहुंच गए। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने पालम सैन्य हवाई अड्डे पर श्री बोला का स्वागत किया। प्रोफेसर बघेल ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए बताया कि जी 20 शिखर बैठक में शामिल होने के लिए आने वाले सभी राष्ट्राध्यक्षों में से भारत में सर्वप्रथम आगमन नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू का हुआ है।

# गणेश चतुर्थी से होगा नए संसद भवन का श्रीगणेश

## 18 को विशेष सत्र के पहले दिन पुरानी बिल्डिंग में होगा कामकाज

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। बार-बार की अटकलों बीच अब नए संसद भवन में संसदीय कार्यवाही का मुहुर्त तय हो गया है। 18 सितम्बर से संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है। जो कि संसद की पुरानी इमारत से ही शुरू हो रहा है। लेकिन अगले दिन 19 सितम्बर यानि गणेश चतुर्थी के दिन संसद की कार्यवाही नए संसद भवन में स्थानांतरित कर दी जाएगी। नया संसद भवन पूरी तरह बनकर तैयार है।

बीते 28 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन भी कर चुके हैं। बावजूद संसद के मानसून सत्र की पूरी कार्यवाही पुरानी बिल्डिंग से ही चली। लेकिन अब नए संसद भवन के श्रीगणेश का मुहूर्त तय हो गया है। 18-22 सितम्बर तक चलने वाले संसद के विशेष सत्र की कार्यवाही गणेश चतुर्थी के दिन यानि 19 सितम्बर से नए भवन से ही संचालित की जाएगी।



■ नया संसद भवन बनकर पूरी तरह तैयार

■ खास तरीके से किया गया है डिजाइन

### 4 मंजिला बिल्डिंग, भूकंप का असर नहीं

64 हजार 500 वर्ग मीटर में बना नया संसद भवन 4 मंजिला है। इसमें 3 दरवाजे हैं, इन्हें ज्ञान द्वार, शक्ति द्वार और कर्म द्वार नाम दिया गया है। सांसदों और महत्वपूर्ण व्यक्तियों के लिए अलग से एंट्री है। नया भवन पुराने भवन से 17 हजार वर्ग मीटर बड़ा है। नए संसद भवन पर भूकंप का असर नहीं होगा।

**अत्याधुनिक सुविधाओं से है लैस**

नए संसद भवन को खास तरीके से डिजाइन किया गया है। इसे अहमदाबाद से ताल्लुक रखने वाले चर्चित आर्किटेक्ट विमल पटेल ने डिजाइन किया है। यह भवन तमाम आधुनिक सुविधाओं से सम्पन्न है। त्रिकोण के आकार में बनाए गए संसद भवन की दिव्यता और भव्यता मनमोहक है। भारत की लोकतांत्रिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए नए संसद भवन में भव्य संविधान हाल बनाया गया है। इसमें सांसदों के लिए लाउंज,पुस्कालय,कई समिति कक्ष, भोजन क्षेत्र और पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान की व्यवस्था की गई है। संसद की संयुक्त बैठक के दौरान इसमें एक साथ 1280 सांसदों के बैठने की व्यवस्था है। इसका निर्माण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी परियोजना सेंट्रल विस्टा के तहत कराया गया है। शुरुआत में इसकी लागत 861 करोड़ अनुमानित थी,लेकिन बाद में बढ़कर 1200 करोड़ तक पहुंच गई।

# यूरोप दौरे पर रवाना हुए राहुल गांधी

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार देर रात यूरोप दौरे के लिए रवाना हुए। वह 6 सितंबर से 10 सितंबर दिन) तक 4 यूरोपीय देशों- फ्रांस, बेल्जियम, नीदरलैंड्स और नॉर्वे की यात्रा करेंगे। इस दौरान राहुल गांधी यूरोपियन यूनियन के सदस्यों और भारतीय समुदाय के लोगों और विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ बातचीत करेंगे। राहुल गांधी का ये दौरा ऐसे समय हो रहा है जब देश की राजधानी दिल्ली में जी-20 सम्मेलन हो रही है। वो सम्मेलन खत्म होने के एक दिन बाद 11 सितंबर को भारत लौटेंगे। वहीं, भारत जोड़ो यात्रा का एक साल पूरा होने पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वो इन कार्यक्रमों में शामिल नहीं होंगे।



■ चार देशों की यात्रा करेंगे कांग्रेस नेता

■ यूरोपियन यूनियन के सदस्यों से मिलेंगे

### 10 सितम्बर को भारतीय समुदाय के लोगों को करेंगे संबोधित

*राहुल गांधी 7 सितम्बर को गांधी बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में यूरोपियन यूनियन के मेंबर्स से मिलेंगे। इसी तरह की एक मीटिंग वो द हेग में भी करेंगे। वो मानवाधिकारों पर यूरोपीय संसद की उपसमिति के अध्यक्ष उडो बुलमैन के साथ भी बैठक करेंगे। 8 सितंबर को वो फ्रांस की राजधानी पेरिस में यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स को संबोधित करेंगे। 9 सितंबर को पेरिस में फ्रांस के लेबर यूनियन की बैठक में भी हिस्सा लेंगे। 10 सितम्बर को गांधी नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करेंगे। विदेश मंत्री, विपक्ष के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री एर्ना सोलबर्ग से मुलाकात करेंगे।*

# सुप्रीम कोर्ट ने ईजीआई के सदस्यों दी राहत

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (ईजीआई) के सदस्यों को मणिपुर में हिंसक जातीय झड़पों पर प्रकाशित एक रिपोर्ट के लिए उनके खिलाफ दर्ज दो प्राथमिकियों के मामले में किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर बुधवार को रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उन प्राथमिकियों को रद्द करने की मांग वाली ईजीआई की ओर से दायर याचिका पर मणिपुर सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। शीर्ष अदालत ने ईजीआई की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान द्वारा तत्काल उल्लेख किए जाने पर मामले की सुनवाई शुरू की। श्री दीवान ने पीठ के समक्ष कहा कि सदस्यों पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। तत्काल सुनवाई कर आवश्यक निर्देश दिया जाए। उन्होंने कहा, अदालत के समक्ष चार रिट याचिकाकर्ता हैं। हम उन में गिरफ्तारी और दंडात्मक कार्रवाईयों से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

मणिपुर हिंसा



■ किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाई

■ मणिपुर सरकार को नोटिस जारी, जवाब मांगा

# संविधान को बदलने की कोशिश हो रही : मायावती

इंडिया विवाद में सत्ता पक्ष व विपक्ष की मिलीभगत

**लखनऊ,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को देश का नाम भारत और इंडिया विवाद को सत्ता पक्ष और विपक्ष की मिलीभगत बताया है। उनका कहना है कि इस लड़ाई के चलते देश के जरूरी मुद्दों को नजरअंदाज किया जा रहा है। बसपा मुखिया मायावती ने बुधवार को लखनऊ में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान को बदलने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि देश के नाम को लेकर अपने संविधान के साथ छेड़छाड़ करने का मौका भाजपा के एनडीए को खुद विपक्ष ने एक सोची समझी रणनीति के तहत अपने गठबंधन का नाम इंडिया रखकर दिया है।



परेशानी — *सर्दी के साथ ही सेना को चीन से भी जंग की करनी पड़ रही तैयारी*

# लद्दाख में भारतीय सेना की चिंता बढ़ी

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 6 सितम्बर (देशबन्धु)। लद्दाख के मोर्चे की एक चिंताजनक बात यह है कि भारतीय सेना को एलएसी पर इन सर्दियों में भी टिके रहने के साथ चीन से जंग की तैयारी भी करनी पड़ रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि चीनी सेना द्वारा कब्जाए गए इलाकों में भूमिगत शेल्टर और बंकरों के निर्माण के बाद यह संकेत मिलने आरंभ हुए हैं कि दोनों मुल्कों की सेनाओं के बीच एलएसी के विवादित क्षेत्रों में खूरेंजी झड़पें हो सकती हैं।**

जबकि समाचार यह कहते हैं कि चीन कई मोर्चों पर उलझे होने के कारण लद्दाख सीमा पर अपनी खुन्नस निकाल सकता है। ऐसे में भारतीय सेना की चिंता यह है कि और कितनी सर्दियां चीन सीमा पर गुजारनी होंगी। रक्षा सूत्रों के बकौल, पैंगांग झील, देपसांग, स्पंगुर झील, रेजांगला आदि के एलएसी के इलाकों में भारतीय सेना को युद्ध वाली स्थिति में ही रहने को कहा गया है। उसे अपने सैनिक साजो सामान को कुछ ही मिनटों के आर्डर पर जवाबी हमला करने की स्थिति में भी तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि लद्दाख में एलएसी पर जो इंतजामात किए जा रहे हैं उनमें लगातार चौथे साल भयानक सर्दी से बचने के उपायों के अतिरिक्त ठीक सियाचिन हिमखंड की तरह युद्ध की स्थिति में बचाव और हमले करने की रणनीति अपनाने के लिए जरूरी इंतजाम भी शामिल हैं। जानकारी के लिए पिछले 39 सालों से दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धस्थल पर सियाचिन में शून्य से 40 डिग्री नीचे के तापमान में भी 'युद्ध' जारी है। अधिकारी कहते थे कि अगले महीने से लद्दाख को मिलाने वाले राजमार्ग बर्फबारी के कारण बंद होने आरंभ हो जाएंगें और ऐसे में सारा बोझ हवाई मार्ग पर आ जाएगा। एलएसी पर हालत कितने गंभीर हैं इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पिछले करीब तीन महीनों से सर्दियों में पुनः टिके रहने की नहीं बल्कि चीन के साथ युद्ध होने की संभावना के मुताबिक ही तैयारियां की जा रही हैं। इसकी खातिर कई बार युद्धाभ्यास भी किए जा चुके हैं। बर्फ में टिके रहने वाले टेंटों और पहने जाने वाले कपड़ों से अधिक जोर भयानक सर्दी में गर्मी का अहसास देने वाले बम प्रूफ बंकरों का बनाया जा चुका है।



■ सेना को युद्ध वाली स्थिति में रहने को कहा गया

■ लद्दाख सीमा पर खुन्नस निकाल सकता है चीन

# देश

उवाच

"पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस की कार्रवाई राज्य प्रशासन को पंगु बनाने का प्रयास है। वह वित्त विधेयकों को रोक नहीं सकते।राज्य में स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के कामकाज में हस्तक्षेप कर रहे हैं राज्यपाल।

–ममता बनर्जी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 28.0 |
| मुंबई | 28.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 30.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 28.0 |

# देश के लिए महंगा साबित हो रहा है चीन के साथ मोदी का प्रेम : कांग्रेस

## अरुणाचल प्रदेश में चीन की घुसपैठ को लेकर केंद्र सरकार पर बोला हमला

**नई दिल्ली,**6 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन की घुसपैठ को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर हमला बाला। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि चीन के साथ पीएम मोदी का प्रेम, देश को महंगा साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि चीन की लगातार अरुणाचल प्रदेश में जगहों का नाम बदलने की हिमाकत सिर्फ और सिर्फ पीएम मोदी के एक झूठ का नतीजा है। चीन को सबक सिखाना है, गलबहईंया नहीं करनी है। चीन की हिम्मत कैसे हो रही है कि वह हमारी भूभागीय अखंडता के साथ खिलवाड़ कर रहा है। चीन की घुसपैठ व अदाणी मामले को लेकर कांग्रेस, भाजपा पर लगातार हमलावर रही है। सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी सहित कांग्रेस के अनेक नेताओं ने इन दोनों मुद्दों को उठाया है। पिछले दिनों अरुणाचल प्रदेश में चीनी नामों की सूची को कांग्रेस नेताओं ने हाथों-हाथ लिया था। कांग्रेस इस मुद्दे को ड्रैगन को क्लीन चिट पंच लाइन से लोगों के बीच ले गई थी। राहुल गांधी ने भी अपने ट्वीट में लिखा था कि 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन चीन ने छीन ली, जगहों के नाम भी बदल रहे, प्रधानमंत्री चुप, कोई जवाब नहीं। प्रधानमंत्री आखिर इतना डर क्यों। पिछले दिनों चीन ने एक नक्शा जारी कर नया विवाद खड़ा कर दिया है। इस नक्शे में चीन ने अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा किया है। साथ ही अक्साई चिन को भी अपना इलाका बताया है। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने कहा,



चीन की लगातार अरुणाचल प्रदेश में जगहों का नाम बदलने की हिमाकत सिर्फ और सिर्फ मोदी के एक झूठ का नतीजा : सुप्रिया श्रीनेत

चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। चीन ने अरुणाचल में हमारे इलाकों के नाम बदलने की हिमाकत की है। सवाल है, आखिर चीन इतना दुस्साहस कैसे कर पा रहा है। जवाब आप जानते हैं, जब पीएम मोदी खुद चीन को क्लीन चिट देंगे, कहेंगे कि कोई घुसा नहीं है तो मन बढ़ेगा ही।

### अब तक 19 बार जिनपिंग से मिल चुके हैं मोदी

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा था, हमारे 50-60 हजार सैनिक लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के ऊपर तैनात हैं। ये बुनियादी सवाल इसलिए उत्पन्न होता है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2013 से लेकर अब तक 19 बार चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिल चुके हैं। पांच बार प्रधानमंत्री मोदी चीन गए हैं। भारत का कोई भी प्रधानमंत्री 1947 से लेकर 2023 तक इतनी बार चीन नहीं गया होगा। कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कह चुके हैं, अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। गलवान के बाद, मोदी द्वारा चीन को क्लीन चिट देने का नतीजा, देश भुगत रहा है। पिछले दिनों राहुल गांधी ने लद्दाख की यात्रा के दौरान कहा था, पूरा लद्दाख जानता है कि चीन ने हमारी जमीन कब्जा ली है।

### भाजपा के राष्ट्रवाद की काट निकाल रही कांग्रेस

कांग्रेस नेता ने कहा कि मिशन 2024 के लिए भाजपा के राष्ट्रवाद की काट निकालने की तैयारी हो रही है। मोदी सरकार के दौरान चीन ने कब और किस इलाके में घुसपैठ का प्रयास किया है या कथित तौर पर भारतीय इलाकों पर कब्जा किया है, इस बाबत एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। लद्दाख के किन इलाकों में पहले भारतीय सेना गश्त करती थी, मगर अब वहां तक हमारे सैनिक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इस बात को भी रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा। 2014 से पहले पड़ोसी मुल्कों से लगती सीमाओं पर कैसी स्थिति थी, इसे भी जनता के बीच रखा जाएगा।

# ओम बिरला ने दी जन्माष्टमी की बधाई

**नई दिल्ली,**6 सितम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर समस्त देशवासियों को हार्दिक मंगलकमनाएं। सृष्टि के स्वामी और सब लीलाओं के रचयिता भगवान श्री कृष्ण हमें सही राह दिखाते हैं। उनका जीवन हमें बुराइयों से लड़ने की, अपना कर्तव्य निभाने की, फल की इच्छा के बिना अपना कर्म करने की, और समाज को आगे बढ़ाने की सीख देता है। श्री कृष्ण ऐसे व्यक्तित्व हैं, जिनसे हर कोई प्रेम करता है। आंखों से नहीं देखने वाले सूरदास ने भी श्री कृष्ण की पूजा की और रसखान भी उनके बड़े भक्त हुए।



इसी तरह राजस्थान में मां मीराबाई की भी भगवान श्री कृष्ण के प्रति अटूट समर्पण की कहानी है। विषम परिस्थिति में उन्होंने सुदामा का भी साथ दिया, द्रौपदी की भी रक्षा की और अर्जुन को भी सही राह दिखाई। आज जन्माष्टमी के पावन अवसर पर हम यह संकल्प लें कि भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा, उनके उपदेश और संदेशों को अपनाकर जीवन में आगे बढ़ेंगे तथा अपने देश और समाज की प्रगति में प्रमुख भूमिका निभाएंगे। इसी संदेश के साथ एक बार फिर आप सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं।

# मध्य प्रदेश विस चुनाव में बुजुर्ग व दिव्यांग घर से कर सकेंगे मतदान

## चुनाव आयोग ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से की चर्चा

**भोपाल,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग कई नए प्रयोग करने जा रहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया है कि विधानसभा चुनाव में बुजुर्ग और दिव्यांग घर से ही मतदान कर सकेंगे। वहीं, आपराधिक छवि के उम्मीदवार को स्वयं और राजनीतिक दल को सूचना जारी करनी होगी। राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी के सिलसिले में भारत निर्वाचन आयोग का दल तीन दिवसीय दौरे पर मध्य प्रदेश आया। इस प्रवास के दौरान चुनाव आयोग ने जहां राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से चर्चा की।

वहीं, प्रशासनिक अमले से भी चुनावी तैयारी का ब्यौरा हासिल किया। साथ ही मतदान केंद्रों पर सुविधाएं मुहैया करने की विस्तार से जानकारी ली। राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में संवाददाताओं से चर्चा करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार ने चुनाव में बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं पर खास जोर दिए जाने का जिक्र करते हुए बताया कि इस चुनाव में बुजुर्ग और दिव्यांगों को घर से ही मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए 12-डी फॉर्म भरना होगा। नामांकन के पांच दिन के भीतर अगर यह फॉर्म भरा जाएगा तो आयोग की टीम उनके पास घर जाकर




मतदान कराएगी और वह मतदान निष्पक्ष रहे वोट की गोपनीय बनी रहे, इसके लिए उसकी वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। उसकी सूचना सभी राजनीतिक दलों को दी जाएगी। चुनाव में राजनीतिक दल आपराधिक छवि के लोगों को भी मैदान में उतार देते हैं, ऐसे उम्मीदवारों के बारे में जानने का हक मतदाताओं का है इसीलिए चुनाव आयोग एक नई व्यवस्था कर रहा है, जिसके तहत अगर उम्मीदवार का आपराधिक रिकॉर्ड है तो उसे अपने क्षेत्र में तीन बार प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी करना होगा, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में भी प्रसारित करना होगा, जिसमें उसे यह बताना होगा कि उस पर इस तरह के प्रकरण दर्ज हैं। इसी तरह राजनीतिक दल को भी यह प्रकाशित करना पड़ेगा और बताना होगा कि उनको आपराधिक पृष्ठभूमि का उम्मीदवार ही क्यों चुनना पड़ा, उन्हें बताना पड़ेगा क्या उसे क्षेत्र में कोई दूसरा उम्मीदवार नहीं मिला है और उसने आपराधिक छवि के व्यक्ति को उम्मीदवार क्यों बनाया।

## सार संक्षेप

### उप्र के झांसी में युवक को रस्सी से घसीटा, दो गिरफ्तार

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित मऊरानीपुर के शिवगंज मोहल्ले से एक युवक को पहले महिलाओं ने चप्पलों से पीटा और फिर हाथ पांव में रस्सी से बांधकर उसे मोहल्ले भर में घसीटा। वह छोड़ने की गुहार लगाता रहा, मगर किसी ने नहीं सुना। उसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित पक्ष की ओर से मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

### विंक स्टूडियो ने के. के. मेनन अभिनीत फिल्म 'लव ऑल' के म्यूजिक डिस्ट्रिब्यूशन राइट्स हासिल किया

**गुरुग्राम।** डाउनलोड और डेली एक्टिव यूजर्स के मामले में भारत के नंबर 1 म्यूजिक स्ट्रीमिंग ऐप विंक म्यूजिक ने आज घोषणा की कि भारत के सबसे बड़े म्यूजिक डिस्ट्रिब्यूशन इकोसिस्टम विंक स्टूडियो ने के. के. मेनन अभिनीत फिल्म 'लव ऑल' के डिस्ट्रिब्यूशन राइट्स हासिल कर लिए हैं। 'लव ऑल' फिल्म बैडमिंटन सुपरस्टार पी. गोपीचंद के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म का निर्माण आनंद पंडित के साथ महेश भट्ट और पी. गोपीचंद ने किया है। यह फिल्म 01 सितंबर को एम. रमेश के लक्ष्मी गणपति फिल्म स्टूडियोज द्वारा रिलीज हुई। सुधांशु शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में स्वस्तिका मुखर्जी, रॉबिन दास, श्रीश्वरा, अतुल श्रीवास्तव और राजा बुंदेला भी हैं।

### बनावटी वॉटर प्यूरीफायर डीलर्स, सर्विस प्रोवाइडर्स और उत्पादकों के खिलाफ 10 शहरों में छापेमारी की

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी हेल्थ और हायजीन ब्रांड यूरेका फोर्ब्स ने बनावटी वॉटर प्यूरीफायर डीलर्स, सर्विस प्रोवाइडर्स और उत्पादकों के खिलाफ देश भर में छापेमारी करके सार्वजनिक स्वास्थ्य और उपभोक्ता हितों की रक्षा करने के लिए एक उल्लेखनीय पहल की है। ये छापे 10 शहरों और 30 स्थानों पर मारे गए, जहॉं सैकड़ों बनावटी उत्पादों की जब्ती की गई। जालसाजों और धोखेबाजों के खिलाफ माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय से प्राप्त आदेश के अनुसार स्थानीय कमिशनर और स्थानीय पुलिस की टीमों ने बनावटी उत्पादों को बड़ी मात्रा में जब्त करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्रवाई में फिल्टर्स, कैंडल्स के डीलरों, डिस्ट्रिब्यूटरों, नकली विक्रेताओं, तथा एन्युअल मेनटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट के सेवा प्रदाताओं पर छापेमारी की गई।

# एनआईए कोर्ट ने छठे आरोपी को दोषी ठहराया

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार में एक विशेष राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) अदालत ने पूर्वी चंपारण नकली नोट मामले में छठे आरोपी को दोषी ठहराया है। मुन्ना सिंह (64) को आईपीसी की धारा 120बी और 489 बी और यूएपीए की धारा 16, 18, 20 और 21 के तहत दायर आरोपों में दोषी ठहराया गया है। सजा 11 सितम्बर को सुनाई जाएगी।ढमामला मूल रूप से 19 सितंबर 2015 को दर्ज किया गया था और उसी वर्ष 23 दिसंबर को एनआईए ने इसे जांच अपने हाथों में ले ली थी।

**बिहार नकली नोट मामला**

तब से, एनआईए ने आठ आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है, जिनमें से पांच को पहले ही दोषी ठहराया जा चुका था। अफ़रोज़ अंसारी नाम के व्यक्ति से 5,94,000 रुपये मूल्य के उच्च गुणवत्ता वाले नकली भारतीय मुद्रा नोट की जब्ती से संबंधित मामले में कुल 10 आरोपी शामिल थे। राजस्व खुफिया निदेशालय ने उसे पूर्वी चंपारण के मोतिहारी के रामगढ़वा के पास से पकड़ा था, जब वह नकली नोटों की खेप नेपाल में आगे डिलीवरी के लिए भारत-नेपाल सीमा के पास रक्सौल ले जा रहा था। बाद में इस मामले को एनआईए ने अपने हाथ में ले लिया। जांच के दौरान, एनआईए ने 2016 और 2023 के बीच कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया और आरोप पत्र दायर किया। अक्टूबर 2018 में एनआईए विशेष अदालत द्वारा चार आरोपियों, अफरोज अंसारी, सनी कुमार उर्फ कबीर खान, अशरफुल आलम और अलोमगीर शेख को दोषी ठहराया गया।

## मप्र के नीमच में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा पर हुए पथराव पर बोले कमलनाथ

# अव्यावहारिक चीता प्रोजेक्ट से जनता में गुस्सा

**भोपाल,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के नीमच जिले में भारतीय जनता पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा पर हुए पथराव को लेकर पक्ष-विपक्ष के एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि अव्यावहारिक चीता प्रोजेक्ट के कारण ये क्षेत्र गुस्से से धधक रहा है और कांग्रेस सरकार आने पर स्थानीय किसानों के हित में निर्णय होगा।

कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया कि नीमच-मंदसौर इलाके में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा पर जनता का गुस्सा निकल रहा है। यह भाजपा सरकार पर अविश्वास का एक और उदाहरण है। इस क्षेत्र की जनता पर भाजपा सरकार चीता प्रोजेक्ट की अव्यवहारिक योजना लाद रही है। क्षेत्र के किसान और ग्रामीणों की जमीन बुरी तरह प्रभावित है, पशुओं के चरागाह छीन लिए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये क्षेत्र गुस्से से धधक रहा है, वहीं भाजपा सरकार के लोग सत्ता के नशे में चूर होकर जनभावनाओं की अनदेखी कर रहे हैं। गौरतलब है कि नीमच जिले के मनासा



सत्ता के नशे में चूर होकर जनभावनाओं की अनदेखी कर रही सरकार : कमलनाथ

क्षेत्र में गत दिनों जन आशीर्वाद यात्रा के काफिले पर कुछ लोगों ने हंगामा करते हुए पथराव कर दिया, जिससे कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि वाहनों में सवार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सुरक्षित हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार रावली कुंडी क्षेत्र में कुछ ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल वाहनों पर पथराव किया। घटनास्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारियों और जवानों ने तुरंत स्थिति को संभालने का प्रयास किया और विशेष वाहन में सवार वरिष्ठ नेताओं को सुरक्षित उतारकर सुरक्षा घेरे में ले लिया। इसके साथ ही हंगामा कर रहे लोगों को वहां से खदेड़ दिया गया। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में वैधानिक कार्रवाई कर आरोपियों की पहचान की जा रही है। बताया गया है कि यात्रा में भाजपा के अनेक क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। पथराव में कुछ वाहनों के कांच टूट गए हैं। पत्थर स्थानीय भाजपा विधायक के वाहन में भी लगा है। पथराव के बाद हुए हंगामे के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। ग्रामीण इस क्षेत्र में कथित चीता प्रोजेक्ट से संबंधित लंबी दीवार बनाने का विरोध कुछ दिनों से कर रहे हैं। पथराव की घटना को इसी मामले से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं मप्र के नीमच जिले में भारतीय जनता पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा के काफिले पर पथराव के मामले पर गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि इसके कारण जानने के लिए विपक्षी नेताओं के पहले के बयान देखने होंगे। मिश्रा ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि यात्रा पर पथराव क्यों हुआ, ये जानने के लिए विपक्षी नेताओं के पहले के बयान देखने पड़ेंगे, सब समझ में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पहले ही कह चुके थे कि यहां मणिपुर जैसा पथराव हो सकता है, इस तरह वे उकसाने का काम कर रहे थे। दिग्विजय सिंह हरियाणा के नूंह का उदाहरण दे चुके थे। ये भी उकसावे वाला काम था।

### कांग्रेस सरकार आने पर होगा स्थानीय किसानों के हित में निर्णय

पूर्व मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर स्थानीय किसानों के हित में निर्णय होगा। कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से अनुरोध किया कि हालात पर तुरंत संज्ञान लेते हुए चीता प्रोजेक्ट की वजह से जमीन से वंचित हो रहे पशुपालकों और किसानों को राहत दें।

# एनडीए में आपसी तालमेल कायम रखने को बनेगा प्रवक्ताओं का पैनल

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली,**6 सितम्बर (देशबन्धु)। नवगठित इंडिया गठबंधन में मीडिया और संचार को लेकर पैनल बनाए जाने के बाद अब भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए गठबंधन में भी प्रवक्ताओं का पैनल बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ताकि सभी सहयोगी दलों के प्रवक्ता एक मुद्दे पर एक स्वर में एक समान राय रख सकें। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर इंडिया और एनडीए गठबंधन ने अपनी-अपनी तैयारियां तेज कर दी है। इंडिया गठबंधन ने हाल ही में मीडिया और संचार को लेकर एक पैनल गठित किया था। अब उसी दिशा में एनडीए के दल भी बढ़ रहे हैं। इसका खास मकसद तमाम सहयोगी दलों के बीच समसामयिक मुद्दों पर एक राय बनाना और एक स्वर में बयान देना है। इसको लेकर बीते 31 अगस्त को पार्लियामेंट एनेक्सी में एनडीए के सभी सहयोगी दलो के प्रवक्ताओं को मीडिया और संचार के मुद्दे पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सहयोगी दलों को मिलाकर कुल 72 प्रवक्ता मौजूद रहे। सूत्र बताते हैं कि इस बैठक में निर्णय लिया गया कि भाजपा मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी की अगुवाई में 11 एनडीए प्रवक्ताओं का पैनल गठित होगा। इसमें भाजपा की ओर से पांच प्रवक्ता अनिल बलूनी, सुधांशु त्रिवेदी, गौरव भाटिया, शहजाद पूनावाला और संबित पात्रा शामिल रहेंगे। जबकि सहयोगी दल एनसीपी से बृजमोहन श्रीवास्तव, एलजेपी (रामविलास) से धीरेंद्र कुमार मुन्ना सहित चार अन्य प्रवक्ताओं को शामिल किया जाएगा। बताया जा रहा है कि एनडीए के दलों की संख्या को देखते हुए यह संख्या 21 तक भी जा सकती है। बेहतर सामंजस्य बनाने के लिए इन प्रवक्ताओं एक वाट्सअप ग्रुप बनाया जाएगा और इन सभी समय-समय पर बैठक भी होती रहेगी।

# असम में मारपीट के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार

**गुवाहाटी,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। असम के कछार जिले में चोरी के संदेह में 19 वर्षीय किशोर पर हमला करने के आरोप में एक भाजपा नेता को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार यह घटना 14 अगस्त को हुई और इसका एक वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया। पुलिस के मुताबिक पीड़ित के परिवार ने एफआईआर दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी की गई। आरोपी मनोज साहू कछार जिले के धोलाई विधानसभा क्षेत्र में एक पंचायत अधिकारी है। 14 अगस्त की दोपहर को साहू ने कथित तौर पर पीड़ित अजय री को एक दुकान के सामने बंधक बना लिया और उसके साथ मारपीट की। सोमवार को अजय की मां चंदा ने एफआईआर दर्ज कराई, जिसके बाद साहू के खिलाफ मामला खोला गया। पुलिस के मुताबिक पीड़ित को गंभीर हालत में सिलचर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेजा गया और बाद में छुट्टी दे दी गई। अधिकारी ने कहा, लड़के को अस्पताल से छुट्टी मिलने के तुरंत बाद उसकी मां ने शिकायत दर्ज की, और घटना का एक वीडियो भी उसी समय सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया था।

# पलामुरु रंगारेड्डी लिफ्ट परियोजना का शुभारंभ करेंगे के. चंद्रशेखर राव

## योजना से दक्षिण तेलंगाना के गांवों को पीने का पानी उपलब्ध होगा

**हैदराबाद,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव पलामुरु रंगारेड्डी लिफ्ट परियोजना का इस महीने की 16 तारीख को शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री केसीआर नरलापुर में इसका शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री केसीआर कृष्णम्मा की विशेष पूजा करेंगे। पलामुरु रंगारेड्डी लिफ्ट योजना से दक्षिण तेलंगाना के गांवों को पीने का पानी और सिंचाई जल उपलब्ध होगा। उसी दिन एक विशाल सार्वजनिक सभा आयोजित की गई है। इस कार्यक्रम में पलामुरु रंगा रेड्डी जिलों के गांवों से लोग और गांव के सरपंच भाग लेंगे। गांव के सरपंच इस महीने की 17 तारीख को संयुक्त महबूब नगर रंगा रेड्डी जिलों के हर गांव में कृष्णम्मा का जल कलश में ले जाएंगे और देवताओं के चरणों का अभिषेक करेंगे। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि हमें गांवों के मंदिरों में पलामूरू के जल से भगवान के चरणों का अभिषेक करना चाहिए और पलामूरू रंगा रेड्डी उत्थान योजना को पूरा करने के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। भगवान की कृपा और इंजीनियरों के प्रयास से, पलामुरु लिफ्ट योजना बाधाओं को दूर कर मूर्त रूप ले चुकी है। मुख्यमंत्री ने पलामुरु रंगा रेड्डी उत्थान के प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के अधिकारियों और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को शुभकामनाएं दी।



समीक्षा बैठक में मंत्रियों, सांसदों, एमएलसी, विधायकों, मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी, सिंगरेड्डी निरंजन रेड्डी, वी. श्रीनिवास गौड़, सत्यवती राठौड़, सांसद रंजीत रेड्डी, पोटागंती रामुलु, मन्ने श्रीनिवास रेड्डी, एमएलसी वाणीदेवी, मधुसूदनचारी, देशपति श्रीनिवास, जीवन रेड्डी, कोप्पुला महेश रेड्डी, सरकार की मुख्य सचिव शांति कुमारी आदि ने भाग लिया।


चिंता | झारखंड में कहर बरपा रहा डेंगू व चिकनगुनिया

# जमशेदपुर व रांची में मच्छर जनित बीमारियों के सर्वाधिक मरीज

**रांची, 6 सितम्बर (एजेंसियां)। झारखंड में डेंगू और चिकनगुनिया कहर बरपा रहा है। पूरे राज्य में इस साल अब तक डेंगू के 584 और चिकनगुनिया के 223 मरीज चिन्हित किए गए हैं। एक दर्जन से ज्यादा जिले डेंगू और कम से कम दस जिले चिकनगुनिया की चपेट में हैं। जमशेदपुर में डेंगू के मरीजों की संख्या सर्वाधिक 475 है, जबकि रांची दूसरे स्थान पर है।**

यहां एक मरीज की मौत हो चुकी है। रांची में डेंगू के 56 और चिकनगुनिया के 72 मरीज चिन्हित किए गए हैं। यह आंकड़ा भी मैक एलाइजा टेस्ट का है। इनमें से 75 से 80 मरीज ऐसे हैं जिनकी एंटीजन टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

इलाज करा रहे मरीजों के लिए प्लेटलेट्स की कमी हो गई है। रांची के रातू रोड, बरियातू, इंद्रपुरी, कुम्हार टोली, मधुकम, चुटिया और वर्द्धमान कंपाउंड में डेंगू के कई ऐसे मरीज हैं, जो घर में ही इलाज करा रहे हैं। हेल्थ डिपार्टमेंट के आंकड़ों के अनुसार रांची में जनवरी से अगस्त तक 786 लोगों की डेंगू और चिकनगुनिया की जांच की गई है। वहीं, दो ऐसे मरीज हैं जिन्हें डेंगू और चिकनगुनिया दोनों है। रिम्स में 77 डेंगू पीड़ितों का इलाज चल रहा है। सरकारी के साथ-साथ निजी लैब में हो रही जांच में डेंगू के मामले सामने आ रहे हैं।



### ■ मांग के मुताबिक नहीं मिल रहे प्लेटलेट्स

राज्य के वेक्टर बोर्न डिजीज के एसपीओ डॉ बीके सिंह ने बताया कि झारखंड में डेंगू के सबसे अधिक मरीज पूर्वी सिंहभूम में हैं। डेंगू और चिकगुनिया के बढ़ते मामले को देखते हुए राजधानी रांची में प्लेटलेट्स की मांग में इजाफा हुआ है। हर दिन लगभग 10 यूनिट प्लेटलेट्स की जरूरत रांची में है। आंकड़ों के मुताबिक जुलाई में जहां प्लेटलेट्स की जरूरत 96 यूनिट थी, वह अगस्त से लेकर अब तक 252 यूनिट हो गयी है। रांची के 18 ब्लड बैंकों में 11 में एक यूनिट भी प्लेटलेट्स उपलब्ध नहीं हैं। वहीं 7 निजी ब्लड बैंकों में 66 यूनिट प्लेटलेट्स उपलब्ध हैं। हालांकि यहां भी समय पर प्लेटलेट्स मिल जायेगा, इसकी गारंटी नहीं है। रिम्स के फिजिशियन डॉ सीबी शर्मा ने बताया कि रिम्स की ओपीडी में हर दिन 120 से ज्यादा मरीज डेंगू या इसके समान लक्षण लेकर पहुंच रहे हैं। जांच लिखने पर भी जांच कराने से कतराते हैं। 2-3 दिन में रिपोर्ट के साथ रिव्यू के लिए बुलाने पर भी नहीं आते। ओपीडी में ऐसे रोगी भी पहुंच रहे हैं, जिन्हें 7 दिन से अधिक समय से बुखार है। वहीं, यहां भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। मच्छर जनित बीमारियों की बढ़ी संख्या को देखते हुए राजधानी रांची के सरकारी अस्पतालों में अलग विशेष व्यवस्था की गई है। रिम्स और सदर अस्पताल में डेंगू पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए अलग से व्यवस्था की गई है।

रिम्स में जहां 50 बेड की व्यवस्था है, वहीं सदर अस्पताल में 36 बेड की व्यवस्था की गई है। साथ ही डेंगू से बचाव के लिए वेक्टर जनित रोग राज्य कार्यक्रम की ओर से जिलों को गाइड लाइन जारी कर दिया गया है।

**उल्टा पुल्टा**

बेटा (अपनी मां से) : मम्मी, आज मेरे दोस्त घर आ रहे हैं। प्लीज मेरे सारे खिलौने आपकी अलमारी में छुपा दो।
मम्मी : क्यों, क्या तुम्हारे सारे दोस्त चोर हैं?
बेटा : नहीं, वे अपनी चीजें पहचान लेंगे!!

# बदरपुर खादर में बनेगा स्कूल, विकसित होगा वन

**नई दिल्ली,**6 सितम्बर (देशबन्धु)। बदरपुर खादर क्षेत्र में स्कूल बनाने व वन क्षेत्र विकसित किया जाएगा। साथ ही पूर्वी भारत के तरफ से नई दिल्ली आने वाले ट्रेन की सेवाओं को सुधारने के लिए आनंद विहार से तिलक ब्रिज रेलवे स्टेशन तक तीसरी और चौथी रेलवे लाइन बिछाई जाएगी। इसके लिए दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के.सक्सेना ने क्षेत्र में 220 एकड़ भूमि के आबंटन व उपयोग को मंजूरी दी है। इस भूमि का उपयोग शिक्षा विभाग, दिल्ली जल बोर्ड और पर्यावरण एवं वन विभाग करेगा। यह भूमि उत्तर-पूर्वी जिले के बदरपुर खादर गांव में ग्राम सभा की जमीन है। बता दें कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने मार्च में उपराज्यपाल को पत्र लिखकर क्षेत्र में स्कूलों की कमी का मामला उठाया था। साथ ही कहा था कि स्कूल और स्टेडियम के निर्माण के लिए भूमि आबंटित की जानी चाहिए। सांसद की मांग के बाद उपराज्यपाल ने राजस्व विभाग से संबंधित विभागों को 99 वर्षों की लीज के आधार पर मुफ्त में जमीन आवंटित करने का निर्देश दिया है।

### उपराज्यपाल ने जताई नाराजगी

उपराज्यपाल ने भूमि के आबंटन सहित भूमि के अंतर-विभागीय आबंटन के लिए अगले 6 माह में एक समान नीति का मसौदा तैयार करने का निर्देश दिया था, जो कि अब तक नहीं हुआ। इसपर एलजी ने नाराजगी जताते हुए विभाग को समान नीति का मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया है।



- उपराज्यपाल ने दी 220 एकड़ भूमि के आवंटन व उपयोग को मंजूरी
- स्कूल के साथ विकसित होगा आरओ प्लांट, पौधारोपण व प्रतिपूरक वनरोपण
- आनंद विहार से तिलक ब्रिज रेलवे स्टेशन तक बिछाई जाएगी तीसरी व चौथी रेल लाइन

### 12 एकड़ में बनेगा स्कूल

क्षेत्र में स्कूल के निर्माण के लिए शिक्षा विभाग को 12.39 एकड़ भूमि आवंटित की जाएगी और उस खसरे में शेष 32 एकड़ भूमि गांव में भविष्य में होने वाली विकास की आवश्यकताओं के लिए रखी जाएगी। वहीं आर.ओ प्लांट लगाने के लिए दो अलग-अलग खसरों में से प्रत्येक में 0.12 एकड़ भूमि का आबंटन दिल्ली जल बोर्ड को किया गया है। वहीं विभिन्न खसरों में 175.5 एकड़ की शेष भूमि पर्यावरण और वन विभाग को आबंटित किया है। इस बंजर भूमि का उपयोग उत्तर रेलवे की दिल्ली में आनंद विहार से तिलक ब्रिज रेलवे स्टेशन तक तीसरी और चौथी रेलवे लाइन परियोजना के लिए आवश्यक प्रतिपूरक वनीकरण के लिए किया जाएगा। शेष 130 एकड़ की भूमि के संबंध में, पर्यावरण और वन विभाग और दिल्ली विकास प्राधिकरण को इन पार्सल पर प्रतिपूरक वनीकरण, वृक्षारोपण करने के लिए 65-65 एकड़ 50-50 प्रतिशत भूमि आबंटित की जाएगी।

## पार्कों व नालियों की नियमित साफ सफाई हो सुनिश्चित : शैली ओबरॉय



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर नगम की आप सरकार पार्कों और नालियों की साफ सफाई को लेकर सख्त हो गई है। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने निर्देश दिए हैं कि पूरी दिल्ली में पार्कों और नालियों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा अगले साल बारिश में जलभराव न हो, इसके लिए जल निकासी की स्थायी व्यवस्था तैयार की जाए। मेयर डॉ.शैली ओबेरॉय ने वार्ड 184 जैतपुर का निरीक्षण किया पार्षद हेमा वोहरा के साथ सबसे पहले ज्ञान मंदिर रोड एवं जैतपुर गांव की प्रमुख सड़कों का दौरा किया। इस दौरान स्थानीय लोगों से बातचीत की और ग्रामीणों की समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान लोगों ने बताया कि ज्ञान मंदिर रोड के निवासियों को वर्षा के दौरान फ्लडिंग व भारी जल भराव का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि वर्षा के दौरान नालियां व सीवर ओवरफ्लो करने लग जाती है। इसके अलावा नालियां टूटी पड़ी हैं और पार्कों की समय पर सफाई नियमित नहीं होती है। लोगों की समस्या को लेकर मेयर ने अधिकारियों से इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। मेयर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नालियों व सड़कों की साफ-साफई नियमित की जाए। पूरी दिल्ली में पार्कों और नालों की नियमित सफाई की जाए। सड़क पर पड़े कचरे का समय पर निस्तारण होना चाहिए। क्षेत्र में जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड से जल्द से जल्द सीवर लाइन बिछवाने का काम करवाया जाएगा।

## दिल्ली नगर निगम का यह कैसा शिक्षक दिवस : नाजिया दानिश

### सर्वपल्ली राधाकृष्णन की उपलब्धियों की नहीं की चर्चा



**नई दिल्ली,**6 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता कांग्रेस दल नाजिया दानिश ने दिल्ली नगर निगम द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान कार्यक्रम पर निगम और महापौर पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को क्रांति का दूत बताने वाले कार्यक्रम में शामिल सभी गणमान्य लोगों ने इस अवसर पर अपनी पीठ थपथपाने में कोई कमी नहीं छोड़ी। ये सभी गणमान्य अधिकारी पूर्व राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उनकी ही उपलब्धियों की चर्चा करने से अचूके रह गए। इसमें कोई दो राय नहीं कि डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक दार्शनिक और अध्यापक रहे हैं। देश को आगे ले जाने में डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### शिक्षकों को बधाई दी

इस मौके पर ओखला समेत न्यू फ्रेंडस कॉलोनी शिक्षकों को सम्मानित होने पर नाज़िया दानिश ने बधाई दी। जिसमें वार्ड नम्बर 189 के ओखला क्षेत्र के एमसीडी इंगलिश मीडिम की प्रधानाचार्य नुजहत फातिमा, उर्दू की मीडियम की अध्यापिका रुबीना, जाकिर नगर उर्दू की प्रधानाचार्य असमा, वार्ड नम्बर 186 आली गांव स्कूल के प्रधानाचार्य मो.नासिर, वार्ड नम्बर 174 न्यू फ्रेंडस कालोनी की गजाला जमीर, यासमीन बेगम समेत अध्यापिका कवलप्रीत कौर ने कार्यक्रम में शिरक्त की। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि हमारे जोन में शामिल वार्ड नम्बर 174 की अध्यापिका उजमा उस्मानी को एमसीडी टीचर्स अवार्ड से नवाजा गया।

**सार संक्षेप**

### यतींद्र ने पावरग्रिड के निदेशक कार्मिक के रूप में किया पदभार ग्रहण



**नई दिल्ली।** डॉ.यतींद्र द्विवेदी ने पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के निदेशक कार्मिक का पदभार ग्रहण किया है। निदेशक कार्मिक के रूप में पद संभालने से पहले, उन्होंने कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन के रूप में गतिशील कारोबारी माहौल में चुनौतीपूर्ण तथा प्रमुख कार्यों को कुशलता से निष्पादित किया। उन्हें 33 वर्षों से अधिक का अनुभव है जिसमें उन्होंने मानव संसाधन रणनीति को व्यवसाय के साथ जोड़ने और संगठन के विकास को संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ.द्विवेदी उत्कृष्ट क्रॉस फंक्शनल ज्ञान, उच्च कौशल तथा नीति निर्माण, मानव संसाधन प्रक्रिया री-इंजीनियरिंग और अन्य संगठनात्मक विकास पहलों में अनुभवी हैं। डॉ. द्विवेदी ने हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के साथ अपनी व्यावसायिक यात्रा शुरू की और 1993 में पावरग्रिड में शामिल हुए।

### कवर ग्लास पार्ट्स का निर्माण करने के लिए संयुक्त उद्यम की घोषणा

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी दूरसंचार एवं विनिर्माण समूह ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम लिमिटेड और मोबाइल कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एप्लीकेशंस के लिए ग्लास एवं ग्लास सेरामिक मैटेरियल्स में विश्व की अग्रणी नवप्रवर्तक कंपनी कॉर्निंग इंटरनेशनल कॉरपोरेशन ने मोबाइल कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के लिए उच्च गुणवत्ता के तैयार कवर ग्लास पार्ट्स का निर्माण करने के उद्देश्य से भारत की पहली विनिर्माण इकाई लगाने के लिए एक संयुक्त उद्यम की घोषणा की। नवप्रवर्तन और प्रौद्योगिकीय उत्कृष्टता की साझा प्रतिबद्धता को लेकर ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम और कॉर्निंग का यह संयुक्त उद्यम, भारत सरकार की मेक इन इंडिया की पहल को मजबूती प्रदान करते हुए भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पारितंत्र का विस्तार करने में मदद करेगा। इस संयुक्त उद्यम के तहत इन कंपनियों का रणनीतिक लक्ष्य भारत में एक विश्वस्तरीय विनिर्माण इकाई स्थापित करना है जो अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और प्रक्रियाओं से लैस होगी।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सदर बाजार क्षेत्र में निकाली जाएंगीं झांकियां

**नई दिल्ली।** पूर्व महापौर जयप्रकाश ने आज बताया कि सदर बाजार क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाएगा 37 महोत्सव। उन्होंने बताया कि जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य झांकी निकाली जाएंगी जिसमें जी-20 की झांकी एक आकर्षण का केंद्र होगी। जयप्रकाश ने बताया कि जी-20 की अध्यक्षता देश के लिए गर्व की बात है और यह वैश्विक शिखर सम्मेलन विश्व पर भारत की छाप छोड़ने वाला है और आने वाले दशक को भारत के दशक में बदलने का माध्यम बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह वैश्विक स्तर पर देश की संस्कृति को प्रदर्शित करने का यह एक बेहतरीन मंच है। देश आज विश्व की सबसे बड़ी शक्तियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है जिससे देश का हर नागरिक गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने बताया कि भारत के लिए जी-20 सम्मेलन विश्व पटल पर छाने का एक सुनहरा अवसर है। इसी क्रम में जन्माष्टमी महोत्सव के दौरान सदर बाजार क्षेत्र में जी-20 की भव्य झांकी निकाली जाएगी।

### नाम परिवर्तन

मैं, जमील अहमद सुपुत्र श्री ज़हूर मेरी पत्नी नाम हुमैरा खान, निवासी सीएन 10, मस्जिद परिसर, नजदीक रियान इंटरनेशनल स्कूल, महिपालपुर, रंगपुरी नई दिल्ली-37 घोषणा करता हूं कि मेरा नाम गलत जानकारी के कारण सरकारी दस्तावेजों और स्कूल सर्टिफिकेटों में जमील अहमद खान और मेरी पत्नी का नाम हुमैरा खातून लिख गया है, भविष्य में मुझे जमील अहमद व पत्नी को हुमैरा खान के नाम से जाना जाए।

## आईएएस अधिकारी ने बांटी कॉपी-किताबें



**नई दिल्ली,**6 सितम्बर (देशबन्धु)। एक आईएएस अधिकारी का जीवन काफी चुनौतीपूर्ण होता है, उनसे काफी जिम्मेदारियां निभाने की भी उम्मीद की जाती है। एक ऐसी ही आईएएस हैं सोनल गोयल जिन्होंने न सिर्फ अपनी जिम्मेदारियां को बखूबी निभाया बल्कि व्यक्तिगत स्तर पर समाज के लिए इतना काम किया है, कि आज हर कोई उन्हें उनके कामों से जानता है। सोनल गोयल ने हाल ही में आईएएस अधिकारी के रूप में अपनी सेवा के 15 साल पूरे किए हैं। इस मौके पर सोनल गोयल ने रोहिणी में सर्व हितम् मानव सेवा संस्थान एवं बढ़ते कदम फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित एक डोनेशन ड्राइव में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

सोनल ने बच्चों को पढ़ने के लिए ढेर सारी कॉपी-किताबें बांटी। किताबें पाकर बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने बच्चों के साथ काफी समय बिताया और उनके सभी सवालों के जवाब भी दिए।

### बच्चों का किया उत्साहवर्धन

कार्यक्रम के दौरान आईएएस सोनल गोयल ने बच्चों से पूछा कि वो बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं। बच्चों ने बेहद उत्साह दिखाते हुए उन्हें बताया की वो डॉक्टर, साइंटिस्ट और इंजीनियर आदि बनना चाहते हैं। वहां मौजूद कई बच्चे सोनल गोयल की तरह आईएएस बनना चाहते थे। उन्होंने बच्चों का खूब उत्साहवर्धन किया जिससे बच्चे काफी प्रभावित दिखे। कार्यक्रम के अंत में सोनल ने बच्चों के साथ फोटोज भी खिंचवाईं और उन्हें खाने-पीने की चीजें भी बांटी। सोनल गोयल ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से अपनी ग्रैजुएशन पूरी की। ग्रेजुएशन के तीसरे साल में उन्हें सिविल सेवा परीक्षा के बारे में जानकारी मिली थी।



नई दिल्ली में जन्माष्टमी पर्व पर रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया मंदिर मार्ग पर स्थित बिड़ला मंदिर। फोटो इम्तियाज खान

## स्वास्थ्य विभाग व डॉक्टर वेलफेयर एसोसिएशन की हुई बैठक



**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य केंद्र टॉप गली चौहान बांगर सीलमपुर दिल्ली में बच्चों के टीकाकरण प्रोत्साहन, जागरुकता अभियान, पोलियो उन्मूलन अभियान तथा खसरा जैसी जानलेवा बिमारी के प्रति आम लोगों में जागरुकता फैलाना के लिए दिल्ली डॉक्टर्स वैलफेयर असोसिएशन की टीम के साथ विषेश मीटिंग हुई। जिसकी अध्यक्षता डीडब्ल्यूए के अध्यक्ष डॉक्टर सय्यद एहतेशाम ने की। मीटिंग में बोलते हुए दिल्ली स्वास्थ्य विभाग के डीआईओ डॉक्टर पीयूष ने कहा कि दिल्ली सरकार का स्वास्थ्य विभाग आम लोगों विशेष तौर पर बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर बहुत ही सजग है। एसोसिएशन के महासचिव डॉक्टर फहीम बाग ने अपना सुझाव रखते हुए कहा कि केंद्रीय व दिल्ली सरकार द्वारा गर्भवती माता और बच्चों आदि के लिए जो योजनाएं जैसे मातृ सुरक्षा आदि योजनाएं आपके स्वास्थ्य केंद्र और आंगनबाड़ी द्वारा आम जनता तक पहुंचानी चाहिए। मीटिंग में डॉक्टर सैयद एहतेशाम, डॉक्टर खुर्शीद आलम, डॉक्टर फहीम बेग, डॉक्टर नासिर अली, डॉक्टर नसीम अहमद, डॉक्टर कासमी, डॉक्टर नकी अहमद, डॉक्टर लाइक अहमद, मोहम्मद शाहिद, रमाकांत शर्मा, राजेश कुमार और एसोसिएशन के सदस्यों ने भाग लिया।

**महत्वपूर्ण सूचना**

G20 Summit 2023 के सुरक्षा प्रबंधों के मद्देनजर दिनांक 03.09.2023 व 04.09.2023 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित 'ट्रेन्स हैंडलिंग प्लान' संबंधी सार्वजनिक सूचना में आंशिक संशोधन के साथ निम्नलिखित रेलगाड़ियों के निरस्तीकरण की तिथियों में परिवर्तन किया गया है, जो निम्नानुसार है:-

- रेलगाड़ी सं. 14023 दिल्ली – कुरूक्षेत्र जं. एक्सप्रेस 09.09.2023 एवं 14024 कुरूक्षेत्र जं. – दिल्ली एक्सप्रेस 10.09.2023 को निरस्त की गई थी। अब 14024 को 09.09.2023 एवं 14023 को 10.09.2023 को निरस्त पढ़ा जाए।
- रेलगाड़ी सं. 04283 दिल्ली जं. – रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल 10.09.2023 एवं 11.09.2023 को निरस्त की गई थी। अब 04283 दिल्ली जं. – रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल को 09.09.2023 एवं 10.09.2023 को निरस्त पढ़ा जाए।
- रेलगाड़ी सं. 04286 रेवाड़ी – दिल्ली जं. एक्सप्रेस स्पेशल 10.09.2023 एवं 11.09.2023 को निरस्त की गई थी। अब 04286 दिल्ली जं. – रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल को 09.09.2023 एवं 10.09.2023 को निरस्त पढ़ा जाए।

नोट : अन्य विवरण पूर्ववत रहेगा।

रेलयात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए हमें खेद है।

रेलयात्रियों को परामर्श दिया जाता है कि दिनांक 08, 09 और 10 सितम्बर 2023 को रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 अथवा NTES App पर रेलगाड़ियों की स्थिति देखकर अपनी यात्रा प्लान करें।

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें | आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**महत्वपूर्ण सूचना**

G20 Summit 2023 के सुरक्षा प्रबंधों के मद्देनजर दिनांक 03.09.2023 व 04.09.2023 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित 'ट्रेन्स हैंडलिंग प्लान' संबंधी सार्वजनिक सूचना में आंशिक संशोधन के साथ निम्नलिखित रेलगाड़ियों के निरस्तीकरण की तिथियों में परिवर्तन किया गया है, जो निम्नानुसार है:-

- रेलगाड़ी सं. 14023 दिल्ली – कुरूक्षेत्र जं. एक्सप्रेस 09.09.2023 एवं 14024 कुरूक्षेत्र जं. – दिल्ली एक्सप्रेस 10.09.2023 को निरस्त की गई थी। अब 14024 को 09.09.2023 एवं 14023 को 10.09.2023 को निरस्त पढ़ा जाए।
- रेलगाड़ी सं. 04283 दिल्ली जं. – रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल 10.09.2023 एवं 11.09.2023 को निरस्त की गई थी। अब 04283 दिल्ली जं. – रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल को 09.09.2023 एवं 10.09.2023 को निरस्त पढ़ा जाए।
- रेलगाड़ी सं. 04286 रेवाड़ी – दिल्ली जं. एक्सप्रेस स्पेशल 10.09.2023 एवं 11.09.2023 को निरस्त की गई थी। अब 04286 दिल्ली जं. – रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल को 09.09.2023 एवं 10.09.2023 को निरस्त पढ़ा जाए।

नोट : अन्य विवरण पूर्ववत रहेगा।

रेलयात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए हमें खेद है।

रेलयात्रियों को परामर्श दिया जाता है कि दिनांक 08, 09 और 10 सितम्बर 2023 को रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 अथवा NTES App पर रेलगाड़ियों की स्थिति देखकर अपनी यात्रा प्लान करें।

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें | आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्धनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेक्टर-घोड़ी बछेड़ा की प्रस्तावित आबादी में आवटन संख्या-जी.एच.डी0126ए भूखण्ड संख्या-2बी क्षेत्रफल-1250 वर्ग मीटर को आवंटित श्री इन्द्राज सिंह पुत्र श्री मिट्ठन, निवासी-ग्राम-घोड़ी बछेड़ा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० को आवंटित किया गया था। आवंटी श्री इन्द्राज सिंह पुत्र श्री मिठन की मृत्यु के उपरान्त इनके वसियती श्री धीरज पुत्र स्व० श्री इन्द्राज सिंह, निवासी-ग्राम-घोड़ी बछेड़ा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 द्वारा अपने पक्ष में नामातरण करने हेतु रजि० वसीयत के आधार पर नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त प्रस्तुत वसीयत की यही संख्या-3, जिल्द संख्या-361, पृष्ठ संख्या-257 से 276 पर कमांक 1627 दिनांक 09.12.2021 को उप निबन्धक दादरी जिला-गीतमबुद्धनगर, उ०प्र० के कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। अतः इस नामांतरण के संबध में किसी का कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो मे पर श्री धीरज पुत्र स्व० श्री इन्द्राज सिंह, निवासी-ग्राम-घोडी बछेडा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० का नाम आवंटी के रूप दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्धनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सैक्टर/ग्राम-बिरौण्डी चकसेनपुर की प्रस्तावित आबादी में आरक्षित भूखण्ड क्षेत्रफल -144.50 वर्ग मीटर सर्वश्री खेमचन्द, महिपाल, रतन सिंह, उदयवीर सिंह पुत्रगण रूमाल व श्री बुद्ध पुत्र श्री ननुआ, निवासी ग्राम-बिरौण्डी चकसेनपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० को आरक्षित किया गया था। सहःआवंटी श्री बुद्ध पुत्र श्री ननुआ की मृत्यु के उपरात इनके वारिसान सर्वश्री मनोज कुमार, अनोज कुमार पुत्रगण स्व0 श्री बुद्ध सिंह, श्रीमती उर्मिला विवाहित, श्रीमती शिमला विवाहित पुत्रीगण स्व0 श्री बुद्ध सिंह, निवासी ग्राम बिरौण्डी चकसेनपुर, ग्रेटर नोएडा जिला-गौतमबुद्धनगर उ0प्र0 में से सर्वश्री मनोज कुमार, अनोज कुमार पुत्रगण स्व0 श्री बुद्ध सिंह, निवासी ग्राम-बिरौण्डी चकसेनपुर ग्रेटर नोएडा, जिला गौतमबुद्धनगर उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके वारिस सर्वश्री मनोज कुमार, अनोज कुमार पुत्रगण स्व0 श्री बुद्ध सिंह, निवासी-ग्राम बिरौण्डी चकसेनपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर उ0प्र0 के पक्ष में आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**उत्तर रेलवे**

G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | |
|---|---|
| एन.आई.टी. | 19-B, C, D, E, F & G-2023-24-W5 |
| काम का नाम (स्थान के साथ) | B. 30.06.2024 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली सराय रोहिल्ला के अधीन एस०एस०ई०/डब्ल्यू/गुड़गांव के अनुभाग में स्टाफ क्वार्टर्स एवं सेवा भवन की मरम्मत और रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र का कार्य। **समान कार्य की प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |
| C. वर्ष 2023-24 के लिए सहायक मंडल अभियंता/हज़रत निज़ामुद्दीन के अधीन एस०एस०ई०/पी०वे०/हज़रत निज़ामुद्दीन के अनुभाग में ट्रैक कार्य के रखरखाव के लिए वार्षिक पी०वे० जोन का कार्य। **समान कार्य की प्रकृतिः** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। | |
| D. वरिष्ठ मंडल अभियंता/पंचम के अधीन एस०एस०ई०/पी०वे०/ गुड़गांव के अनुभाग में विविध पी. वे. सामग्री का लीडिंग का कार्य। **समान कार्य की प्रकृतिः** कोई इंजीनियरिंग कार्य या परिवहन कार्य। | |
| E. सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली सराय रोहिल्ला के अधीन एस०एस०ई०/पी०वे०/दिल्ली सराय रोहिल्ला के अनुभाग में DKZ-DEE, DEE-DEC, DEC-PM, PM-BWSN के बीच कूड़ा उठाने और मलबा हटाने का कार्य। **समान कार्य की प्रकृतिः** ट्रैक के अलावा कोई भी सिविल कार्य। | |
| F. वर्ष 2023-24 के लिए सहायक मंडल अभियंता/तुगलकाबाद के अधीन एस०एस०ई०/पी०वे०/तुगलकाबाद के अनुभाग में ट्रैक कार्य के रखरखाव के लिए वार्षिक पी. वे. जोन का कार्य। | |
| G. सहायक मंडल अभियंता/हज़रत निजामुद्दीन के अधीन एस०एस०ई०/ पी०वे०/हज़रत निजामुद्दीन के अनुभाग में कूड़ा उठाने और मलबा हटाने का कार्य। **समान कार्य की प्रकृतिः** ट्रैक के अलावा कोई भी सिविल कार्य। | |
| काम की अनुमानित लागत (रुपये) | B. ₹82,85,390.36 C. ₹84,99,594.04 D. ₹1,80,54,795/- E. ₹79,99,999.32 F. ₹39,99,994.07 G. ₹79,99,831.45 |
| अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा) (**नोटः** रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/ सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा)। B. ₹1,65,700/- C. ₹1,70,000/- D. ₹2,40,300/- E. ₹1,60,000/- F. ₹80,000/- G. ₹1,60,000/- |
| काम की समाप्ति अवधि | B. 9 महीने C. 9 महीने D. 9 महीने E. 9 महीने F. 9 महीने G. 9 महीने |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 29.09.2023 को 15:00 बजे तक तथा 29.08.2023 को 15:00 बजे निविदा खुलना है |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

सं: 128-W/280/OET/2023-24/W-V/NIT-19-B, C, D, E, F & G दिनांक: 05.09.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2773/2023

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्धनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सैक्टर/ग्राम- बिरौण्डी चकसेनपुर की प्रस्तावित आबादी में आरक्षित भूखण्ड क्षेत्रफल -734.30 वर्ग मीटर सर्व श्री खेमचन्द, महिपाल, रतन सिंह, उदयवीर सिंह, पुत्रगण श्री रूमाल व सर्वश्री बुद्ध, लिक्खी पुत्रगण श्री ननुआ, निवासी ग्राम-बिरौण्डी चकसेनपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० को आरक्षित किया गया था। सहःआवंटी सर्वश्री बुद्ध, लिक्खी पुत्रगण श्री ननुआ की मृत्यु के उपरात इनके वारिसान सर्वश्री खेमचन्द, रतन सिंह, महीपाल, उदयवीर पुत्रगण श्री रूमाल व सर्वश्री मनोज कुमार, अनोज कुमार पुत्रगण स्व० श्री बुद्ध सिंह भतीजागण स्व० श्री लिक्खी, श्रीमती उर्मिला (विवाहित), श्रीमती शिमला (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री बुद्ध सिंह भतीजी स्व० श्री लिक्खी, निवासी-ग्राम-बिरौण्डी चकसेनपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से सर्वश्री खेमचन्द, रतन सिंह, महीपाल, उदयवीर पुत्रगण श्री रूमाल व सर्वश्री मनोज कुमार, अनोज कुमार पुत्रगण स्व० श्री बुद्ध सिंह भतीजागण स्व० श्री लिक्खी, निवासी -ग्राम-बिरौण्डी चकसेनपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामातरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके वारिस सर्वश्री खेमचन्द, रतन सिंह, महीपाल, उदयवीर पुत्रगण श्री रूमाल व सर्वश्री मनोज कुमार, अनोज कुमार पुत्रगण स्व० श्री बुद्ध सिंह भतीजागण स्व0 श्री लिक्खी, निवासी-ग्राम-बिरौण्डी चकसेनपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्धनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सैक्टर/ग्राम- बिरौण्डी चकसेनपुर की प्रस्तावित आबादी में आरक्षित भूखण्ड क्षेत्रफल – 322.50 वर्ग मीटर श्री लिक्खी पुत्र श्री ननुआ, निवासी ग्राम-बिरौण्डी चकसेनपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० को आरक्षित किया गया था। आवंटी श्री लिक्खी पुत्र श्री ननुआ की मृत्यु के उपरात इनके वारिसान सर्वश्री खेमचन्द, रतन सिंह, महीपाल, उदयवीर पुत्रगण श्री रूमाल व सर्वश्री मनोज कुमार, अनोज कुमार पुत्रगण स्व० श्री बुद्ध सिंह भतीजागण स्व० श्री लिक्खी, श्रीमती उर्मिला (विवाहित), श्रीमती शिमला (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री बुद्ध सिंह भतीजी स्व० श्री लिक्खी, निवासी-ग्राम- बिरौण्डी चकसेनपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से सर्वश्री खेमचन्द, रतन सिंह, महीपाल, उदयवीर पुत्रगण श्री रूमाल व सर्वश्री मनोज कुमार, अनोज कुमार पुत्रगण स्व० श्री बुद्ध सिंह भतीजागण स्व० श्री लिक्खी, निवासी -ग्राम-बिरौण्डी चकसेनपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामातरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके वारिस सर्वश्री खेमचन्द, रतन सिंह, महीपाल, उदयवीर पुत्रगण श्री रूमाल व सर्वश्री मनोज कुमार, अनोज कुमार पुत्रगण स्व० श्री बुद्ध सिंह भतीजागण स्व0 श्री लिक्खी, निवासी-ग्राम-बिरौण्डी चकसेनपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "पूर्व में भी जिन-जिन जगहों के लिए फ्लाइट हिडन टर्मिनल से उड़ान भर रही थी। टेक्निकल इशू के चलते उनको रोक दिया गया था। लेकिन जल्द ही दोबारा उन सभी जगहों के लिए भी उड़ान भरी जाएगी:-**वीके सिंह, सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री**

# 14 बिल्डरों ने खुलवाए एस्क्रो अकाउंट

## नोएडा प्राधिकरण ने 59 डिफाल्टर बिल्डरों पर बनाया था दबाव

**नोएडा,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। डिफाल्टर 59 बिल्डर से अपना बकाया वसूल करने, अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा कराने, खरीदारों को उनका आशियाना दिलाने को लेकर नोएडा प्राधिकरण ने बिल्डरों पर नकेल कस दी है। लगातार एस्क्रो अकाउंट खोलने का दबाव बना रही है, जिसमें अब तक 14 बिल्डरों ने एस्क्रो अकाउंट खोल दिए है। करीब 6 बिल्डर आगामी तीन से चार दिनों में ही खाता खोल देंगे। एसीईओ प्रभाष कुमार ने बताया कि 20 बिल्डरों के एस्क्रो अकाउंट खोलने के बाद डिफाल्टर बिल्डरों पर नकेल कस ली जाएगी, क्योंकि रेरा नियमों के हिसाब से अकाउंट में जमा होने वाली राशि का 30 प्रतिशत सिर्फ बिल्डर परियोजना के लिए निकाल सकेगा। जबकि बाकी 70 प्रतिशत का 70 प्रतिशत करीब कुल जमा राशि का 49 प्रतिशत प्राधिकरण के खाते में आने लगेगा, जिसके बाद प्राधिकरण के पास बकाया राशि वापस आनी शुरू हो जाएगी। वैसे यदि कोई प्रोजेक्ट अभी तक शुरू नहीं हुआ है तो उसका आवंटन रद कर देना चाहिए। लीज डीड के अनुसार जमा राशि में कटौती करने के बाद, शेष धनराशि को एस्क्रो खाते में रखा जाना चाहिए और आनुपातिक राशि प्रभावित घर खरीदारों को लौटा दी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि खरीदारों की सहूलियत के लिए नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण छह सूत्रीय कार्ययोजना पर काम करने जा रहा है। इसमें उन बिल्डर योजनाओं के आवंटन रद किया जाएगा, जिनका निर्माण अभी तक शुरू नहीं हो सका है। को-डेवलपर्स के जरिये आंशिक परियोजना को पूरा करने की अनुमति देना। आंशिक परियोजनाओं को सरेंडर करने के विकल्प देना, गैर-अनुपालन वाली परियोजनाओं को रद करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, योजना में ज्यादा बकाया होने पर उसको पुनर्निर्धारित करना शामिल है। इसके बाद भी बिल्डर नहीं मानते तो रिकवरी सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा।

- **बकाया वसूल करने के लिए अकाउंट से 49 प्रतिशत राशि प्राधिकरण के खाते में आएगी**

### इन 14 बिल्डरों ने खुलवाया एस्क्रो खाता

- इंपीरियर हाउसिंग वेंचर प्राइवेट लिमिटेड
- पारस सीजन हेवन प्राइवेट लिमिटेड
- ओमेक्स बिल्डवेल लिमिटेड
- प्रतीक रियल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड
- प्रतीक बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड
- प्रतीक इंफ्राप्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड
- प्रतीक रियलटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
- कैपिटल इंफ्राप्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड
- आईआईटीएल निबंस द हाइड पार्क
- जेएम इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड
- जेएम हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड
- गुलशन होम्ज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड
- पेरामाउंट प्रो बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड

### प्राधिकरण का आईटी सिस्टम होगा अपग्रेड

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण आईटी सिस्टम को अपग्रेड करने जा रहा है। इसके तहत बिल भुगतान प्रक्रिया में बदलाव होगा। जो फाइल पहले आएगी, उसी की प्रक्रिया होगी। अधिकारी ऑनलाइन फाइल का मूवमेंट जान सकेंगे। प्राधिकरण के काम से जुड़ी मेजरमेंट बुक ऑनलाइन होगी। प्राधिकरण के सिविल, उद्यान, जनस्वाथ्य, ट्रैफिक सेल, बिजली समेत अन्य सभी विभागों से जुड़े काम के बिल का भुगतान वित्त विभाग के सेंट्रल एकाउंट से किया जाता है। किसी कंपनी को काम मिलने के बाद उसकी एंट्री प्रोजेक्ट मॉनीटीरिंग सिस्टम पर की जाती है। यह एंट्री ऑफलाइन की जाती है। जब ठेकेदार काम समाप्त होने या बीच में बिल उस विभाग के वित्त विभाग में देता है तब वह ऑनलाइन एंट्री करते हैं। इसके बाद यह डाटा प्राधिकरण के सेंट्रल एकाउंट में पहुंचता है। कौन से काम का बिल पहले आया और कौन सा बाद में, यह अभी किसी को पता नहीं चल पाता है। इससे व्यवस्था पर सवाल उठते हैं। बताया जाता है कि यहां पर जिस विभाग या ठेकेदार के संबंध रहते हैं, वह अपने बिल की फाइल को मंजूर करा लेता है। बाकी फाइल अटकी रहती है। इसका असर फील्ड में चल रहे कामकाज पर पड़ता है। ठेकेदार धीमी गति से काम करने लगते हैं।

# पीएम ई-बस सेवा योजना से लाभान्वित होंगे शहरवासी

## नगर आयुक्त के नेतृत्व में चल रही है तैयारी

**गाजियाबाद,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत ई बस सुविधा उपलब्ध कराने हेतु तैयारी चल रही है, जिसके लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में संबंधित विभागों के साथ संयुक्त सर्वे कराया गया सर्वे से पूर्व आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार से आई हुई टीम के साथ विस्तृत चर्चा की, टीम में 2021 बैच के आईएएस ऑफिसर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में पीएम ई बस सेवा योजना के शुरुआती चरण में अकबरपुर बहरामपुर स्थित ई बस डिपो का संयुक्त सर्वे किया गया, गाजियाबाद नगर निगम की तरफ से अधिशासी अभियंता निर्माण फरीद जैदी, नोडल अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे, साथ में भोलानाथ गौतम संपत्ति अधीक्षक, आर.एम.रोडवेज, यूपीपीसीएल, तथा ईईएसएल के प्रतिनिधि भी सर्वे के दौरान उपस्थित रहे।

### 'पीएम ई बस सेवा पर प्रमुख सचिव नगर विकास तथा नगर आयुक्त की हुई विस्तृत चर्चा'

गाजियाबाद के निवासियों को ही बस सुविधा उपलब्ध कराने के तैयारी जोरों से चलती दिखाई दे रही हैं, शासन स्तर से




वर्चुअल बैठक भी की जा रही है प्रमुख सचिव नगर विकास की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक ई बस सेवा के विषय पर हुई जिसमें उत्तर प्रदेश के कई नगर आयुक्त में हिस्सा लिया गाजियाबाद से नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा भी वर्चुअल बैठक में प्रतिभाग किया गयाद्य नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा बताया गया कि तीन विशेष बिंदुओं पर गहनता से चर्चा की गई जिसमें प्रथम बिंदु 'गैप एनालिसिस' जिसमें वर्तमान आबादी तथा ई बस की वर्तमान संख्या पर चर्चा हुई, दूसरा बिंदु 'भूमि की उपलब्धता' जिसमें वर्तमान में लगभग 26000 वर्ग मीटर स्थान है अन्य स्थान के चयन हेतु कार्यवाही चल रही है, तीसरा बिंदु 'पावर सप्लाई' जिन पर गाजियाबाद नगर निगम में अन्य संबंधित विभाग कार्यवाही कर रहे हैं।

ई बस सुविधा उपलब्ध कराने में गाजियाबाद नगर निगम पूर्व की भांति अहम भूमिका निभा रहा है नगर आयुक्त के नेतृत्व में अन्य विभाग कार्य कर रहे हैं जिसकी रिपोर्ट समय-समय पर आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार को भेजी जाती है, महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में सरकारी योजनाओं पर पर विशेष कार्य अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है जो कि जनहित में लाभदायक सिद्ध होगा।




**सार** संक्षेप

### मोबाइल लूट के मामले में 19 दिन बाद दर्ज हुआ मुकदमा

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-39 क्षेत्र में सेक्टर-104 के पास 17 अगस्त को हुई मोबाइल लूट के मामले में 19 दिन बाद अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सेक्टर-100 स्थित लोटस बुलेवार्ड के सैयद हुसैन रिजवी ने बताया कि वह एमिटी युनिवर्सिटी में बीबीए के छात्र हैं। 17 अगस्त की रात करीब 10 बजे वह जिम से घर वापस आ रहे थे। सेक्टर-104 के पास पहुंचे तो फोन पर बात कर रहे थे। तभी बाइक पर आए दो युवकों में से पीछे बैठे युवक ने मोबाइल फोन लूट लिया। कुछ दूर तक शोर मचाते हुए बदमाशों का पीछा, लेकिन बदमाश भाग गए। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने वारदात के पांच मिनट बाद ही गश्त कर रही जीप में सवार पुलिसकर्मियों को दी। उन्होंने घटना नोट की और चले गए। इसके अगले दिन चौकी पर सूचना दी तो उन्होंने आनलाइन एफआइआर दर्ज करवाई। 15 दिन तक कोई सुनवाई न होने पर कोतवाली पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया। तब जाकर पुलिस ने एफआइआर दर्ज की है। पीड़ित के मुताबिक मोबाइल की कीमत करीब सवा लाख रुपये है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### दो किशोरी लापता

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-63 में चोटपुर कालोनी के व्यक्ति द्वारा दर्ज कराई एफआईआर में चार सितंबर की शाम करीब 6.30 बजे सात वर्षीय बेटी बिना बताए कहीं चली गई है। उसे रिश्तेदारों और आसपास के लोगों के यहां खोज की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। वहीं कोतवाली फेज-वन में बिहार के व्यक्ति द्वारा दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि वह सेक्टर-10 मे रहते हैं। पांच सितंबर को 15 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई। संभावित स्थानों पर तलाश किया, लेकिन कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों किशोरी को खोजने के लिए टीम गठित कर दी है।

### पति पत्नी के खाते से साइबर फ्राड कर निकाली रकम

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-113 में सेक्टर-75 गोल्फ सिटी की वीना सोनी ने एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें उन्होंने बताया है कि उनका पीएनबी में खाता है। पांच जुलाई को गूगल से नंबर लेकर एक नंबर पर काल की। कुछ देर बात होने के बाद फोन कट गया। फिर दूसरे नंबर से काल आई तो काल करने वाले ने मोबाइल में एक एप डाउनलोड कराया। जिसके बाद खाते से धनराशि निकलने की प्रक्रिया शुरू हो गई। दो बार में खाते से 13 हजार और 10,235 रुपये निकल गए। इसके बाद पति के खाते से 7011 रुपये निकल गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-58 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे दो आरोपित गिरफ्तार किए हैं। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि गोल चक्कर सेक्टर-62 से बुलंदशहर खुर्जा के विक्रम को और लेवर चौक के पास से खोड़ा गाजियाबाद के रोहित को गिरफ्तार किया है। आरोपित अपने साथियों के साथ मिलकर अपने घर की रेकी करके घुसकर बच्चों को बंधक बना लिया था। घर में रखे ज्वेलरी व लगभग तीन लाख रुपये लूटकर ले गए थे।

# नोएडा में किराए पर चलेंगी आईटी, आईटीईएस और कारपोरेट कंपनियां

**नोएडा,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। स्टार्ट अप, आईटी, आईटीईएस और छोटी कारपोरेट कंपनियों के लिए नोएडा और ग्रेटर प्राधिकरण ने अपने द्वार खोल दिए है। किराए के लिए कम दस्तावेजों के साथ अब वे 500 वर्गमीटर से भी कम स्थान को ले सकते है। दोनों ही प्राधिकरण ने इंस्टीट्यूशनल प्लाट श्रेणी में 500 वर्ग मीटर किराये की जगह के बाउंडेशन को हटा दिया है। अब इससे छोटे स्पेस में भी किराए पर फर्म चला सकते है। नई प्रक्रिया में सिर्फ किराएदार का नाम और उनके पैन कार्ड की जानकारी जरुरी होगी। दरसअल नोएडा को वेस्ट यूपी का सिलिकॉन वैली माना जाता है। यहां लगातार बड़े-बड़े डेटा सेंटर और आईटी कंपनियां खुल रही है। यही वजह है कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में इस बार नोएडा को 90 हजार करोड़ का टारगेट दिया था। जिसमें अब तक 85 हजार करोड़ का टारगेट पूरा किया जा चुका है। यहां आने वाली बड़ी कंपनियों को भूखंड आवंटित किए गए। सवाल यहीं था कि

- **दो हजार छोटी कंपनियों को होगा लाभ, बढ़ेंगे रोजगार, इज ऑफ डूइंग को मिलेगा बढ़ावा**

स्टार्ट अप और अन्य एमएसएमई स्तर पर काम करने वाली आईटी/आईटीईएस और कारपोरेट कंपनियों का क्या होगा। जो नोएडा तो आना चाहती है। लेकिन वर्किंग कैपिटल कम होने की वजह से वे यहां नहीं आ रही। नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड में इस प्रस्ताव को लेकर आए और इस श्रेणी में किराएदारी के प्रस्ताव को पास किया गया।

**2500 वर्गमीटर पर अधिकतम पांच कंपनिया किराए पर ले सकती है**

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि इस प्रस्ताव के तहत 500 वर्ग मीटर से कम जगह को अब पट्टे पर दिया जा सकता है। जिसमें किरायेदारों की कुल संख्या, एफएआर/500 से अधिक नहीं होगी। उदाहरण के लिए यदि 2500 वर्गमीटर किराये की जगह उपलब्ध है, तो इसे अधिकतम 5 कंपनियों के बीच विभाजित किया जा सकता है। हालांकि वे 500 वर्गमीटर से कम स्पेस को भी ले सकते है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने कहा है कि वे जल्द ही इन बदलावों को किराये की अनुमति प्रक्रिया में शामिल करते हुए एक आदेश जारी करेंगे। इस कदम का उद्देश्य 'इज ऑफ डूइंग' को बढ़ावा देना और छोटे से मध्यम आकार के उद्यमियों को समर्थन देना है।

### आवंटी को किराए की अनुमति के लिए देने होंगे ये दस्तावेज

- >>> किराए की अनुमति के लिए प्राधिकरण आवंटित कंपनी को अपने लेटरहेड पर आवेदन पत्र
- >>> किराए के लिए प्रस्तावित कुल क्षेत्र
- >>> एक हलफनामा जिसमें किरायेदार आवंटित भूमि के उपयोग के अनुसार क्या काम करेगा।
- >>> इसके अलावा प्रोसेसिंग शुल्क होगा।

# युवक ने तार से लटक की आत्महत्या

## घुटनों के बल फुटपाथ पर था शव, पुलिस हत्या और अन्य एंगल पर कर रही जांच

**नोएडा,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा के 12/22/56 टी पांइट पर एक शव नीम के पेड़ से तार से लटका मिला। दोपहर में पुलिस को इसकी सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को तार काटकर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खास बात ये है कि मृतक के दोनों घुटने जमीन पर टच कर रहे थे। ऐसे में फांसी लगाकर आत्महत्या की बात पुलिस को असमंजस में डाल रही है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं है। मौत की वजह पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद ही साफ हो सकेगी। घटना सेक्टर-58 थाना क्षेत्र की है।



पुलिस पीआरओ पंकज सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान ध्वजामनी पुत्र बलराम जीना (42) साल हुई है। मूल रूप से केंद्रबाड़ा उड़ीसा का रहने वाला है। यहां पर चौड़ा गांव में किराए के मकान में रहता था। मृतक के परिजनों को जानकारी देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्पॉट को यलो टेप से कवर कर दिया गया है। मौके पर फॉरेंसिक टीम साक्ष्य एकत्रित कर रही है। मृतक प्लंबर का कार्य करता था। पुलिस इस मामले में सभी एंगलों से जांच कर रही है।

**घुटनों के बल था मृतक**

पुलिस को जब जानकारी दी गई उस समय मृतक का शव घुटनों के बल पर था। इस स्थिति में फांसी लगाना थोड़ा अटपटा है। आंशका जाहिर की जा रही है कि जिस तार से लटक कर उसने फांसी वह झुक गया होगा। इसलिए मृतक का शरीर घुटने के बल पर आ गया। जिस स्थान पर शव मिला वो काफी भीड़ भाड़ एरिया है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है। जल्द ही मौत की वजह का पता चल सकेगा।

# बिजली तार गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार, भारी मात्रा में तार बरामद

**गाजियाबाद,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। थाना भोजपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान चौकी क्षेत्र चुडियाला में भटजन चौराहे के पास से बिजली तार चोर गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से जनपद मेरठ के अन्य कई थाना क्षेत्रों से चोरी किये गये हाईटेंसन व एल.टी लाईन बिजली के तार को बरामद किया है।



एसीपी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशो मेके नाम नरेन्द्र उर्फ चचा, चिन्दी उर्फ जगत उर्फ मामा, सलमान, मनोज चौधरी, नावेद व इंतजार हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि हम सभी अपने भागे हुये साथी प्रवीन उर्फ नवीन, जितेन्द्र राहुल बंगाली, राजू दाढी व पग्गल उर्फ आकाश निवासीगण मिसलगढी आकाश नगर किराये के मकान मे थाना मसूरी के साथ मिलकर खेतो के रास्ते से जा रही हाईटेंशन लाईन व एल. टी. लाईन के बिजली के तार को अपने साथ लिए औजारों से काटकर खेतो में गिरा लेते है और खेतों मे गिरे कटे हुये तार को जगह-जगह से काटकर छोटे-छोटे बंडल बनाकर गाड़ी में डालकर ले जाते है व अपने साथी इंतजार को दे देते है। इसी काम से हमारी रोजी रोटी चल रही है और परिवार पल रहा है। इंतजार कबाड़ी हमसे लिए हुए चोरी के माल को एक नम्बर का बताकर आबिद कबाडी मेरठ को गलाने के लिये दे देता है । आरोपियों ने बताया कि हममें से नरेन्द्र , चिन्दी उर्फ जगत ,मनोज चौधरी व हमारे फरार साथी राहुल बंगाली, राजू दाढी, प्रवीन उर्प नवीन, जितेन्द्र व पग्गल उर्फ आकास के साथ मिलकर लोहा व बिजली के तार चोरी करने के उद्देश्य से ग्राम हृदयपुर भंडोला पानी की टंकी के पास बुलेरो पिकअप गाडी व दो मोटर लेकर चोरी करने आये थे लेकिन गांव के लोगों के द्वारा देखने व पकडे जाने के डर से हम लोग मोटर साइकिल लेकर व खेतों के रास्ते से बुलेरो पिकअप गाड़ी को मौके पर छोडकर भाग गये थे।

# बिल्डर बायर्स सहुलियत के लिए आठ को होगी बैठक

**नोएडा।** बिल्डरों से बकाया लेकर रजिस्ट्री में तेजी लाकर बायर्स की समस्या का हल निकालने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए आठ सितंबर को चेयरमैन मनोज सिंह की अध्यक्षता के एक बैठक होगी। बैठक का मकसद बायर्स को जल्द से जल्द राहत कैसे दी जाए इस पर बातचीत होगी। बता दे नोएडा में कुल 118 परियोजनाएं है। इसमें 24 परियोजना पूरी हुई है। 1 लाख 69 हजार 250 फ्लैटों की ओसी जारी हुई है। इसमें महज 65277 फ्लैट की रजिस्ट्री हुई है। बिल्डरों का प्राधिकरण पर करीब 26 हजार करोड़ के आसपास बकाया है। ऐसे में ये बैठक काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसके अलावा बैठक में बकाया पर थर्ड पार्टी की ओर से किए कैल्कूलेशन समरी को भी रखा जाएगा। जिससे बिल्डर पर बकाया का सही आकलन किया जा सकेगा। प्राथमिकता यहीं रहेगी कि बिल्डर प्राधिकरण का बकाया वापस करे और रजिस्ट्री को जल्द से जल्द ओपेन करे। इस बैठक में अमिताभ कांत की सिफारिशों पर भी चर्चा की जाएगी।

## फ्लैट बेचने के नाम पर 55 लाख की धोखाधड़ी

# एक महिला व पुरुष के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नोएडा,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। कोतवाली फेज-तीन में फ्लैट बेचने के नाम पर 55 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपितों ने एग्रीमेंट की शर्तों को तोड़ते हुए फ्लैट बेचने से इन्कार कर दिया। पीड़ित ने एक महिला और पुरुष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-121 क्लियो काउंटी के अशोक माहेश्वरी ने दर्ज कराई एफआइआर में बताया कि उन्होंने एक फ्लैट खरीदने के संबंध में प्रापर्टी डीलर योगेंद्र शर्मा से संपर्क किया। उन्होंने शाहनवाज खान और नीलम मेहरा का फ्लैट इसी सोसायटी में दिखाया। फ्लैट की कीमत 1,63,50,000 रुपए बताई। 25 लाख रुपए बयाने के रूप में लेंगे, जिसमें 24,50,000 रुपए कैश और 50 हजार रुपए चेक से लेंगे। जुलाई 2022 में फ्लैट बेचने के संबंध में समझौता हुआ और बयाने के रुपये दे दिए। इसके बाद प्रापर्टी पर लिए लोन के संबंध में 20 लाख रुपए मांगे। जिन्हें आरटीजीएस के जरिये दिया। कुछ समय बाद 15 लाख रुपए मांगे तो वह भी आरटीजीएस के जरिए दिए। आरोप है कि जब बैंक स्टेटमेंट की जांच कराई तो पता चला कि फ्राड हुआ है। तभी आरोपित शाहनवाज ने फ्लैट पर बुलाया और कहा कि उसके ऊपर दुष्कर्म और लव जेहाद जैसे संगीन मामले दर्ज हैं। वह आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। जिस कारण फ्लैट में पुलिस का आना जाना लगा रहता है, अगर यह फ्लैट मैं बेचता हूं तो पुलिस बाद में आपको परेशान करेगी। इस तरह के बहाने बनाकर शाहनवाज खान फ्लैट बेचने में आनाकानी करने लगा। उसके बाद कहा कि तय धनराशि से 20 लाख रुपये अधिक मिलेंगे तो वह फ्लैट बेचेगा। जिसे पीड़ित ने ठुकरा दिया और कहा कि जितने में फ्लैट तय हुआ था उतने ही रुपये मिलेंगे। आरोप है कि इस पर शाहनवाज भड़क गया और झूठे केस में फंसाने और जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दी। कैंसिलेंशन आफ एग्रीमेंट टूल सेल साइन करने के बाद आरोपितों ने 70 लाख रुपये के 30 दिसंबर 2022 तिथि के दो चेक दिए। साथ ही पांच लाख रुपये बैंक द्वारा दिए। चेक बैंक में लगाए तो वह बाउंस हो गए। इससे गुस्साए आरोपित ने गाड़ी के नीचे कुचलकर मारने की कोशिश की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गाजियाबाद से लुधियाना के बीच फ्लाइट को वीके सिंह ने दिखाई हरी झंडी

**गाजियाबाद,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने बुधवार को गाजियाबाद के हिंडन सिविल टर्मिनल से लुधियाना की फ्लाइट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह फ्लाइट जिसमें भारत की पहली 19-सीटर डीएचसी-400 ट्विन ओटर वाणिज्यिक सेवा शामिल है। इस अवसर पर वीके सिंह ने कहा कि यह आयोजन हवाई कनेक्टिविटी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर दर्शाता है, जो उड़ान 4.2 लघु विमान योजना (एसएएस) के माध्यम से संभव हुआ है। अब इस उड़ान का लाभ गाजियाबाद व सभी क्षेत्रीय लोगों में मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में हिंडन एयरपोर्ट



से अनेकों राज्यों में उड़ान शुरू होगी ताकि दिल्ली के स्थान पर हिंडन एयरपोर्ट का उपयोग कर सकेंगे। इस उड़ान का उद्घाटन हमारे देश की कनेक्टिविटी को मजबूत करने, आर्थिक वि कास को बढ़ावा देने और हमारे विमानन उद्योग को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

वीके सिंह ने यह भी बताया कि पूर्व में भी जिन-जिन जगहों के लिए फ्लाइट हिडन टर्मिनल से उड़ान भर रही थी। टेक्निकल इशू के चलते उनको रोक दिया गया था। लेकिन जल्द ही दोबारा उन सभी जगहों के लिए भी उड़ान भरी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए सबसे अहम इलाहाबाद और उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लिए भी फ्लाइट हिंडन टर्मिनल से जल्द ही उड़ान भरेगीं।

# मेवाड़ का रजत जयंती महोत्सव स्थापना दिवस समारोह के साथ सम्पन्न

**गाजियाबाद,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का पांच दिवसीय रजत जयंती महोत्सव अपने स्थापना दिवस और शिक्षक दिवस समारोह के साथ सम्पन्न हो गया। इस मौके पर दस साल से अधिक समय से मेवाड़ में कार्यरत मेवाड़ परिवार के 28 सदस्यों और बाहरी स्कूलों के 10 प्रिंसिपल समेत 52 शिक्षाविदों का सम्मान किया गया। सभी को सम्मान पत्र, सर्टीफिकेट, स्मृति चिह्न और गुलदस्ते भेंट किये गये। इस मौके पर मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया एवं महासचिव अशोक कुमार सिंघल ने अपने विचार व्यक्त किये। मेवाड़ के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि हमारे होने का अर्थ हम सबमें है। भगवान ने हमें यह एक अनोखा गुण दिया है। जरूरत है इसे देखने व परखने की। जिसने देख-परख लिया और जीवन में उतार लिया तो देखना भविष्य में आश्चर्यजनक परिणाम देखने को मिलेंगे। हमें समाज के उस वंचित समाज के तबके को शिक्षित कर देश की मुख्यधारा से जोड़ना है, जिसके लिए कोई गंभीर रूप से चिंतित नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें खुशी



- **मेवाड़ के 28 पुरातन सदस्यों समेत 52 शिक्षाविद् सम्मानित**
- **वंचित समाज का 75 प्रतिशत बच्चा मेवाड़ का हिस्सा: डॉ. गदिया**

है कि हमारे मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में 75 प्रतिशत बच्चा उसी वंचित समाज का शिक्षा ग्रहण कर रहा है। अपने संस्थान के 25 साल पूरे तो हुए हैं लेकिन अब चुनौतियां भी बड़ी हो गई हैं। हमें इन चुनौतियों का डटकर मुकाबला करना है और विकसित होते भारत का अभिन्न हिस्सा बनना है। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के महासचिव सीए अशोक कुमार सिंघल ने कहा कि डॉक्टर जीवन बचाता है तो शिक्षक जीवन बनाता है। इसलिए समाज में दोनों का समान महत्व है। उन्होंने कहा कि हम शिक्षक दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाएं। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने मेवाड़ इंस्टीट्यूशंस की प्रगति रिपोर्ट पढ़ी और सभी का स्वागत व आभार व्यक्त किया।

इससे पूर्व दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न स्कूलों के 10 प्रधानाचार्यों को मेवाड़ की ओर से सम्मानित किया गया। मेवाड़ के 14 शिक्षकों को मेवाड़ एक्सीलेंस-2020 अवार्ड से नवाजा गया।

### मेवाड़ परिवार के 28 सम्मानित सदस्यों की सूची-

डॉ. अलका अग्रवाल, डॉ. नीतू सिंह, डॉ. गीता रानी, डॉ. आशुतोष मिश्रा, करुण कुमार कौशिक, डॉ. अरुण भारद्वाज, डॉ. वियंता पाल, अमित बबेरवाल, डॉ. सपना रल्हन, अजय कुमार, मोहम्मद शमी, अमित पाराशर, निहारिका सिंह, अम्बुज शर्मा, जतिन जोशी, पंकज गौतम, अजय गुप्ता, तारिक अली खान, गणेश विश्वकर्मा, गुरदीप कौर, सुधीर सहदेव, बृजपाल सिंह, पुनीत कपूर, विक्रांत तोमर, सुधीर कुमार, रवि कुमार त्यागी, अलका रानी, डॉ. अटल कुमार।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

जिन बिंदुओं पर सहमति बन गई है उनको एक टाइम फ्रेम में मीटिंग मिनट देने में क्या हर्ज है परंतु प्राधिकरण के अधिकारी इस बात पर सहमत नहीं हुए और वार्ता बेनतीजा खत्म हो गई। वार्ता के नतीजे के इंतजार में धरना स्थल पर सैकड़ो किसान देर रात तक मौजूद रहे:- किसान प्रतिनिधिमंडल

## ग्रेनो प्राधिकरण ने एकमुश्त समाधान योजना की लागू

**बाइस सौ फ्लैट खरीदारों को मिल सकता है फायदा, प्राधिकरण को 468 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद**

**ग्रेटर नोएडा,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अपने फ्लैट आवंटियों को बड़ी राहत दे दी है। बहुमंजिला फ्लैटों के आवंटियों के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लागू हो गई। ओटीएस तीन माह के लिए लागू होगी। इससे प्रीमियम, अतिरिक्त प्रतिकर व लीज डीड विलंब शुल्क पर लगे जुर्माने से राहत मिल जाएगी। लगभग 2200 फ्लैट खरीदारों को इसका फायदा मिलने की उम्मीद है। प्राधिकरण को लगभग 468 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संपत्ति विभाग की तरफ से बहुमंजिला फ्लैटों के आवंटियों के लिए ओटीएस का प्रस्ताव पिछ्ली बोर्ड बैठक में रखा गया था। विभाग की तरफ से बोर्ड को बताया गया कि योजना लागू करने से लगभग 2200 बहुमंजिला फ्लैटों की लीज डीड होने निष्पादित होने का अनुमान है। इससे प्राधिकरण को 468 करोड़ रुपए की बकाया धनराशि भी प्राप्त हो सकती है। बोर्ड ने इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी थी। प्राधिकरण ने इसका कार्यालय आदेश जारी कर दिया। यह योजना 31 दिसम्बर तक रहेगी। ओटीएस के लागू होने प्रीमियम की बकाया धनराशि और प्रतिकर पर पेनाल्टी से राहत और लीज डीड के विलंब शुल्क की धनराशि पर 40 से 80 फीसदी (60 वर्ग मीटर तक के फ्लैट) और 20 से 40 फीसदी (60 वर्ग मीटर से अधिक) की राहत मिल जाएगी।

## मोटो जीपी रेस व यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारी को लेकर कमिश्नर मेरठ मण्डल ने किया दौरा



**यातायात के लिए रूट प्लान सहित विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा**

**ग्रेटर नोएडा,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आगामी 21 से 25 सितम्बर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के विशाल परिसर में आयोजित होने जा रहे यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो एवं बुद्ध इंटरनेशनल स्पोर्ट सिटी ग्रेटर नोएडा में होने वाले मोटो जीपी कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक, प्राधिकरण एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी गण युद्ध स्तर पर अपनी-अपनी तैयारी को अंतिम रूप प्रदान कर रहे हैं, ताकि उक्त दोनों कार्यक्रमों को जनपद में सकुशल भव्यता के साथ संपन्न कराया जा सके। इसी कड़ी में बुधवार को मंडलायुक्त मेरठ मंडल मेरठ सेल्वा कुमारी जे. जनपद गौतम बुद्ध नगर के भ्रमण के दौरान सबसे पहले बुद्ध इंटरनेशनल स्पोर्ट्स सिटी ग्रेटर नोएडा पहुंची, जहां पर मोटो जीपी कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। मंडलायुक्त ने मोटो जीपी कार्यक्रम को देखते हुए जिला प्रशासन, प्राधिकरण एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। मंडल आयुक्त ने मोटो जीपी कार्यक्रम स्थल का बहुत ही गहनता के साथ स्थल निरीक्षण किया गया। उसके उपरांत मंडल आयुक्त ने ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट पहुंचकर यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो को लेकर की जा रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए जिला प्रशासन, प्राधिकरण एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो एवं मोटो जी पी कार्यक्रम के आयोजन के दौरान जनपद की यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए रूट प्लान तैयार कर लिया जाए एवं कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों के लिए रहन-सहन, सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य, खानपान इत्यादि सभी व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराए जाने की सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। इस अवसर पर मंडल आयुक्त ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग गौतम बुद्ध नगर द्वारा इंडिया एक्सपोर्ट में लगाए गए स्टॉल का भी फीता काटकर उद्घाटन किया। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने आश्वस्त किया कि मोटो जीपी एवं यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो को लेकर कहा कि समय रहते तैयारी पूरी की जाएगी।

## जिला कारागार में महिला बंदियों के लिए लगाया गया विधिक साक्षरता शिविर



**ग्रेटर नोएडा,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 1 से 7 सितम्बर तक आयोजित राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के तहत साक्षरता शिविर का आयोजन जिला कारागार में निरुद्ध महिला बंदियो के मध्य किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से निरुद्ध बंदियों के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं को लेकर निःशुल्क कानूनी सहायता, बंदियों के अधिकार, आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया। शिविर में महिला बंदियों को उनके मुकदमें में विधिक सहायता के लिए जानकारी उपलब्ध कराई गई। इसके अतिरिक्त गलगोटिया विश्वविद्यालय के विधि विद्यार्थियों द्वारा महिला बंदियों से उनकी मुकदमों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई। गलगोटिया विश्वविद्यालय द्वारा महिलाओं के लिए सेनिट्री नेपकीन, दलिया, फल व बिकिट एंव महिला बंदियो के साथ रह रहे बच्चों के लिये दूध पाउडर, फ्रूट, बिस्किट सेरेलेक आदि सामग्री वितरण की गयी तथा मनोचिकित्सक तथा योग शिक्षक द्वारा महिलाओं को जिला कारागार में रहते हुए इस समय का सदुपयोग करने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई गई। शिविर में ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर के साथ अरुण प्रताप सिंह, अधीक्षक, जिला कारागार, नरेन्द्र कुमार प्रोफेसर डा. नमिता, डीन विधि विभाग गलगोटिया विश्वविद्यालय व छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

### सार संक्षेप

#### जानलेवा हमले में वांछित आरोपित गिरफ्तार

**दनकौर।** दनकौर क्षेत्र के मोहम्मदपुर गुर्जर गांव में करीब तीन माह पहले पुरानी रंजिश के कारण एक युवक को पीटकर बुरी तरह घायल करने का मामला सामने आया था। पीड़ित के पिता राज सिंह की तहरीर पर पांच लोगों मनोज, योगेश, अनुज, अनिल और प्रशांत के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया गया था। घटना के बाद चार आरोपितों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि पांचवा आरोपित योगेश घटना में वांछित चल रहा था। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने योगेश को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

#### कार की टक्कर से कंपनी कर्मी घायल, चालक पर मुकदमा दर्ज

**दनकौर।** दनकौर क्षेत्र के दादुपुर गांव के रहने वाला एक कंपनी कर्मी कार की टक्कर से गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को दनकौर के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पीडित के दादा की तहरीर पर आरोपित कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। दादुपुर गांव के रहने वाले राजवीर का कहना है कि उनका पौत्र सुंदर ग्रेटर नोएडा की एक कंपनी में नोकरी करता है। वह सोमवार को बाइक पर सवार होकर दनकौर की तरफ जा रहा था। आरोप है कि क्षेत्र के राजपुर गांव का रहने वाला कुशल उर्फ नीटू लापरवाही से कार चला रहा था। आरोप है कि आरोपित द्वारा सुंदर की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी गई जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए दनकौर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित राजवीर की शिकायत पर आरोपित कुशल उर्फ नीटू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

**संबंध विच्छेद**

मै अपने पुत्र अक्षय कुमार को गलत व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूँ भविष्य में वह अपने कार्यो का स्वयं जिम्मेदार होगा। राजकुमार पुत्र नारायण दास मौ0 लम्बा गलियारा, कस्बा दनकौर, गौतमबुद्धनगर उ0प्र0

## राष्ट्रीय न्यूट्रिशन सप्ताह के तहत लोगों को सही खान-पान से कराया गया अवगत



**ग्रेटर नोएडा,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। शारदा विवि के स्कूल ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च के डिपार्टमेंट ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन ने नेशनल न्यूट्रिशन सप्ताह पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसकी थीम हेल्दी डाइट अफोर्डेबल फॉर ऑल रही। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. पूजा डूडेजा, डॉ. जया बैंजेमन, शारदा हॉस्पिटल के एमएस डॉ. ए.के. गडपायले, स्कूल ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च की डीन डॉ. निरुपमा गुप्ता, एसोसिएट डीन पूजा रस्तोगी और डिपार्टमेंट ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन की हेड डॉ शालिनी श्रीवास्तव में दीप जलाकर किया। सेमिनार में बोलते हुए मुख्य अतिथि डॉ. पूजा डूडेजा और डॉ. जया बैंजेमन कहा कि सही डाइट लेंगे तो आपकी इम्यूनिटी पावर बढ़ेगी और बीमार कम पड़ेंगे। आज के समय में युवा फास्ट फूड पर ज्यादा पसंद करते है। जिससे पर्याप्त मात्रा में आपके शरीर को न्यूट्रिशन नहीं मिल पाता और कई बीमारियां होने का खतरा बना रहता है। उन्होंने यह भी कहा की धीरे धीरे लोग मोटा अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागी और मक्का आदि अपने डाइट में लाए जिससे आपको सही मात्रा प्रोटीन मिल सके। हर कोई चीज ज्यादा खाने पर नुकसान होता है इसलिए खाना भी लिमिट खायें। अगर आप सप्लीमेंट ले रहे है तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें। शारदा हॉस्पिटल के एमएस डॉ. ए.के. गडपायले, स्कूल ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च की डीन डॉ. निरुपमा गुप्ता ने बताया कि सबसे ज्यादा न्यूट्रिशन की कमी निम्न वर्ग के लोगों में होती है। हमें ऐसा प्रयास करना चाहिए जिससे उनके बजट में सही न्यूट्रिशन मिल सके। सबसे ज्यादा न्यूट्रिशन की जरूरत गर्भवती महिला, बच्चों और फिजिकल वर्क करने वाले लोगों को होती है। मेडिकल स्टूडेंट्स को सही डाइट के लिए समाज को जागरूक करना चाहिए। मोटे अनाज को एक साथ मिक्स करके नहीं बल्कि अलग-अलग खाना चाहिए जिससे यह पता चल सके आपको किस अनाज से दिक्कत होती है।

## सहकार से समृद्धि के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**जेवर,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। जेवर ब्लाक सभागार में बुधवार को ब्लाक प्रमुख मुन्नी देवी पहाडिया के नेतृत्व में सहाकारिता विभाग द्वारा सहकार से समृद्धि योजना के अंतर्गत बी पैक्स सदस्यता अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जगरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहायक विकास अधिकारी सहकारिता आलोक रंजन सिंह ने बताया कि सहकारिता विभाग द्वारा 1 सितम्बर से 30 सितम्बर तक चलने वाले महासदस्यता अभियान व अन्य योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिये सहकारी समितियों से अधिक से अधिक किसानों को सदस्य बनाने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि किसानों की आय को दो गुना करने व किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महासदस्यता अभियान मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर सैकड़ों किसानों को सदस्यता ग्रहण कराई गई।

## किसानों और प्राधिकरण के बीच हुई बैठक का नहीं निकला नतीजा, जारी रहेगा धरना



**ग्रेटर नोएडा,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर धरना दे रहे किसानों की जनप्रतिनिधियों सांसद सुरेंद्र नागर, विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में प्राधिकरण के सीईओ एवं अन्य अधिकारियों के साथ हुई वार्ता बेनतीजा रही 4 घंटे से भी अधिक चली वार्ता में काफी बिंदुओं पर सहमति बनी किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने सहमति बने बिंदुओं पर मीटिंग मिनट तैयार करने को देने को कहा तो प्राधिकरण के अधिकारियों ने मीटिंग मिनट देने से इनकार कर दिया और कहा कि मीटिंग मिनट 25 तारीख के बाद देंगे प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि जिन बिंदुओं पर सहमति बन गई है उनको एक टाइम फ्रेम में मीटिंग मिनट देने में क्या हर्ज है परंतु प्राधिकरण के अधिकारी इस बात पर सहमत नहीं हुए और वार्ता बेनतीजा खत्म हो गई। वार्ता के नतीजे के इंतजार में धरना स्थल पर सैकड़ो किसान देर रात तक मौजूद रहे वार्ता के नतीजे से सभी को अवगत कराया गया है नतीजे से अवगत कराते हुए किसान सभा के प्रवक्ता डॉक्टर रुपेश वर्मा ने कहा कि अभी वार्ता बे नतीजा है और 12 तारीख को आंदोलन की तैयारी में हम सबको जुटना है और प्राधिकरण को बंद करना है किसान सभा के उपाध्यक्ष ब्रह्मपाल सूबेदार ने कहा कि वार्ता से काफी सकारात्मक नतीजे आने की उम्मीद थी परंतु अंत में वार्ता अत्यंत मामूली बात मीटिंग मिनट नहीं देने के कारण बेनतीजा रही पूरे आश्वासन के आधार पर किसानों ने समझौता करने से इनकार कर दिया है।

## गायत्री देवी पाठशाला के जरूरतमंद बच्चों ने मनाई कृष्ण जन्माष्टमी

**ग्रेटर नोएडा,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर ईटा-1 स्थित गायत्री देवी चौरिटेबल ट्रस्ट के गायत्री देवी पाठशाला में पढ़ रहे जरूरतमन्द,



गरीब परिवारों के बच्चों ने कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को बहुत ही धूमधाम से मनाया। ट्रस्टी डॉक्टर नम्रता गुप्ता ने बताया कि संस्कृति कार्यक्रम के बाद बच्चों को केला, सेव प्रसाद के रुप में दिए गए। इस अवसर पर ट्रस्ट के सभी सदस्य जिनमें मुख्यत आर्येंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अनिता, गोयल, अग्निवेश गुप्ता, मुनेश रानी, अंजली, कंचन, कविता, राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

## दिव्यांगजन को वितरित किए गए सहायक उपकरण



**ग्रेटर नोएडा**, 6 सितम्बर (देशबन्धु)। विकास खण्ड कार्यालय, बिसरख में यामाहा मोटर साल्यूशंस प्रा. लि. की सीएसआर योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजन के लिए निःशुल्क सहायक उपकरणों के वितरण शिविर आयोजन किया गया। इससे पहले विकास खण्ड कार्यालय, सूरजपुर, गौतमबुद्ध नगर के 69 दिव्यांगजनों को एलिम्को द्वारा पूर्व में चिन्हित लाभार्थियों को लगभग रूपए 21 लाख की लागत के 136 सहायक उपकरण वितरित किए गये। इस सहायक उपकरण वितरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. महेश शर्मा, सांसद, विशिष्ट अतिथि तेजपाल नागर, जर्नादन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, संजय कुमार सिंह, प्रबन्ध निदेशक (वाईएमएसएलआई), संजय अग्रवाल, निदेशक (वाईएमएसएलआई), आशीष कुमार सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, शैलेन्द्र कुमार सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी, एवं लवेश कुमार सिसौदिया, जिला पिछडावर्ग कल्याण अधिकारी, मौजूद रहे। जिनमें ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, सी. पी. चेयर, बैसाखी, कान की मशीन, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों हेतु एमएसआईईडी किट दृष्टि बाधित हेतु स्मार्टकेन, कुष्ठ रोगी हेतु एडीएल किट व सेलफोल आदि शामिल है। कुल 69 पूर्व चिन्हित लाभार्थियों को लगभग 21 लाख रूपए के 138 सहायक उपकरण वितरित किये गये।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति



**ग्रेटर नोएडा,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वर्ण नगरी स्थित जी डी गोयंका पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्णजन्माष्टमी के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कायक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने कृष्ण भक्ति के अनेकानेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भक्तिरस के गीतों श्रीकृष्ण गोविन्द हरे मुरारे से वातावरण गुंजायमान हो गया। विद्यालय प्रांगण में तालियों की ध्वनि ने आनन्द का समां बाँध दिया। विद्यालय के छात्रों द्वारा श्रीकृष्ण की बाललीला व मटकी फोड़ने का दृश्य निश्चित रुप से अवलोकनीय रहा। छात्रों के द्वारा प्रस्तुत किए गए इस कार्यक्रम ने सबको भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में पधारे स्कॉन ट्रस्ट के गिरिराज दास प्रभु के नेतृत्व में भक्तगण ने भगवान श्रीकृष्ण के भजन कीर्तन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा श्रीमदभगवदगीता के विषय में छात्रों को उपदेशित भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित भक्तगण ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों का उत्साह व भक्ति के प्रति प्रेम की भावना सराहनीय है।

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्धनगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सेक्टर-क्यामपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-के.वाई.ए0117, भूखण्ड संख्या-17, क्षेत्रफल - 630 वर्ग मीटर श्री वेदराम पुत्र श्री भूरा, श्रीमती बाला देवी पत्नी श्री वेदराम, निवासी-ग्राम-डाढा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहः आवंटी श्री वेदराम पुत्र श्री भूरा की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री विनोद, प्रमोद पुत्रगण स्व० श्री वेदराम, श्री शिव कुमार पुत्र स्व0 श्री वेदराम, श्रीमती बाला देवी पत्नी स्व0 श्री वेदराम, निवासी-ग्राम-डाढा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से सर्वश्री विनोद, प्रमोद पुत्रगण स्व० श्री वेदराम, निवासी-ग्राम- डाढा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके सर्वश्री विनोद, प्रमोद पुत्रगण स्व० श्री वेदराम, निवासी-ग्राम-डाढा, ग्रेटर नोएडा, जिला - गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

## जिम्स में एमबीबीएस 2023 बैच के शैक्षणिक सत्र और व्हाइट कोट समारोह का आयोजन



**ग्रेटर नोएडा,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा के अकादमिक ब्लॉक में एमबीबीएस 2023 बैच के शैक्षणिक सत्र का बुधवार को औपचारिक उद्घाटन किया गया। सभी नए शामिल होने वाले छात्रों और उनके माता-पिता को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश के कुलपति डॉ. संजीव मिश्रा इस अवसर के मुख्य अतिथि थे। डॉ. ए.के. सिंह, निदेशक, पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ, नोएडा इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रहे। डॉ. संजीव मिश्रा, डॉ. ए. के. सिंह एवं ब्रिगेडियर डा. राकेश गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन किया गया। उसके बाद डीन एकेडमिक डॉ. रंभा पाठक ने अतिथियों के स्वागत कर उनके सम्मान में व्याख्यान दिया गया और उन्होंने वार्षिक कॉलेज रिपोर्ट प्रस्तुत की और चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान में जीआईएमएस की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सौरभ श्रीवास्तव ने विभिन्न नैदानिक विभागों में अस्पताल की सुविधाओं और रोगी भार के बारे में विस्तार से बताया। जीआईएमएस के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. राकेश गुप्ता ने संबोधन में छात्रों के समग्र विकास और शैक्षणिक और छात्रावास सुविधाओं को और बेहतर बनाने में छात्रों और उनके माता-पिता द्वारा रचनात्मक प्रतिक्रिया के महत्व पर जोर दिया।

### जिम्स के फिजियोलॉजी विभाग में स्वायत्त कार्य प्रयोगशाला का हुआ शुभारम्भ

**ग्रेटर नोएडा।** राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान के फिजियोलॉजी विभाग में कार्डियक ऑटोनोमिक टेस्टिंग लेबोरेटरी का उद्घाटन बुधवार को अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय यूपी के कुलपति डॉ. संजीव मिश्रा द्वारा किया गया। ऑटोनोमिक फंक्शन टेस्ट तनाव के लिए कार्डियक ऑटोनोमिक प्रतिक्रिया के साथ-साथ आराम पर कार्डियक ऑटोनोमिक गतिविधि का आंकलन करते हैं। इससे मधुमेह, मोटापा और अन्य पुरानी बीमारियों के रोगियों को लाभ होगा। उद्घाटन जीआईएमएस के निदेशक डॉ. (ब्रिगेडियर) राकेश गुप्ता, पीजीआईसीएच के निदेशक डॉ. ए.के. सिंह, डीन जीआईएमएस डॉ. रंभा पाठक, सीएमएस डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, प्रोफेसर और हेड फिजियोलॉजी डॉ. भारती भंडारी राठौर, डॉ. अपराजिता पंवार, डॉ. प्रेरणा अग्रवाल, डॉ. अभिनव और फिजियोलॉजी विभाग के अन्य कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा-1, (पी-2), ग्रेटर नौएडा
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

YEIDA FUTURE IS HERE

पत्रांक : वाई.ई.ए./भूलेख(च0अ0/तह0)/97/2023 दिनांक : 05.09.2023

**सार्वजनिक सूचना**

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण द्वारा अतिरिक्त प्रतिकर वितरण किया जाना प्रस्तावित है।

| क्रमांक | ग्राम | गाटा संख्या | परियोजना के अन्तर्गत |
|---|---|---|---|
| 1 | फतेहपुर अट्टा | 384,385,387,392,396, 393, | भूखण्ड सं0-17 सी एवं 17 डी के अन्तर्गत |
| 2 | | 386,394, | भूखण्ड सं0-17 डी के अन्तर्गत |
| 3 | | 370,391 | भूखण्ड सं0-17 सी के अन्तर्गत |
| 4 | | 397,367 | 45 मी0 चौडी सड़क के अन्तर्गत |
| 5 | | 240,243,251,263,265,266,267 270,271,272,273,274 .व 276 | सेक्टर-24 के अन्तर्गत |

1. यदि मूल काश्तकार की मृत्यु हो गई है तो उनके वारिसानों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण करने व मूल काश्तकार का मृत्यु प्रमाण-पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल, हिस्सा दर्ज खतौनी की नकल, परिवार सदस्यता प्रमाण व शपथ पत्र, अनुबन्ध पत्र, पहचान पत्र/आधार कार्ड व ब्यान आदि जमा करने पर RTGS/NEFT के माध्यम से वारिसानों के नाम Transfer किया जायेगा।
2. वर्तमान में काश्तकारों का RTGS/NEFT के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है। काश्तकार सुसंगत पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि व अन्य आवश्यक अभिलेख जैसे शपथ पत्र, अनुबन्ध पत्र आदि तैयार करा लें। बैंक खाते व प्राधिकरण में उपलब्ध अभिलेखों में काश्तकार का नाम एक समान होना चाहिए अन्यथा RTGS/NEFT के माध्यम से भुगतान में अड़चन आ सकती है। अतः बैंक खाते में नाम भी सही करा लें ताकि भुगतान में कोई अड़चन न आवें। तालिका में शामिल खसरा संख्याओं के काश्तकार उक्त अभिलेखों 15 दिन से पूर्व ही प्राधिकरण में जमा करा दें ताकि उनकी समय से जांच हो सके तथा भौतिक कब्जा सत्यापन उपरान्त उनका भुगतान RTGS/NEFT के माध्यम से यथाशीघ्र कराया जा सकें।
3. भूमि के अतिरिक्त प्रतिकर वितरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर सी०आर०सेल/तहसीलदार यमुना एक्सप्रेसवे औ० वि० प्राधिकरण के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

विशेष कार्याधिकारी
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 7 सितम्बर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## जारी रहे भारत का जुड़ाव

राहुल गांधी द्वारा पिछले वर्ष निकाली गई ऐतिहासिक 'भारत जोड़ो यात्रा' का बुधवार को एक साल पूरा हो रहा है। 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दूकान' के नाम पर निकली जिस यात्रा ने भारतीय राजनीति का परिदृश्य बदलकर रख दिया हो उसकी वर्षगांठ जोर-शोर से मनाने की तैयारी कांग्रेस कर चुकी है। उसका हक बनता भी है क्योंकि उपलब्धि बहुत बड़ी है और वह इतनी महत्वपूर्ण है कि उसने न केवल कांग्रेस को पुनर्जीवित कर दिया है वरन लोकतंत्र के अनिवार्य पक्ष यानी प्रतिरोध को जिंदा किया है।

फिर, यह सालाना जलसा ऐसे वक्त में मनाया जा रहा है जब देश दो-तीन महत्वपूर्ण घटनाक्रमों की दहलीज पर खड़ा है। एक तो है इसी 9 व 10 को राजधानी दिल्ली में होने जा रहा जी-20 का सम्मेलन। दूसरा है 18 से 22 तक होने जा रहा संसद का विशेष सत्र जिसके बारे में कोई नहीं जानता कि इसका प्रयोजन क्या है। तीसरा, इसी साल होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव; तथा चौथे, भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण जो अबकी पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ेगी। जिस यात्रा की वार्षिकी है वह दक्षिण भारत के कन्याकुमारी से चलकर श्रीनगर के लाल चौक पर राहुल द्वारा झंडा फहराने के साथ समाप्त हुई थी। इसके लिए राहुल गर्मी, उमस, बरसातों और ठंड का मुकाबला करते हुए करीब 4 हजार किलोमीटर चले थे। उनके साथ करोड़ों चले थे, कांग्रेस चली थी और पूरा भारत चला था। प्रेम का संदेश फैलाने के मकसद से निकली यह यात्रा कामयाब कही जा सकती है क्योंकि इसने लोगों को वाकई जोड़ा है। घृणा के रास्ते पर चल पड़े देश का एक बड़ा वर्ग और समूह महसूस कर रहा है कि भारत अपने मार्ग से भटक चला था। यह भटकाव भारतीय जनता पार्टी की देन कही जा सकती है। देश के अंदर विभिन्न वर्गों, समुदायों और समूहों के बीच ऐसा विखंडन और विभाजन कभी भी देखने को नहीं मिला जैसा कि आज है। समावेशी समाज के बदले बहुसंख्यकवादी समाज रचने के पीछे का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का षड्यंत्र इस यात्रा के पूरा होते-होते ठीक-ठाक उजागर हो गया। यह इस यात्रा की बड़ी नेमत रही कि राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के पक्ष में बनाया गया पूंजीवाद और कार्पोरेट इंडिया का खेल लोगों के सामने साफ उजागर हो गया।

जब यात्रा प्रारम्भ हुई थी तब राहुल का विचार बोलने का नहीं, लोगों को सुनने का था, परन्तु मुद्दे इतने थे कि धीरे-धीरे राहुल ने बगैर भयभीत हुए उन तमाम विषयों पर और सारी शक्तियों के खिलाफ बोलना शुरू किया जिनके बारे में भारत के ज्यादातर नेता, सियासी दल, संगठन बोलने से डरते हैं। इस खौफ के कई कारण हैं। मसलन, इन तत्वों के खिलाफ बोलना देश के विरूद्ध होना बतला दिया गया है। फिर भी जो बोले, उन्हें जेलों का रास्ता दिखाया गया है। ऐसे लोगों के पीछे केन्द्रीय जांच एजेंसियां लगा दी गईं। प्रतिपक्ष की आवाज पहले मद्धम फिर अंततः गुल हो गई। भारत को कांग्रेस मुक्त और फिर विपक्ष विहीन बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बात लोगों को अच्छी लगने लगी थी। विधायकों को खरीदकर विपक्षी सरकारों को गिराना और भाजपा की सरकारें बनाने को 'ऑपरेशन लोटस' जैसा आकर्षक परन्तु निहायत अलोकतांत्रिक नाम लोगों को भाया। 2014 से जिस मोदी की छवि सतत चमकती रही और लोगों को उनके बुरे से बुरे काम भी मास्टर स्ट्रोक लगते रहे, उसका रंग राहुल ने अपने बेखौफ अंदाज से उतारकर रख दिया। स्वयं राहुल की छवि एक असफल व पार्ट टाइम नेता से बदलकर एक बेहद संजीदा, फौलादी इरादे रखने वाले तथा कुशाग्र नेता के रूप में उभरी और लोगों ने स्वीकार किया कि उन्होंने राहुल को पहचानने में भूल की।

वैसे यह भी जानना होगा कि इतना बड़ा पैदल मार्च छवियों के बनने-बिगड़ने तक सीमित नहीं था। वह घृणा बनाम प्रेम और तोड़ने व जोड़ने के बीच का संघर्ष था। इन दो मानवीय भावों की बुनियाद में जो दो विचारधाराएं टकरा रही थीं, यह उसकी लड़ाई थी। एक तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विभाजनकारी व बहुलतावादी विचारधारा है जिसका प्रतिनिधित्व भारतीय जनता पार्टी तथा मोदी करते हैं तो उसका प्रतिकार कांग्रेस करती है जिसके नुमाइंदे राहुल हैं। यह महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, बीआर अंबेडकर सम्प्रति महान मानवतावादियों द्वारा निर्मित दर्शन है जिसने आज का देश गढ़ा है, एक ऐसा हिन्दुस्तान जो संविधान के मार्ग पर चलता हुआ आया है। उसका विश्वास किसी एक वर्ग या वर्ण की श्रेष्ठता या आधिपत्य में नहीं है, जो समस्त संसाधनों व अवसरों के समान वितरण में यकीन करता है तथा वह कुछ लोगों का नहीं बल्कि सभी का सशक्तिकरण करना चाहता है। समतामूलक व न्यायपूर्ण समाज उसका लक्ष्य है तथा उसके लिए धर्मनिरपेक्षता व बन्धुत्व राज्य के अनिवार्य तत्व हैं।

यात्रा का यही सबसे बड़ा प्रदेय है कि समाज को उसकी खोई हुई राह मिल गई है। 'इंडिया' नामक विपक्षी गठबन्धन का कांग्रेस नेतृत्व करता है। यही मोदी व भाजपा की तकलीफों का सबब है। मोदी के 9 वर्षों में भारत में लोकतंत्र को जो पलीता लगा है, लोगों के बुनियादी हक जो मारे गये और देश की जो बड़ी बदहाली हुई है उसके कारण मोदी की छवि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच पर दरकी है। पांच राज्यों सहित आगामी लोकसभा चुनाव (2024) में भाजपा की बड़ी पराजय का खतरा मंडरा रहा है। आर्थिक संकटों के बाद भी जी-20 के खर्चीले आयोजन से मोदी की छवि के पुनर्निर्माण की कोशिश तथा विशेष सत्र बुलाकर कोई बड़ा दांव खेलने की तैयारी भाजपा कर रही है। मोदी-भाजपा को बैकफुट पर लाना भारत जोड़ो यात्रा का ही असर है।

## ये बनाम वो, हासिल आया शून्य

### दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

गैरजरूरी मुद्दों के अंधेरे कुएं में एक बार फिर देश को धकेलने का काम सत्तारूढ़ भाजपा ने किया है। इस बार भारत बनाम इंडिया का मुद्दा खड़ा किया गया है। संविधान के आर्टिकल एक में इंडिया यानी भारत लिखा हुआ है। जिसका मतलब यही है कि इंडिया और भारत एक ही देश के दो नाम हैं, दोनों समानार्थी हैं, दोनों में कोई अंतर या भेद नहीं है। लेकिन भारत को मध्ययुग की मानसिक गुलामी में जकड़ने की कोशिश कर रहे लोगों को बिना भेदभाव की बातें कहां समझ आती हैं। उनके लिए तो सियासत का असल मकसद ही भेदभाव को बढ़ावा देना है, ताकि सत्ता हासिल हो सके। अंग्रेजों से फूट डालो और राज करो का यह गुर ऐसे लोगों ने बहुत अच्छे से सीखा है। खेद की बात ये है कि ऐसे लोगों को देश की 33 प्रतिशत जनता ने अपना मत दिया और अब उन्हें लगता है कि देश के भाग्यविधाता केवल वही हैं। देश में भाषायी, धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक अंतर होने के बावजूद हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, पारसी, बौद्ध, जैन सब भाई-भाई ही कहलाते आए हैं, मगर अब इस भाईचारे में सियासत की सेंधमारी हो चुकी है। भेदभाव का यह दायरा एक ही राज्य के बीच दो समुदायों में खड़ा हो चुका है। इसी वजह से मणिपुर पांच महीनों से सुलग रहा है। गृहयुद्ध जैसे हालात वहां बन गए हैं, लेकिन मुख्यमंत्री को हटाने या राष्ट्रपति शासन लागू करने की जगह उन संपादकों, पत्रकारों पर एफआईआर दर्ज हो रही है, जो मणिपुर की सच्चाई जानने की कोशिश कर रहे हैं। देश में एक के बनाम दूसरे को खड़ा करने का कितना घातक असर हो चुका है, ये अभी देश के लोगों को समझ नहीं आ रहा है। जब अमृतकाल का खुमार उतरेगा, तब पता चलेगा कि जिसे अमृत समझ कर हर-हर, घर-घर के नारे लगा रहे थे, वो असल में विष जैसा असर कर रहा है। अब तक देश को बदलने की सनक राष्ट्रवाद की खाल ओढ़ाकर पेश की जा रही थी। अब देश का नाम ही बदला जा रहा है और जो इसके विरोध में कुछ बोल रहा है, उसे देशविरोधी कहा जा रहा है। एक और एक ग्यारह होते हैं, लेकिन यहां एक बनाम एक करके सब कुछ शून्य किया जा रहा है। हिंदुत्व बनाम इस्लाम, हिंदी बनाम अन्य भारतीय भाषाएं, उत्तर भारत बनाम दक्षिण भारत, सनातन बनाम द्रविड़, श्मशान बनाम कब्रिस्तान, जय श्रीराम बनाम अल्लाह हू अकबर, कुकी बनाम मैतेई, गांधी बनाम भगत सिंह, नेहरू बनाम पटेल, शाकाहार बनाम मांसाहार, और अब इंडिया बनाम भारत। लगता है सहअस्तित्व की सारी विरासत को ध्वस्त करने का प्रण भाजपा ने ले लिया है।

हिंदुस्तान का इतिहास इस बात का गवाह है कि यहां बाहर से बहुत लोग आए, और सब दूध में मिसरी की तरह घुल-मिल गए। इस सुंदर देश की तुलना महासागर से अकारण नहीं की जाती है। जैसे सागर में सारी नदियां आकर एक हो जाती हैं, प्रकृति के इसी सुंदर सिद्धांत को हिंदुस्तान ने सच करके दिखाया। बड़ी-बड़ी सभ्यताएं नष्ट हो गई, मगर हिंदुस्तान बचा रहा। गुलाम हुआ, विभाजन का शिकार हुआ, लेकिन फिर भी बचा रहा, क्योंकि अनेकता में एकता की प्राणवायु को हमारे पुरखों ने कभी खत्म नहीं होने दिया। आज उसी प्राणवायु को बाधित किया जा रहा है और दावा है कि ये सब देशप्रेम के नाम पर हो रहा है। क्या जिससे हम प्यार करते हैं, कभी उसके जीवनस्रोत को बंद कर सकते हैं। लेकिन अभी वही हो रहा है। हमारे देश की सभ्यता और संस्कृति नदी की भांति अविरल बहती रहे, तभी बच पाएगी, राष्ट्रवाद का बांध उसे गंदले तालाब जैसा बना देगा। इस वक्त इसी बांध में भारत की सदानीरा विरासत को रोका जा रहा है वो भी इसलिए ताकि सत्ता मिल सके। भाजपा को विचार करना चाहिए कि वह किस तरह के पानी में अपना कमल खिलाना चाहती है। सत्ता तो उसे 1996 में भी हासिल हुई थी, और 2014 में भी, अगर जनता की मर्जी हुई तो 2024 में भी भाजपा को सत्ता पर बिठाएगी और नहीं हुई तो हटा देगी। लोकतंत्र के इस चलन को ऐसे ही चलते रहना चाहिए। मगर अभी श्री मोदी को इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस, जिसे संक्षिप्त में इंडिया कहा गया, उससे शायद खौफ हो रहा है। इसलिए उन्होंने पहले इंडिया को इंडियन मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठन से जोड़ा, फिर परिवारवाद क्विट इंडिया जैसे नारे लगाए और अब इंडिया शब्द को औपचारिक पत्रों से हटाने की खबरें सामने आई हैं।

भाजपा के लोग ईमानदारी से इतिहास पढ़ें तो उन्हें पता चलेगा कि इंडिया शब्द अंग्रेजों की देन नहीं है। यूनान के इतिहासकार हेरोटोस ने 440 ईसा पूर्व इंडिया शब्द का इस्तेमाल किया था। उन्होंने तुर्की और ईरान से इंडिया की तुलना करते हुए कहा था कि इंडिया स्वर्ग जैसा है। जहां की मिट्टी उपजाऊ है और जिस क्षेत्र में काफी ज्यादा आबादी रहती है।

राष्ट्रपति भवन से जी-20 सम्मेलन के मौके पर 9 सितंबर को एक औपचारिक रात्रिभोज का आयोजन किया गया है। इसके निमंत्रण पत्र पर प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया नहीं प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया है। इसी तरह आसियान सम्मेलन के लिए जारी बुकलेट में प्रधानमंत्री मोदी को इंडिया की बजाय भारत के प्रधानमंत्री लिखा गया है। जबकि विदेशों में देश की पहचान भारत से अधिक इंडिया के रूप में होती है। अब कहा जा रहा है कि संसद के विशेष सत्र में इंडिया नाम हटाने का विधेयक पेश किया जाएगा। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पिछले दिनों इंडिया की जगह भारत बोलने का आह्वान किया। फिर भाजपा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने संविधान में संशोधन कर इंडिया की जगह भारत शब्द करने की मांग की है। श्री यादव का कहना है कि इंडिया को अंग्रेज गाली की तरह इस्तेमाल करते थे। उनसे पहले भाजपा के राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल ने इंडिया शब्द को हटाकर भारत शब्द के इस्तेमाल की मांग की थी। उनका कहना था कि इंडिया शब्द औपनिवेशिक दासता का प्रतीक है।

अगर भाजपा के लोग ईमानदारी से इतिहास पढ़ें तो उन्हें पता चलेगा कि इंडिया शब्द अंग्रेजों की देन नहीं है। यूनान के इतिहासकार हेरोटोस ने 440 ईसा पूर्व इंडिया शब्द का इस्तेमाल किया था। उन्होंने तुर्की और ईरान से इंडिया की तुलना करते हुए कहा था कि इंडिया स्वर्ग जैसा है। जहां की मिट्टी उपजाऊ है और जिस क्षेत्र में काफी ज्यादा आबादी रहती है। वर्ल्ड हिस्ट्री वेबसाइट के मुताबिक 300 ईसा पूर्व पहली बार यूनान के राजदूत मेगस्थनीज ने सिंधु नदी के पार के इलाके के लिए इंडिया शब्द का इस्तेमाल किया था। अंग्रेजों के लिए भी इंडिया बोलना आसान था, क्योंकि अंग्रेजी में भ का उच्चारण नहीं है। लेकिन भाजपा इसे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, उपनिवेशवाद और देशप्रेम से जोड़कर देश की डिक्शनरी से हटाने की कवायद में लगी है और इसके लिए जो भी तर्क दिए जा रहे हैं, उन्हें केवल कुतर्कों की श्रेणी में ही रखा जा सकता है। भाजपा के इस खेल में अमिताभ बच्चन और वीरेन्द्र सहवाग जैसे कुछ नामी लोग भी शामिल हो चुके हैं, ताकि जनता को भरमाने में आसानी हो। मगर जनता को याद रखना चाहिए कि उसका जीवन संविधान के कारण ही आसान बना रहेगा, देश का नाम बदलने से नहीं। और भाजपा के लोग बार-बार संविधान बदलने के इरादे जतला रहे हैं।

15 अगस्त को पीएम मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय ने 'देयर इज़ ए केस फॉर वी द पीपल टू इंब्रेस अ न्यू कॉस्टिट्यूशन' शीर्षक के लेख में ये सलाह व्यक्त कर दी कि अब संविधान को बदल देना चाहिए। इससे पहले 2017 में, मोदी सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री अनंत हेगड़े, ने कहा था कि भाजपा 'संविधान बदलने' के लिए सत्ता में आई है और 'निकट भविष्य' में ऐसा किया जाएगा। और अब ऐसा लग रहा है कि इस दिशा में कई कदम उठाए जा चुके हैं। देश का नाम केवल भारत तक सीमित करने में भाजपा बहुमत के कारण सफल भी हो जाए, तो भी इसका कुछ अच्छा संदेश दुनिया में नहीं जाएगा। अब तक शहरों, सड़कों, स्टेशनों का नाम भाजपा ने बदला, अब उसे इंडिया शब्द से राजनैतिक उलझन हो रही है, तो देश का नाम बदलने चली है। लेकिन इससे हासिल क्या होगा, ये विचार 9 सालों से सत्ता में बैठे लोगों को करना चाहिए।

## इंडिया गठबंधन को सफलतापूर्वक करनी होगी सीटों की साझेदारी

■ कल्याणी शंकर

नवगठित विपक्षी गठबंधन इंडिया ने मुंबई में एक ठोस गठबंधन को मजबूत करने की दिशा में पिछले सप्ताह एक सकारात्मक कदम उठाया। यह निर्णय उनकी तीसरी बैठक के दौरान लिया गया। पहली दो बैठकें पटना और बेंगलुरु में हुई थीं। गठबंधन का लक्ष्य लक्ष्य 1977 या 2004 के परिदृश्य को दोहराना है जब कमजोर विपक्ष ने सत्तारूढ़ सरकार के खिलाफ जीत हासिल की थी।

मुंबई में गुरुवार और शुक्रवार को दो दिवसीय बैठक के लिए 28 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एकत्र हुए। 63 उपस्थित लोगों ने साझा अभियान रणनीति और एनडीए का मुकाबला करने के तरीकों पर चर्चा की। बैठक के बाद, गठबंधन ने घोषणा की कि वे अपनी 'सर्वोत्तम क्षमता के साथ मिलकर' चुनाव में भाग लेंगे। वे 'समझौते की सहयोगी भावना' का उपयोग करते हुए, तुरंत राज्य सीट-बंटवारे की व्यवस्था का आयोजन शुरू कर देंगे। इसके अतिरिक्त, उनका लक्ष्य जल्द से जल्द देश भर में सार्वजनिक रैलियां आयोजित करना है। 13 सदस्यीय समन्वय भी स्थापित किया गया।

फिर भी विपक्षी नेताओं को अहसास है कि आंतरिक और बाहरी दोनों तरह की कई बाधाओं से पार पाना बाकी है। गठबंधन को क्षेत्रीय दलों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत करने में चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इंडिया टीम को गठबंधन सहयोगियों के बीच अंतर्निहित विरोधाभासों पर काबू पाने की कठिन चुनौती का भी सामना करना पड़ रहा है। उन्हें निर्बाध सीट आबंटन के लिए लेन-देन की नीति पर सहमत होना होगा और जमीनी स्तर पर सहयोग करना होगा।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे स्वीकार किया। उदाहरण के लिए, दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस और आप राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस, वामपंथी दल और कांग्रेस की पश्चिम बंगाल में अपनी-अपनी राजनीतिक स्थिति है। केरल में वामपंथी और कांग्रेस की भी बड़ी हिस्सेदारी है। ममता बनर्जी ने 2 अक्टूबर तक इंडिया गठबंधन का घोषणापत्र जारी करने का सुझाव दिया, जबकि अरविंद केजरीवाल ने अगले महीने के अंत तक लोकसभा चुनाव के लिए सीट-बंटवारे को अंतिम रूप देने का प्रस्ताव रखा।

मुख्य बात अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना है, जो भाजपा के नौ साल के कार्यकाल से प्रभावित हुआ है। कई लोग अगले पांच साल तक राजनीतिक जंगल में रहने को तैयार नहीं हैं। इसलिए, सबसे उपयुक्त उम्मीदवार चुनना और विशिष्ट सीटों पर आम सहमति बनाना महत्वपूर्ण है। लेन-देन की नीति इस संबंध में मदद कर सकती है। अपने उम्मीदवार की जीत और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं सहित उनके समूह के सभी लोगों की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है। ये कार्यकर्ता इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि जिस पार्टी के खिलाफ वे कल तक लड़ते रहे हैं, उसका समर्थन कैसे करें।

अन्य मुद्दे भी हैं जिन पर निर्णय होना बाकी है। गठबंधन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देने और एक नयी कहानी विकसित करने के लिए एक व्यवहार्य उम्मीदवार की पहचान करनी चाहिए। संयोजक या प्रधानमंत्री पद के चेहरे पर अभी तक सहमति नहीं बन पाई है। इन सभी में, कांग्रेस ही इंडिया ब्लाक में सच्चे अर्थों में मुख्य अखिल-राष्ट्रीय पार्टी बनी हुई है।

पिछले दशक में ताकत में गिरावट का अनुभव करने के बावजूद, कांग्रेस पार्टी राष्ट्रव्यापी अपील वाली एकमात्र राजनीतिक इकाई है। 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस ने 52 सीटें जीतीं और 209 सीटों पर दूसरे स्थान पर रही। उन्हें 12 करोड़ से अधिक वोट मिले, जबकि संयुक्त विपक्षी गुट को कम वोट मिले। उनकी किस्मत में कोई भी बदलाव देश की राजनीति पर काफी असर डाल सकता है।

कांग्रेस और भाजपा लोकसभा की एक तिहाई सीटों पर सीधी टक्कर में हैं। कांग्रेस पार्टी अभी भी पंजाब, असम, कर्नाटक, केरल, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, गोवा, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और नागालैंड में महत्वपूर्ण प्रभाव रखती है, जहां कुल मिलाकर 155 लोकसभा सीटें हैं।

एक महत्वपूर्ण चिंता यह है कि अगला चुनाव कब होगा। भाजपा को अपने पिछले अनुभव के कारण समय से पहले आम चुनाव कराने में झिझक हो सकती है। 2004 में भाजपा जीतने की उम्मीद कर रही थी, लेकिन कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए ने आश्चर्यजनक रूप से उन्हें हरा दिया। भाजपा की हिंदी पट्टी में मजबूत उपस्थिति है, लेकिन दक्षिण में अभी भी पर्याप्त प्रगति नहीं हुई है, जहां 129 सीटों पर कब्जा करना बाकी है।

लोकसभा चुनाव समय से पहले होंगे या नहीं, इस पर अभी कोई पक्की खबर नहीं है। न ही भाजपा और न ही चुनाव आयोग ने कोई संकेत दिया है। अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री मोदी पर निर्भर है, जो अप्रत्याशित विकल्प चुनने के लिए जाने जाते हैं। भाजपा मोदी को अपना भाग्यशाली शुभंकर मानती है। पार्टी दस राज्यों में शासन कर रही है, और चार राज्यों में एनडीए के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ शासन में है। लोकसभा में 55 फीसदी से अधिक सीटों उसके पास है।

हालांकि, कुछ विपक्षी मुख्यमंत्री, जैसे नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, एमके स्टालिन और अरविंद केजरीवाल का अनुमान है कि 2024 के लोकसभा चुनाव जल्द हो सकते हैं। यह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मिजोरम और तेलंगाना में आगामी विधानसभा चुनावों के साथ मेल खा सकता है। इसके अतिरिक्त भाजपा ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की वकालत की है।

लोकसभा चुनाव समय से पहले होंगे या नहीं, इस पर अभी कोई पक्की खबर नहीं है। न ही भाजपा और न ही चुनाव आयोग ने कोई संकेत दिया है। अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री मोदी पर निर्भर है, जो अप्रत्याशित विकल्प चुनने के लिए जाने जाते हैं। भाजपा मोदी को अपना भाग्यशाली शुभंकर मानती है। पार्टी दस राज्यों में शासन कर रही है, और चार राज्यों में एनडीए के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ शासन में है। लोकसभा में 55 फीसदी से अधिक सीटों उसके पास है।

मोदी का लक्ष्य विपक्ष की अराजकता का फायदा उठाकर तीसरा कार्यकाल जीतना है। भाजपा ने हर संभावित स्थिति के लिए पूरी तैयारी की है। इसने करीब सभी 543 संसदीय क्षेत्रों में 100,000 बूथों को कवर करने के लिए 40,000 बूथ कार्यकर्ताओं को जुटाया है।

सत्तारूढ़ भाजपा अपनी योजनाओं को गुप्त रखती है और अपनी ताकत बरकरार रखते हुए विपक्ष के प्रभाव को कम करना चाहती है। इसमें बीजेडी, वाईएसआरसीपी, और बीआरएस जैसी पार्टियों के साथ तटस्थता शामिल है। पार्टी नेतृत्व का अंतिम उद्देश्य भाजपा के लिए अधिक धन प्राप्त करते हुए धन को विरोधी पक्ष में जाने से रोकना है।

अगले कुछ महीनों में दोनों खेमों में उग्र गतिविधियां देखने को मिलेंगी। मोदी की लोकप्रियता, भाजपा के वित्तीय संसाधन और मजबूत संगठन अभी भी सत्तारूढ़ पार्टी को बढ़त दिला सकते हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव आने वाले समय की झलकी हो सकते हैं।

### पावन प्रसंग

## उपवास से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं

उपवास करने की परंपरा भारतीय संस्कृति में अति प्राचीनकाल से ही चली आ रही है। विभिन्न मानसिकता वाले लोगों के लिए भिन्न-भिन्न दिनों किसी न किसी देवी-देवता के बहाने उपवास करने का विधान शास्त्रों में जोड़ा गया है। गुरुवार एवं रविवार के उपवास पर विशेष बल दिया गया है और यह स्पष्ट किया किया गया है कि व्यक्ति को कम से कम सप्ताह में एक बार तो उपवास करना ही चाहिए। लगभग सभी भारतीय धर्मों में उपवास की महत्ता को स्वीकार किया गया है। मुसलमानों में रोजा इसी का परिचायक है। भारतीय साधना पद्धति में चंद्रायण साधना को इसीलिए महत्व दिया गया है। शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए, गंदगी की सफाई के लिए उपवास का अपना अलग महत्व है। अधिकांश लोगों का उपवास करने का कारण धार्मिक होता है। कुछ लोग चिकित्सकीय सलाह या अन्य कारणों से उपवास करते हैं। भोजन प्राणिमात्र के अस्तित्व के लिए आवश्यक है, इसलिए उपवास प्रकृति के विपरीत प्रतीत होते हैं, परंतु वास्तव में ऐसा नहीं है। उपवास से कई फायदे हैं। मानव शरीर पर उपवास का प्रभाव सकारात्मक होता है या नकारात्मक यह जानने का प्रयास वैज्ञानिक समय-समय पर करते रहते हैं।

उपवास का शाब्दिक अर्थ भोजन का पूर्ण रूप या आंशिक रूप से त्याग है। समाज में उपवास का भिन्न-भिन्न लोगों द्वारा भिन्न-भिन्न अर्थ लगाया जाता है। कुछ लोग उपवास में जल भी ग्रहण नहीं करते (जैसे निर्जला एकादशी के दिन, भादो मास के तीज के दिन) तो कुछ लोग परंपरागत अनाज छोड़कर फलादि खाते हैं। कुछ लोग एक समय भोजन करने को ही उपवास मानते हैं किंतु वैज्ञानिक दृष्टि से जल के अतिरिक्त कुछ भी ग्रहण नहीं करना उपवास की श्रेणी में आता है। पतंजलि के योग सिद्धांतों में भी उपवास की महत्ता को स्वीकारा गया है। बापूजी का लंबा व्रत सुप्रसिद्ध है। विनोबा भावे भी उपवास किया करते थे। नवरात्रि के दिनों में ऋतु-परिवर्तन के कारण उपवास एवं अनुष्ठान को हर मनुष्य के लिए अनिवार्य बताया गया है। जो भोजन हम मुंह द्वारा अंदर लेते हैं, वह सीधे हमारे शरीर का भाग नहीं बन जाता। शरीर में मुंह से लेकर मलद्वार तक एक लंबी नली पाई जाती है। मुंह से भोजन इस नली में प्रवेश करता है जब भोजन आहार नाल में धीरे-धीरे आगे बढ़ता है पाचक रसों के प्रभाव से भोजन के प्रमुख अंश विलय अवस्था में आ जाते हैं। जब भोजन आहार नाल के छोटी आंत वाले हिस्से में पहुंचता है तो भोजन के विलय अंश अवशोषित कर रक्त में मिला दिए जाते हैं शेष भाग मलाशय में मल के रूप में एकत्रित हो जाता है। रक्त में आए अंशों का शरीर के विभिन्न भागों में वितरण कर दिया जाता है। छोटी आंत की भीतरी भित्ति पर पचे हुए भोजन को अवशोषित करने के लिए विशिष्ट प्रकार की रचनाएं पाई जाती हैं, जिन्हें सूक्ष्मांकुर करते हैं, सूक्ष्मांकुरों के कारण आंतों की भीतरी सतह का क्षेत्रफल बहुत बढ़ जाता है। भोजन के पचे हुए भाग को अवशेषित कर उसे रुधिर में मिलाने की जिम्मेदारी मूलतः ये सूक्ष्मांकुर करते हैं, जब सूक्ष्मांकुर बनाने वाली कोशिकाएं वृद्ध हो जाती हैं तो इनकी कार्यक्षमता भी क्षीण हो जाती हैं। अंततः ये कोशिकाएं मर जाती हैं तथा उनके स्थान पर नई कोशिकाएं बन जाती हैं। प्रतिस्थापन की इस प्रक्रिया में शरीर को बहुत अधिक ऊर्जा खर्च करनी पड़ती है। उपवास के समय पुरानी कोशिकाओं को ही पुनः प्रभावकारी बना दिया जाता है तथा कम खर्च करने में ही आहार नाल की अवशोषण प्रक्रिया सही बनी रहती है।

उपवास हमारे शरीर की एंजाइम प्रणाली को सक्रिय बनाए रखने में सहायक होते हैं। पाचन क्रिया के फलस्वरूप भोजन की अतिरिक्त मात्रा को ग्लाइकोजन व वसा में बदलकर शरीर में एकत्रित कर लिया जाता है। जब शरीर को भोजन नहीं मिलता तब जिगर में संगृहीत ग्लाइकोजन व वसा को ग्लूकोज में बदलने की क्रिया एक विशिष्ट एंजाइम तत्र द्वारा संपन्न होती है। स्पष्ट है कि यह एंजाइम तंत्र भी तभी सक्रिय होता है, जब शरीर भूखा होगा। उपवास करते रहने से इस एंजाइम तंत्र को सक्रिय बने रहने में मदद मिलती है। उपवास न करने की स्थिति में इस एंजाइम तंत्र के धीरे-धीरे निष्क्रिय होते चले जाने का खतरा रहता है। उपवास का लाभ कैंसर रोकने में भी होता है।

अमेरिका के स्वास्थ्य विज्ञानी डॉ. ग्रासीकराउप ने अपने प्रयोगों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है कि शरीर में भोजन रूपी कैलोरिकआपूर्ति कम होने पर जंतुओं और मानव में कैंसर होने की आशंका कम हो जाती है। उपवास के बाद प्रीति ओपनास्टिक कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं। उन कोशिकाओं के ही कैंसर कोशिकाओं में बदलने की आशंका रहती है। इन प्रमाणों के आधार पर यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि उपवास शरीर के लिए नितांत उपयोगी ही नहीं, परमावश्यक भी है। उपवास के दौरान जीवन प्रतिरोधी क्षमता (इम्युनिटी) भी बढ़ जाती है। मन भी पवित्र होता चला जाता है इसीलिए उपवास को अनिवार्य बताया जाता है।

**युग निर्माण योजना**

### आपके पत्र

## चौक चौराहों पर वाहन चलाने वालों की व दूकानदारी करने वालों की मनमानी

राजधानी की सड़कों पर यातायात व्यवस्था का आलम यह है कि आमापारा चौक विशाल मेगा मार्ट वाले चौक पर तो अघोषित रिक्शा ई-रिक्शा स्टैंड बन गया है। आमापारा से लेकर पूरे जी.ई. रोड, आमानाका तक रास्ते के किनारे जो रेहड़ी वाले राजकुमार कॉलेज के सामने लगने वाले ठेले, कपड़े व मच्छड़दानी बेचने वाले, फल बेचने वाले अपनी दूकान का माल दूकान के बाहर रोड तक फैलाकर रखते हैं तथा खरीदी करने वाले अपनी कार व दुपहिया वाहन दूकान के बाहर खड़ी कर खरीदारी करते हैं जिसके कारण यातायात पूरी तरह से ठप हो जाता है। शाम 6 एवं 7 बजे के बीच गाड़ियों का रेला लगा रहता है। ई-रिक्शा वाले तो बीच में कहीं भी रास्ते पर रोक कर सवारी बैठाने का काम करते हैं। पीछे से आने वाले वाहन भले ही टकरा जाए उनकी बला से। उन्हें तो सवारी बिठाना है। यातायात के नियम का पालन तो किसी को करना ही नहीं है। सब वाहन चालकों को मनमानी करना है। चलो ट्रेन पकड़ने वालों की बात समझ में आती है जिन्हें रोज ही आना जाना पड़ता है लेकिन दुपहिया वाहन एवं कारों का काफिला तो खत्म होने का नाम ही नहीं लेते। कोई भी एक तरफ से रास्ता पार कर लें, नहीं, सबको चारों ओर से चौक पार करना है। इस आपाधापी में गाड़ियां फंस जाती हैं। न तो सिंग्नल लाइट के जलने का किसी को इंतजार करना है न बुझने का। बस उन्हें तो चौक पार करना ही है। लाइट भी इतने कम समय के लिए जलती है पूरे वाहन पार हो ही नहीं पाते या फिर इतने देर तक जलती रहेगी कि वाहन पार होने के बाद भी लाइट जलते रह जाती है। प्रायः यह रोज का ही काम है।

रोज ट्यूशन व कोचिंग करने वाले व रोज ही अपनी ड्यूटी कर लौटने वालों के कारण रोज ही यह परेशानी झेलनी पड़ रही है। राजधानी के यातायात का तो भगवान ही मालिक है। त्योहारों के समय तो पूछो ही मत। अगर भूले से एमजी, जयस्तंभ चौक से लेकर कोतवाली चौक चले गए तो भीड़ के कारण चलना मुश्किल हो जाता है।

सत्ती बाजार से कोतवाली चौक तक जो रोड के दोनों ओर गड्ढे कर दिए गए थे वह रास्ता समतल नहीं किया गया है जिसके कारण रोड ऊबड़-खाबड़ हो गया है जिससे वाहन चलाना ही दूभर है। पहले तो व्यापारियों के वाहन खड़ी होने के कारण भीड़ हो जाती थी और अब गड्ढे के कारण उस रास्ते से निकलना मुश्किल हो गया है। क्या राजधानी की यातायात सुविधा सुलभ हो पाएगी?

**एक परेशान पाठक, रायपुर**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## ट्यूनीशिया के पूर्व प्रधानमंत्री जेबाली गिरफ्तार

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया के पूर्व प्रधान मंत्री और इस्लामिक पार्टी एन्नाहधा के पूर्व महासचिव हमादी जेबाली को मंगलवार को सॉसे प्रांत में उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। आधिकारिक समाचार एजेंसी ट्यूनिस अफ्रीक प्रेस (टीएपी) ने यह रिपोर्ट दी हैं। टीएपी की रिपोर्ट के अनुसार श्री जेबाली के वकील ने एक बयान में कहा कि पुलिसकर्मियों के एक समूह ने श्री जेबाली को गिरफ्तार करने और उसका सेल फोन और निजी कंप्यूटर जब्त करने से पहले मंगलवार सुबह उसके घर की तलाशी ली।

## ऋषि सुनक की पहली भारत यात्रा पर उनके सम्मान में दावत देगा परिवार

- ब्रिटेन में प्रधानमंत्री का पद संभालने वाले पहले भारतीय मूल के व्यक्ति हैं सूनक
- मूल रूप से पंजाब से ताल्लुक रखता है सूनक का परिवार

**लंदन,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। इस सप्ताह जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में ऋषि सुनक की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा से पहले उनके रिश्तेदार अपनी पैतृक भूमि पर भारतीय मूल के नेता का स्वागत करने के लिए नई दिल्ली में एक भोज के आयोजन की तैयारियों में जुट गये हैं।

द टेलीग्राफ ने बताया कि सुनक के रिश्तेदार गुरुवार या शुक्रवार को नई दिल्ली में फूलों के गुलदस्ते और पंजाबी संगीत पर नॉन-स्टॉप डांस के साथ दावत का आयोजन करेंगे। सुनक के मामा गौतम देव सूद ने कहा कि सभी रिश्तेदारों को प्रधानमंत्री के आगमन पर नई दिल्ली में इकट्ठा होने के लिए कहा गया है, जिनकी तीन दिवसीय यात्रा पर उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ आने की संभावना है। सूद ने द टेलीग्राफ को बताया कि मेनू में उत्तर और दक्षिण भारतीय व्यंजनों का मिश्रण होगा, साथ ही रात के खाने के लिए फूलों के गुलदस्ते और पेय पदार्थ भी होंगे, उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है कि वह अपनी पैतृक भूमि का दौरा कर रहे हैं।



जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत आ रहे हैं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री

सुनक के चाचा सुभाष बेरी ने कहा, हम सटीक विवरण नहीं दे सकते, लेकिन प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए एक योजना बनाई गई है। हम एक रात बिना रुके नाचने की तैयारी कर रहे हैं, ज्यादातर पारंपरिक पंजाबी संगीत की जीवंत धुनों पर, हालांकि मुझे लगता है कि हम बीच में कुछ अंग्रेजी धुनों पर भी थिरक सकते हैं।

हालांकि, समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, सुनक गुरुवार या शुक्रवार की रात के लिए प्रस्तावित कार्यक्रम में शामिल होने की योजना नहीं बना रहे हैं, क्योंकि शुक्रवार और रविवार के बीच विश्व नेताओं के साथ बैठकों का एक गहन कार्यक्रम है। मूल रूप से पंजाब से ताल्लुक रखने वाले साउथेम्प्टन में भारतीय माता-पिता के घर जन्मे 42 वर्षीय सुनक ब्रिटेन में प्रधानमंत्री का पद संभालने वाले पहले भारतीय मूल के व्यक्ति हैं। ब्रिटिश भारतीय नेता ने द्विपक्षीय सहयोग के सभी क्षेत्रों में भारत को यूके का एक अनिवार्य भागीदार बताया है, जिसे वह आगे बढ़ाने के इच्छुक हैं। उन्होंने मंगलवार को भारत के साथ एक 'त्वरित' व्यापार समझौते से इनकार कर दिया, जो भारतीय लोगों के लिए अधिक प्रवासन अधिकारों की नई दिल्ली की मांगों पर असहमति के कारण रुका हुआ है। बातचीत से जुड़े कई सूत्रों ने गार्जियन को बताया कि सुनक ने अर्ली हार्वेस्ट सौदे के विचार को खारिज कर दिया, जिससे व्हिस्की जैसे सामानों पर टैरिफ कम हो सकता था लेकिन पेशेवर सेवाओं जैसे पेचीदा विषयों से निपटा नहीं जा सका है।

## यूक्रेन में अभी चुनाव से अस्थिरता आएगी : डेनिलोव

**कीव,** 6 सितम्बर (एजेंसिां)। यूक्रेन के राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव ओलेक्सी डेनिलोव ने कहा कि संघर्ष और मार्शल लॉ के दौरान चुनाव कराने से देश में स्थिति अस्थिर हो जाएगी। श्री डेनिलोव ने यूट्यूब पर प्रसारित कीव सिक्योरिटी फोरम को कहा, चुनाव एक बहुत ही कठिन मुद्दा है। जिन परिस्थितियों में हमारा देश है, उनमें चुनाव कराने का सवाल आंतरिक अस्थिरता का सवाल है। क्योंकि चुनाव मुख्य रूप से मंचों, बड़ी चर्चाओं और यह पता लगाने की प्रतियोगिता है कि देश के लिए क्या सही है युद्ध के दौरान ऐसी चर्चाएँ कैसे हो पायेंगी। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने इस वर्ष की शुरुआत में यूक्रेन का दौरा किया था और यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से नियोजित चुनाव को स्थगित नहीं करने का आग्रह किया था। उन्होंने यूक्रेन के सभी सहयोगियों से 2024 में चुनाव कराने में मदद करने का भी आह्वान किया। श्री जेलेंस्की ने अगस्त के आखिर में कहा था कि



अगर अमेरिका और यूरोप वित्तीय समर्थन दें और अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षक मौजूद रहे तो वह चाहेंगे कि यूक्रेन में 2024 में राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव कराये जाये। श्री जेलेंस्की के सलाहकार मायखाइलो पोडोल्याक ने पिछले हफ्ते राष्ट्रपति के बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि वह अगले साल चुनाव चाहते हैं, उन्होंने कहा कि यूक्रेन में इस साल कोई चुनाव नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि यूक्रेन के अधिकारियों ने पिछले वर्ष 24 फरवरी को देश में मार्शल लॉ लागू किया था, बीते माह यूक्रेनी संसद ने मार्शल लॉ को 15 नवंबर तक बढ़ा दिया था। मार्शल लॉ के विस्तार के कारण इस वर्ष अक्टूबर के अंत में होने वाले संसदीय चुनाव स्थगित कर दिए गए हैं।

## सुडोकू 6309

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 7 | | 6 | | | | |
| | | | 4 | | | | 1 | 9 |
| 1 | 2 | | | | | | | 6 |
| | | | 7 | 8 | | | | |
| 7 | 8 | | 5 | | 2 | | 6 | 3 |
| | | | | 4 | 3 | | | |
| 2 | | | | | | | 9 | 8 |
| 5 | 9 | | | | 7 | | | |
| | | | | 3 | | 6 | | 7 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 7 सितम्बर , 2023 भाद्र कृष्ण पक्ष 8**

### राशिफल

मेष – आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिजनों के साथ स्वादिष्ट भोजन और अच्छे पल गुजार सकेंगे। आर्थिक विषयों से संबंधित योजना व्यवस्थित तरीके से बना सकेंगे। आय में वृद्धि होगी।

वृषभ – आज आपका दिन ताज़गी और उत्साह से भरपूर रहेगा। आप आनंद अनुभव कर सकेंगे। दोस्तों और सगे-सम्बंधियों से उपहार मिल सकेगा। आपका दिन यात्रा में गुजर सकता है। आप स्वादिष्ट भोजन बना पाएंगे।

मिथुन – आज संयमित व्यवहार आपको बहुत सी तकलीफों से बचा लेगा। आपके व्यवहार के कारण गलतफहमी हो सकती है। शारीरिक पीड़ा के कारण मानसिक अस्वस्थता की अनुभूति होगी।

कर्क – अचानक धन लाभ हो सकता है। मित्रों, सगे- सम्बंधियों और स्नेहीजनों के साथ दिन आनंद और रोमांच से भरपूर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। बिजनेस में लाभदायक लेन-देन और सौदा कर सकेंगे।

सिंह – काम में विलंब होगा। घर और ऑफिस में उत्तरदायित्व बढ़ जाएंगे। जीवन अधिक गंभीर होता हुआ प्रतीत होगा। नए रिलेशन या काम के सम्बंध में अभी कोई महत्वपूर्ण निर्णय ना लें। पिताजी के साथ मतभेद हो सकता है।

कन्या – आज शारीरिक सुस्ती और मानसिक थकान महसूस होगी। संतान के साथ अनबन या संघर्ष रहेगी। ऑफिस में उच्च अधिकारी के साथ भी विवाद हो सकता है। किसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

तुला – आपको अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना होगा। कटुवाणी और खराब व्यवहार के कारण विवाद या मतभेद हो सकता है। उग्र स्वभाव और खर्च पर अंकुश रखें। आपके विरोधी अधिक सक्रिय बनेंगे।

वृश्चिक – आज आपका दिन आनंद और मौज-मस्ती से भरपूर रहेगा। दोस्तों का साथ मिलेगा। नए वस्त्र और आभूषण पहनने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही आप स्वादिष्ट भोजन प्रवास और मनोरंजन का आनंद लेंगे।

धनु – आज आपको आर्थिक लाभ की संभावना है। परिवार में सुख- शांति और आनंद व्याप्त होगा। नौकरीपेशा लोगों को नौकरी में लाभ और सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। अधीनस्थ व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त कर सकेंगे।

मकर – आज आपका मन चिंता और दुविधा में उलझे होने के कारण आप किसी भी विषय में ठोस निर्णय पर नहीं आ सकेंगे। आज महत्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह दी जाती है। भाग्य साथ न देने से हताशा पैदा होगी।

कुंभ – आपको मानसिक व्यग्रता और बेचैनी का अनुभव होगा। भविष्य के लिए पैसे का आयोजन करने के लिए अच्छा समय है। सौंदर्य प्रसाधन, अलंकार और वस्त्रों के पीछे खर्च होगा। माता से लाभ होगा।

मीन – वैचारिक स्थिरता महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहायक बनेगी। आपकी सृजनशक्ति और कलात्मकता विकसित होगी। जीवनसाथी के साथ आत्मीयता बढ़ेगी। नजदीक के स्थान पर प्रवास या पर्यटन का आयोजन होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## 'चीन, आसियान ने विकास का मार्ग किया प्रशस्त'




**जकार्ता,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने बुधवार को कहा कि पिछले 10 वर्षों में उनका देश और दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन (आसियान) दीर्घकालिक अच्छे-पड़ोसी और मित्रता के साथ-साथ सामान्य विकास तथा समृद्धि का सही मार्ग प्रशस्त करने में सफल रहे हैं। श्री कियांग ने इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आयोजित 26वें चीन-आसियान शिखर सम्मेलन में आज यह बात कही। उन्होंने कहा कि दुनिया एक सदी में अनदेखे गंभीर बदलावों से गुज़र रही है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों जकार्ता शिखर सम्मेलन की बैठक चल रही है। पांच सितंबर से शुरु हुआ यह सम्मेलन आठ सितंबर तक चलेगा।

## किशिदा ने छह क्षेत्रों में जापान, आसियान कनेक्टविटी पहल शुरू करने की घोषणा की

**टोक्यो,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने बुधवार को छह क्षेत्रों में जापान-आसियान व्यापक कनेक्टविटी पहल की शुरुआत की घोषणा की। जिसमें बुनियादी ढांचे और समुद्री से लेकर डिजिटल कनेक्टिविटी तक छह प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार शामिल है।

श्री किशिदा ने इंडोनेशिया में आसियान-इंडो-पैसिफिक फोरम में कहा, जापान-आसियान व्यापक कनेक्टिविटी पहल की घोषणा करें और स्पष्ट करें कि जापान छह क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए सहयोग को बढ़ावा देगा। सहयोग का पहला क्षेत्र परिवहन बुनियादी ढांचे का विकास है।




उन्होंने कहा कि जापान 19 अरब डॉलर की परियोजनाओं के माध्यम से आसियान देशों के बीच वस्तुओं और लोगों के प्रवाह को सुविधाजनक बनाना जारी रखेगा। श्री किशिदा ने सहयोग बढ़ाने के दूसरे क्षेत्र के रूप में डिजिटल कनेक्टिविटी की पहचान की।

## किशिदा पर विस्फोटक हमले में संदिग्ध दोषी : अदालत

**टोक्यो।** जापान की अदालत ने बुधवार को अप्रैल में एक चुनाव कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा पर विस्फोटक से हमला करने के मामले में संदिग्ध को दोषी ठहराया है। अभियोजन ने बताया कि जांच अधिकारियों ने तीन महीने के मनोरोग मूल्याकंन के बाद पाया कि हत्या के प्रयास का आरोपी रयुजी किमुरा (24) ने हमले के लिए घरेलू पाइप बम का इस्तेमाल किया था और घटना के समय वह मानसिक रूप से स्वस्थ्य था। उल्लेखनीय है कि 15 अप्रैल को वाकायामा शहर में स्थित बंदरगाह पर भाषण दे रहे प्रधानमंत्री किशिदा पर किमुरा ने एक विस्फोटक उपकरण फेंका था।

## वर्ग पहेली 6309



**बायें से दायें:-**

१. विवाह की एक रस्म
४. निरपराध,निर्दोष (उर्दू)
६. छुटकारा, मुक्ति (उर्दू)
७. जन्म देना,जनन
८. धनी, समृद्ध
१०. दहाड़
११. वीरान, निर्जन
१३. शिशु की अवस्था, बाल्यकाल
१४. ढीला, सुस्त
१५. चौकन्नापन, जागरुकता
१७. कबीर के पदों का संग्रह
१८. ध्वनि, शब्द
२१. बाजगरी
२२. गणेश
२४. राजा, सम्राट (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. निस्तेज, मुरझाया हुआ
२. झूठी बात
३. विवाह करना
४. जो लेन-देन के मामले में खरा न हो (उर्दू)
५. नाव खेने वाला, नाविक (उर्दू)
९. खून बढ़ाने वाला
११. कमल
१२. राहिल्य
१३. पार्वती, पर्वतपुत्री
१४. उलाहना (उर्दू)
१५. सर्वविदित, सबके सामने (उर्दू)
१६. बड़ा हाथी
१८. डांट, फटकार
१९. दखलंदाजी
२०. स्थान (उर्दू)
२३. देवदूत (उर्दू)


### वर्ग पहेली-6308



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## चीन में हाइकुई तूफान के कारण मूसलाधार बारिश

**फूजौ,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन के फुजियो प्रांत की राजधानी फूजौ में शक्तिशाली तूफान हाइकुई के प्रभाव से हुई भारी बारिश के कारण 36 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। शहर के बाढ़ नियंत्रण और सूखा राहत मुख्यालय के अनुसार, इस क्षेत्र में बुधवार सुबह सात बजे तक मूसलाधार वर्षा से करीब



बारिश के कारण कई क्षेत्र हुए जलमग्न

147 उपनगर को नुकसान पहुंचा है। वुशान राष्ट्रीय मौसम केंद्र ने शहर में अधिकतम छह घंटे तक बारिश होने का अनुमान जताया था लेकिन मंगलवार रात करीब नौ बजे से शुरु हुई घनघोर बारिश बुधवार सुबह पांच बजे तक जारी रही। फुजियान प्रांत के कई हिस्सों में बुधवार को मूसलाधार वर्षा के कारण प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों, बच्चों के खेल के मैदान, प्रशिक्षण संस्थानों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

## अमेरिकी अदालत ने 'प्राउड बॉयज' नेता टैरियो को 22 साल की सजा सुनाई

**वाशिंगटन,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी अदालत ने छह जनवरी, 2021 को यूएस कैपिटल दंगे से जुड़े अपराधों के लिए 'प्राउड बॉयज़' समूह के नेता एनरिक टैरियो को 22 साल जेल की सजा सुनाई। सीबीएस न्यूज ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया कि कोलंबिया जिले के अमेरिकी जिला न्यायालय के न्यायाधीश टिमोथी केली ने अन्य अपराधों के अलावा, छह जनवरी को यूएस कैपिटल में भड़की हिंसा में मदद करने के लिए देशद्रोही साजिश के लिए टैरियो को 22 साल जेल की सजा सुनाई। रिपोर्ट में कहा गया है कि छह जनवरी की घटनाओं के संबंध में अब तक सुनाई गई सबसे लंबी सजा है। अभियोजकों ने 33 साल की सजा का अनुरोध किया जबकि बचाव दल ने 15 साल से कम जेल की मांग की। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते, कई अन्य प्राउड बॉयज़ सदस्यों को यूएस कैपिटल में छह जनवरी की घटनाओं से जुड़े अपराधों के लिए दस से 18 साल तक की जेल की सजा मिली।

## समुद्री लहरों की चपेट में आने से चार की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी जावा प्रांत में बुधवार तड़के एक नाव के समुद्री लहरों की चपेट में आने और चार मछुआरों की डूबने से मौत हो गई जबकि अन्य तीन लापता हैं। यह दुर्घटना कथित तौर पर बनयुवांगी रीजेंसी के एक उप-जिले पुरवोहारजो में स्थानीय समयानुसार तड़के साढ़े तीन बजे हुई। पुरवोहरजो पुलिस प्रमुख बुदी हरमावन ने प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर कहा कि दुर्घटनाग्रस्त नाव में 27 मछुआरे सवार थे।

## आज का इतिहास

1701- जर्मनी, इंग्लैंड और नीदरलैंड ने फ्रांस विरोधी समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1812- बोरोडिनो के युद्ध में नेपोलियन ने रूसी सेना को हराया।
1813- अमेरिका के लिए पहली बार 'अंकल सैम' का सम्बोधन हुआ।
1822- ब्राजील ने पुर्तगाल से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
1860- लेडी एलगीन नामक जहाज के लेक मिसीगन डूब जाने से 400 से अधिक लोगों की मौत हो गई।
1906- बैंक ऑफ़ इंडिया की स्थापना हुयी।
1921- अमेरिका के न्यू जर्सी में पहली मिस अमरिका सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।
1923- विएना में इंटरपोल की स्थापना हुई।
1931- लंदन में गोलमेज सम्मेलन का दूसरा सत्र शुरू हुआ।
1950- हंगरी में सभी मठों को बंद किया गया।
1977- इथोपिया ने सोमालिया के साथ राजनयिक संबंध तोड़े।
1998- अंतर संसदीय यूनियन (आई.पी.यू.) का 100वां सम्मेलन मास्को में शुरु हुआ।
1999- एथेंस में 5.9 तीव्रता के भूकंप से 143 लोगों की मौत हो गयी और 500 से अधिक घायल हो गए तथा 50 हजार लोग बेघर हो गए।
2002- इयाजुद्दीन अहमद बंगलादेश के नये राष्ट्रपति बने।
2004- फिजी के विजय सिंह टाइगर वुड्स को पीछे छोड़कर विश्व के नम्बर एक गोल्फ़र बने।
2005- मिस्त्र में पहली बार राष्ट्रपति चुनाव हुआ।
2009- भारत के पंकज आडवाणी ने विश्व पेशेवर बिलियडर्स का ख़िताब जीता।

**परेशानी** *अमेरिका को भी युद्धों की वजह से उठाना पड़ा नुकसान*

## विश्व में अमेरिकी सैन्य नेतृत्व का पड़ा उल्टा असर : रिपोर्ट

**बीजिंग 6 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी सैन्य नेतृत्व ने युद्ध छेड़कर और अन्य देशों पर आक्रमण करके दुनिया में केवल आपदाएं ही लायी हैं। जबकि अमेरिका को भी इससे गंभीर नुकसान को सामना करना पड़ा है। मंगलवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका सैन्य नेतृत्व की उत्पत्ति, तथ्य और खतरे शीर्षक वाली यह रिपोर्ट शिन्हुआ समाचार एजेंसी की ओर से जारी किया गया है।**

यह रिपोर्ट अमेरिकी सैन्य नेतृत्व के गठन की रूपरेखा, इसे बनाए रखने के लिए उसकी ओर से अपनाए गए साधनों का सारांश प्रस्तुत करता है, और इससे होने वाले खतरों पर प्रकाश डालता है।

रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका की ओर से 9/11 के हमलों के बाद शुरू किए गए और उनमें भाग लेने वाले युद्धों में 7,000 से अधिक अमेरिकी सैनिक और लगभग 8,000 अमेरिकी रक्षा क्षेत्र में अनुबंध पर काम करने वाले लोग मारे गए जबकि 30,000 से अधिक संख्या में सैनिकों ने आत्महत्या की जो युद्ध में मारे गए सैनिकों की संख्या से चार गुना अधिक है।

अमेरिका ने 2001 से युद्धों पर 5.8 ट्रिलियन डॉलर से अधिक खर्च किए हैं, जिसमें अफगानिस्तान और इराक में युद्ध के दिग्गजों के लिए चिकित्सा तथा दिव्यांगों की देखभाल पर 350 अरब डॉलर से अधिक खर्च किए हैं। अगले 30 वर्षों तक इसी क्षेत्र में 2.2 ट्रिलियन डॉलर का निवेश किया जाना है जिससे करदाताओं पर भारी बोझ पड़ रहा है।



- युद्धों में 7,000 से अधिक अमेरिकी सैनिकों की हुई मौत
- 30,000 से अधिक संख्या में सैनिकों ने आत्महत्या की
- 8,000 रक्षा क्षेत्र में अनुबंध पर काम करने वाले मारे गए

अमेरिका 9/11 के हमले के बाद के सैन्य खर्च से 1.3 करोड़ अमेरिकी लोगों को वयस्कता के दौरान स्वास्थ्य देखभाल कवरेज और गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले बच्चों के लिए दो साल की प्रारंभिक शिक्षा प्रदान की जा सकती थी। इसमें 28 करोड़ छात्रों के लिए सार्वजनिक कॉलेज छात्रवृत्ति, 10 लाख सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए 20 साल की स्वास्थ्य देखभाल कवरेज और 40 लाख स्वच्छ ऊर्जा उद्योग के श्रमिकों के लिए 10 साल का वेतन भी शामिल है।

## दुनिया को जानें

### प्रदूषित वायु से हर वर्ष 70 लाख लोगों की मौत : गुटेरस

**जिनेवा,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनिया गुटेरेस ने बुधवार को कहा कि दुनिया भर में प्रत्येक वर्ष प्रदूषित वायु से 70 लाख से अधिक लोगों की असमय मौत हो जाती है। श्री गुटेरेस ने आज यहां सात सितंबर को मनाये जाने वाले 'नीले आकाश के लिए स्वच्छ वायु का अंतरराष्ट्रीय दिवस पर' यह बात कही। उन्होंने कहा कि विश्व की करीब 99 प्रतिशत आबादी कालिख,गन्धक और विषैले रासायनों वाली वायु में सांस ले रही है और इसका वैश्विक तापमान में वृद्धि से गहरा संबंध है। यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण की समस्या निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में अधिक गंभीर है। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण किसी सीमा में नहीं बंधा रहता और इसके दूषक तत्व हजारों किलोमीटर तक फैलते जाते है। प्रत्येक महाद्वीप पर जलवायु संकट का विनाशकारी प्रभाव बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए हमें मिलकर स्वच्छ वायु के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें जीवाश्म ईंधन, विशेषकर कोयले का उपयोग कम करने, स्वच्छ अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देना होगा।

# प्रादेशिकी

## सिरसा में जन्माष्टमी पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

**सिरसा,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। हरियाणा में सिरसा जिला के गांव सिकंदरपुर स्थित नाइन टू वन स्कॉलर्स हैवन स्कूल में जन्माष्टमी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ आठवीं कक्षा के बच्चों के गायन जो मांगे ठाकुर अपने ते, मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है तथा अल्लाह हू द्वारा किया गया, जिसमें तीनों धर्मों को दर्शाया गया। जूनियर विंग के बच्चों द्वारा वो किशना है, राधा कैसे ना जले, श्याम चूड़ी बेचने आया तथा चाटी चोर मधानी लै गया, जैसे गानों पर बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी। कृष्णा बने बच्चों द्वारा मटकी फोड़ी गई। सभी बच्चों ने जन्माष्टमी के कार्यक्रम का बहुत आनंद लिया। अंत में स्कूल की प्राचार्या डा. अंजू शर्मा तथा निदेशिका मिस नेहा शर्मा ने बच्चों को भगवान कृष्ण की बहुत सी लीलाएं सुनाई तथा अच्छे कर्म करने तथा भगवत नाम स्मरण करने के लिए प्रेरित किया।

# प्रदेश पर्यटकों के आवागमन के लिए पूरी तरह सुरक्षित : सुक्खू

**शिमला,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज जिला हमीरपुर के नादौन में कहा कि हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण प्रदेश में कई सड़कें क्षतिग्रस्त हुईं और निजी एवं सार्वजनिक सम्पत्ति को भारी नुकसान हुआ। उन्होंने स्थानीय निवासियों और पर्यटकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के दृढ़ एवं त्वरित प्रयासों के फलस्वरूप राज्य में सड़कों को काफी हद तक बहाल कर दिया गया है तथा प्रदेश में आगंतुकों के लिए सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह राज्य की अब तक की सबसे भीषण त्रासदी थी, लेकिन अब राज्य में हालात सामान्य हो रहे हैं। नादौन में मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पर्यटकों के लिए सुरक्षित है और पर्यटक अब चंबा, कांगड़ा, शिमला और अन्य जिलों के भ्रमण पर आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने और सभी प्रभावितों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विपदा के समय में भी नेता प्रतिपक्ष प्रभावित परिवारों की पीड़ा के प्रति सहानुभूति व्यक्त करने के बजाय राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने नेतापक्ष से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संपर्क कर हिमाचल प्रदेश के लिए केदारनाथ और भुज त्रासदी की तर्ज पर विशेष पैकेज प्रदान करने के लिए आग्रह करने का आहवान किया। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करने और उत्तराखंड और गुजरात में प्रदान की गई सहायता के समान वित्तीय सहायता प्रदान करने की बार-बार अपील की है, लेकिन अभी तक केंद्र सरकार द्वारा इस संबंध में कोई भी कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार अपने संसाधनों से प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान करने के हरसंभव प्रयास कर रही है।

> प्रदेश सरकार के दृढ़ एवं त्वरित प्रयासों के फलस्वरूप राज्य में सड़कों को काफी हद तक बहाल कर दिया गया है तथा प्रदेश में आगंतुकों के लिए सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया गया है। यह राज्य की अब तक की सबसे भीषण त्रासदी थी, लेकिन अब राज्य में हालात सामान्य हो रहे हैं : सुखविंदर सिंह सुक्खू



ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश पर 75 हजार करोड़ रुपये के ऋण का बोझ डाला तथा केवल राजनीतिक लाभ के लिए कई घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार कर्मचारियों के बकाया और भत्ते देने में विफल रही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता संभालने के पश्चात वित्तीय बाधाओं के बावजूद कर्मचारियों के हितों में अभूतपूर्व निर्णय लेकर पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया है।

## रैगिंग मामले में आईआईटी-मंडी के 10 छात्र छह महीने के लिए निलंबित

**मंडी,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के आईआईटी-मंडी में प्रथम वर्ष के छात्रों के साथ रैगिंग करने के मामले में 10 छात्रों को छह महीने के लिए निलंबित किया गया और 72 अन्य छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। यह घटना 11 अगस्त की है।

एक अधिकारिक प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि आईआईटी-मंडी के निदेशक प्रोफेसर लक्ष्मीदत्त बेहरा ने 20 अगस्त को रैगिंग में शामिल सभी छात्रों को एक पत्र लिखा था जिसमें इन छात्रों से लक्ष्मण रेखा पार करने की बात की गई थी।

संस्थान के अनुसार, इस मामले में 72 विभिन्न संकायों के छात्रों को दोषी पाया गया है। कुछ दोषी छात्रों पर जुर्माना भी लगाया गया है और 10 छात्रों को निलंबित किया गया है। निलंबित किए गए 10 छात्रों में से तीन छात्र संगठन से जुड़े हुए हैं।

उन्होंने कहा कि आईआईटी-मंडी ने 11 अगस्त को वरिष्ठ छात्रों द्वारा आयोजित फ्रेशर मिक्सर कार्यक्रम के दौरान प्राप्त अज्ञात शिकायतों की जांच के आधार पर यह कार्रवाई की है। संस्थान को प्राप्त शिकायतों में प्रथम वर्ष के छात्रों ने आरोप लगाया कि वरिष्ठ छात्र उनका रैगिंग कर रहे हैं और मुलाकात के दौरान उन्हें कोने में खड़ा कर रहे हैं, जबकि वरिष्ठ छात्रों ने अपना बचाव करते हुए कहा कि यह एक मजाक था जो आमतौर पर प्रत्येक वर्ष फ्रेशर मिक्सर कार्यक्रम के दौरान किया जाता है।

संस्थान द्वारा पिछले महीने हुई रैगिंग के संबंध में हांलाकि, पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई। संस्थान के निदेशक इसपर टिप्पणी करने के लिए उपलब्ध नहीं हुए।

## राज्य में 16 सितम्बर से की जाएगी ईवीएम और वीवी पैट की प्रथम स्तरीय जांच

**शिमला,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, मनीष गर्ग ने आज यहां ईवीएम और वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) की प्रक्रिया पर चर्चा के लिए राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने राजनीतिक दलों को अवगत करवाया कि राज्य के ज़िला मण्डी व कुल्लू के अतिरिक्त सभी ज़िलों में ईवीएम और वीवी पैट की एफएलसी 16 सितम्बर, 2023 से तथा ज़िला मण्डी व कुल्लू में यह कार्य 25 सितम्बर, 2023 से आरम्भ किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि एफएलसी की शुरूआत से पहले सभी ज़िला निर्वाचन अधिकारी (उपायुक्त) द्वारा सभी राष्ट्रीय व राज्य मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के सभी ज़िला अध्यक्ष व सचिवों को नोटिस जारी किया जाएगा। राजनैतिक दलों को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पहचान-पत्र जारी करने के लिए प्रतिनिधियों के पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की एक सूची प्रदान कर आवेदन करना होगा।

उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष व सचिव द्वारा विधिवत प्राधिकृत राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मॉक पोल सहित प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) की पूरी प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रह सकते हैं। इस प्रक्रिया में ईवीएम और वीवीपैट (एफएलसी) ओके मशीनों में से कुछ मशीनों का मॉक पोल के लिए चयन किया जाएगा। सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रथम स्तरीय जांच एसओपी का अक्षरशः पालन करना होगा। उन्होंने बताया कि अधिकृत अधिकारी, प्रतिनिधि व कर्मचारी डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर के माध्यम से पहचान-पत्र प्रस्तुत करने पर ही हॉल में प्रवेश कर पायेंगे। सेलफोन, कैमरा, स्पाई पेन आदि को प्रथम स्तरीय जांच हॉल के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी और इन्हें हॉल के बाहर बने संग्रह केंद्र में जमा करवाना होगा।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक प्रवेश और निकास को लॉग बुक में दर्ज किया जाएगा तथा प्रत्येक प्रवेश पर प्रत्येक व्यक्ति, अधिकारी व इंजीनियर की उचित तलाशी की जाएगी। यह कार्य छुट्टियों सहित सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### हरियाणा की जेलों में टेली मेडिसिन, जेलकर्मियों को बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य की सभी जेलों में कैदियों के लिए टेली मेडिसिन सुविधा शुरु करने के साथ ही इनकी डाइट मनी में 10 रुपये की वृद्धि की है। आधिकारिक प्रवक्ता ने मंगलवार को यहां बताया कि सरकार ने पुलिसकर्मियों की तर्ज पर जेलकर्मियों को भी राज्य परिवहन की बसों में निशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान करने का फैसला लिया है। जेल कर्मियों के लिए कपल केस में ऑनलाइन तबादला नीति के तहत भी सुविधा दी जाएगी। सरकार इसके अलावा जेलों के बाहर पेट्रोल पम्प भी स्थापित करने जा रही है तथा इस कड़ी में अभी तक 11 जेलों के बाहर पेट्रोल पम्प स्थापित करने को मंजूरी प्रदान की गई है। सरकार ने कैदियों की डाइट मनी में इजाफा करते हुये 10 करोड़ रुपए अतिरिक्त जारी करेगी। प्रवक्ता के अनुसार सरकार जेलों में बेहतर व्यवस्था करने हेतु प्रयासरत है। राज्य की जेलों में इस समय 22 हजार कैदियों को रखने की क्षमता है जिसे 26 हजार तक किया जाएगा। फतेहाबाद में जेल निर्माण के लिए जमीन खरीदी गई है। रेवाड़ी में भी जेल का अधिकांश निर्माण कार्य पूरा हो चुका है जो अगले वर्ष फरवरी तक खोल दी जाएगी। चरखी दादरी में भी जेल और कार्यालय के लिए 98 एकड़ जमीन खरीदी गई है। जेल स्टाफ प्रशिक्षण के लिए करनाल में जेल प्रशिक्षण केंद्र बनाया जा रहा है , जो दिसम्बर तक बनकर तैयार हो जाएगा।

### शुक्ल ने विशेष क्षमता वाले बच्चों के संस्थान ढली का किया दौरा

**शिमला।** हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज शिमला के निकट ढली में विशेष क्षमता वाले बच्चों के संस्थान (बाल) का दौरा किया। इस अवसर पर श्री शुक्ल ने कहा कि विशेष रूप से सक्षम बच्चों के कौशल को निखारना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विशेष मार्गदर्शन प्राप्त कर ये बच्चे समाज के लिए प्रेरणास्रोत साबित हो सकते हैं। उन्होंने संस्थान में छात्रों के लिए कई व्यावसायिक कार्यक्रमों के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के व्यावसायिक कार्यक्रम उन्हें आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को अपनी भावनाओं को व्यक्त करने और प्रतिभा को प्रदर्शित करने का समान अवसर प्रदान किया जाना चाहिए। उन्होंने बच्चों की विशेष देखभाल और उन्हें नियमित शिक्षण के साथ-साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए शिक्षकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज विशेष रूप से सक्षम बच्चे कई प्रतिष्ठित क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से वे जीवन में सफलतापूर्वक आगे बढ़ सकते हैं।

### सुडोकू 6309 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 | 8 | 2 |
| 6 | 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 1 | 9 |
| 1 | 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 2 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 | 6 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 8 |
| 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 3 | 9 | 6 | 5 | 7 |

# अभी 20 साल और करूंगा बौद्ध धर्म की सेवा : दलाई लामा



**शिमला,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। मनुष्य को किसी की व्यक्ति के प्रति बैर नहीं, बल्कि की प्रेम की भावना रखनी चाहिए। दूसरे के हित का भी ख्याल रखाना चाहिए। इससे खुद को और दूसरों को भी खुशी मिलेगी। यह बात तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा ने मैक्लोडगंज स्थित बौद्ध मंदिर में दो दिवसीय टीचिंग के दूसरे दिन कही।

दलाई लामा ने कहा कि जैसे पैदा होने से पहले और बाद में बच्चा अपनी मां के प्रेम के सानिध्य में रहता है, उसी तरह हमें दूसरों के लिए भी प्रेम की भावना रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी 88 वर्ष के हुए हैं। अभी और 20 साल तक भगवान बुद्ध के शासन और धर्म की सेवा करेंगे। किसी भी व्यक्ति को हमें हानि नहीं पहुंचानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब वे किसी गरीब या दुखी व्यक्ति को देखते हैं तो उन्हें बेहद दुख पहुंचता है। उन्होंने एक कहानी के माध्यम से बताया कि बौद्धगया की बात है। उन्हें बुद्ध ने अपने पास बुलाया तो मैं वहां चला गया।

उन्होंने कहा यह कोई सपना नहीं है, मुझे ऐसा आभास हुआ। उन्होंने कहा कि वह भगवान बुद्ध के शिष्य हैं और हमेशा बौद्धचित का अभ्यास करते हैं, जिससे उन्हें बुद्ध का आभास होता है। भगवान बुद्ध मेरे प्रति बेहद स्नेह और प्रेम रखते हैं। बुद्ध ने जो भी आदेश दिए उसे मानते आए हैं और मानते रहेंगे। जब भी अन्य देशों में जाते हैं तो वहां बुद्ध के प्रवचनों का व्याख्यान करते हैं। सभी लोग खुशी और प्रसन्नता से रहें और हमेशा बौद्धचित का अभ्यास करें। दलाईलामा ने कहा कि हम जो भी देखते हैं उसे सच मान लेते हैं। इससे मिथया विकल्प से असक्त पैदा होता है, जिसे हमें धीरे-धीरे समाप्त करना चाहिए। हर मनुष्य एक अच्छा व्यक्ति बने।

# सुन्नी बांध जल विद्युत परियोजना से लोगों को प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से लाभ होगा : विक्रमादित्य

**शिमला,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। लोक निर्माण, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि सतलुज जल विद्युत निगम की ओर से निर्मित की जा रही 382 मेगावॉट क्षमता की सुन्नी बांध जल विद्युत परियोजना से लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचेगा।

श्री सिंह ने कहा कि शिमला तथा मण्डी जिला के मध्य यह परियोजना स्थापित की जा रही है और शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र का एक बड़ा भाग भी इसके अंतर्गत आ रहा है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से प्रभावितों को रोजगार में प्राथमिकता प्रदान की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर निगमित सामाजिक दायित्व के अंतर्गत विभिन्न कार्य सुनिश्चित करें।

श्री सिंह की अध्यक्षता में आज यहां सुन्नी बांध जल विद्युत परियोजना तथा एनटीपीसी कोलडैम प्रबन्धन के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना निर्माण में प्रभावितों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सुन्नी-लुहरी सड़क पर सुन्नी से चेवड़ी तक सड़क के विस्तारीकरण के लिए परियोजना प्रबन्धन आवश्यक कदम उठाए। इससे परियोजना कार्य में बड़ी मशीनों को लाने-ले जाने में सुविधा होगी। वहीं, स्थानीय जनता को भी आवागमन के लिए बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए लगभग 80 करोड़ रुपये का प्राक्कलन तैयार कर परियोजना प्रबन्धन को भेजा गया है।



बैठक में हाल ही में भारी बरसात के कारण कोलडैम जलाशय में जल स्तर बढ़ने से सुन्नी तथा आसपास के क्षेत्रों में हुए नुकसान एवं इससे बचाव संबंधी कार्यों पर भी चर्चा की गई। लोक निर्माण मंत्री ने परियोजना प्रबन्धन को शाकरा तथा अन्य पचांयतों को जोड़ने वाले चाबा पैदल पुल तथा थली पुल के पुनर्निर्माण एवं रख-रखाव में आवश्यक सहयोग करने को कहा। इसके अतिरिक्त जल स्तर बढ़ने से भू-धंसाव के कारण सकरोड़ी पंचायत में कुछ घरों में दरारें आई हैं।

उन्होंने इसके लिए आवश्यक सुरक्षा प्रबन्ध सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने एनटीपीसी कोलडैम को सुन्नी सहित अन्य क्षेत्रों में जलाशय के जल स्तर में होने वाली वृद्धि के दृष्टिगत तटीयकरण एवं सुरक्षा दीवार इत्यादि के लिए व्यापक अध्ययन करने को भी कहा ताकि इन क्षेत्रों में भूमि कटाव सहित सार्वजनिक एवं निजी सम्पत्ति को बार-बार होने वाले नुकसान से बचाया जा सके।

बैठक में सतलुज नदी में सिल्ट के कारण साथ लगती पंचायतों को नुकसान से बचाने, मुख्य जिला सड़कों एवं राज्य सड़कों के रख-रखाव एवं मरम्मत सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

## परिवारवाद कांग्रेस को पूरी तरह शून्यता पर लाकर खड़ा कर देगा : बिंदल

**सोलन/शिमला,** 6 सितम्बर (एजेंसियां) कांग्रेस पार्टी का नेताविहीन होना, कांग्रेस पार्टी का परिवारवाद और भारत राष्ट्र के प्रति नकारात्मक सोच पार्टी को पूरी तरह शून्यता पर लाकर खड़ा कर देगी।

ये बातें हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने बुधवार को यहां कहीं। उन्होंने अर्की विधान सभा एवं कसौली विधान सभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कीं। इस दौरान शिमला लोकसभा से सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा सुरेश कश्यप, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सैजल, जिलाध्यक्ष रतन सिंह पाल तथा दोनों मण्डलों के नेतागण उपस्थित रहे।

इस मौके पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए डॉ. बिन्दल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो कभी राष्ट्रव्यापी पार्टी थी जिसके 400-400 संसद सदस्य हुआ करते थे तथा देश के 20-25 राज्यों में जिनकी सरकारें हुआ करती थी, आज वह पार्टी लगातार रसातल की ओर जा रही है। देशभर में 2-3 राज्यों में इनकी सरकारें है और केन्द्र में भी 50 सांसदों से इन्हें गुजारा करना पड़ रहा है।



डॉ. बिंदल ने कहा कि कांग्रेस की इस हालत के लिए कांग्रेस पार्टी खुद जिम्मेवार है। जो पार्टी कभी लाला लाजपतराय, बाल गंगाधर तिलक, विपिन चंद्रपाल, महात्मा गांधी की पार्टी हुआ करती थी, आज वह पार्टी एक परिवार की पार्टी बन कर रह गई है। जो पार्टी कभी आजादी से पहले राष्ट्र की बात करती थी, भारत की बात करती थी, इनके नेता गांधी जी ने गीता पर पूरी भाषा टीका लिखी, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने बेहतरीन गीता व्याख्या लिखी, वो पार्टी आज सनातन धर्म को समाप्त करने का संकल्प लेकर चलने वाली पार्टियों का साथ दे रही है। सनातन धर्म को मक्खी, मच्छर, डेंगू , मलेरिया की तरह समाप्त करने का संकल्प लेने वाले 'इंडिया' का नेतृत्व कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि सत्ता प्राप्ति के लिए कांग्रेस पार्टी सनातन धर्म को समाप्त करने वाली पार्टियों का साथ देकर हिन्दू विरोधी मानसिकता के साथ तुष्टीकरण की चरम सीमा पर जाते हुए सत्ता प्राप्ति करना चाहते हैं।

## ड्राइविंग लाइसेंस के लिए अब लोगों को शिमला के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे

**शिमला,** 6 सितम्बर (देशबन्धु) हिमाचल प्रदेश में इंटरनेशनल ड्राइविंग लाइसैंस बनाने के लिए अब लोगों को शिमला के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। लोग अपने एसडीएम और आरटीओ के पास जाकर इंटरनेशनल लाइसैंस बना सकेंगे। इसके लिए उन्हें जरूरी दस्तावेज यहां जमा करवाने होंगे। इससे पहले इंटरनेशनल ड्राइविंग लाइसैंस बनाने के लिए लोगों को परिवहन निदेशालय शिमला आना पड़ता था। लोगों की सहुलियत को देखते हुए प्रदेश सरकार ने यह निर्णय लिया है। राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि अब लोगों को सामान्य लाइसैंस बनाने के लिए आरटीओ कार्यालय नहीं आना पड़ेगा। घर बैठे आसानी से लाइसैंस बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि आधार लिंक किया जा रहा है। जिससे यह दिक्कत खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 12 जगहों पर ओटोमेटिक नंबर डिटेक्टिड सिस्टम प्रणाली को स्थापित किया जाएगा। इसमें वाहनों के नंबर प्लेट पढने की क्षमता होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली से कौन वाहन ज्यादा तेज चल रहा है, फोन पर चालक बात कर रहा है, खतरनाक तरीके से वाहन चला रहा है सब कुछ रिकॉर्ड हो जाएगा। इसके अलावा प्रदेश में चोरी होने वाले वाहनों पर भी अंकुश लगेगा। आसानी से वाहनों को पकड़ा जा सकेगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि गाड़ियों के नंबर की ई-ऑक्शन प्रणाली भी बेहतर तरीक से काम कर रही है। अभी तक 6 करोड़ रुपए की आय अर्जित की जा चुकी है। 1585 वाहनों को नंबर बांट दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि एचपी99-9999 नंबर से परिवहन विभाग को 30 लाख मिले, एचपी09डी-0009 नंबर से 9 लाख 45 हजार, एचपी12क्यू-0008 नंबर से 8 लाख 10 हजार और एचपी99-0009 नंबर से 7 लाख 5 हजार रुपए की आय हुई है। वहीं, डिप्टी सीएम ने कहा कि परिवहन व एचआरटीसी में 24 घंटे का हेल्प डेस्क स्थापित किया जा रहा है। जिसमें लोग अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकेंगे। -बॉक्स -परिवहन विभाग ने 5 माह में अर्जित किया 323 करोड परिवहन विभाग द्वारा 5 महिनों में 323 करोड़ का रेव्न्यू अर्जित किया गया है। इसमें टोकन टैक्स 1.36 करोड, स्पेशल टैक्स से 56 करोड, पनैल्टी से 22 करोड का रेव्न्यू अर्जित किया गया है।



# जन संवाद में प्राप्त 19 हजार समस्याएं पोर्टल पर दर्ज : खट्टर

**हिसार,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से अब तक 19 हजार समस्याएं प्राप्त हुई हैं तथा इन्हें पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। श्री खट्टर ने हिसार जिले के हांसी हलके के थुराना गांव में लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान यह जानकारी देते हुये कहा कि प्राप्त समस्याओं में से 2500 पूरी की जा चुकी हैं और 13 हजार की डीपीआर तैयार की जा चुकी है। जन संवाद में आने वाली सभी समस्याओं का रिकॉर्ड रख उन्हें प्राथमिकता पर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास किसी भी कार्य के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। विकास कार्यों के लिए जिला परिषदें और पंचायतें अपने स्तर पर कार्य करें। कुछ फंड राज्य सरकार से भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर साल की संग्रहण बढ़ता जा रहा है और गत दस वर्षों में किए गये कार्यों के मुकाबले उनकी सरकार ने नौ साल के कार्यकाल में दोगुने विकास कार्य किये हैं।



> परिवार पहचान पत्र के माध्यम से जन्म, मृत्यु पंजीकरण के अलावा आय एवं जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य स्वतः ही हो रहे हैं। इसके अलावा पेंशन, बीपीएल राशन कार्ड बनाने का कार्य भी पीपीपी के तहत एक बटन से किया जा रहा है : मनोहर लाल खट्टर

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर थुराना में लगभग 14.50 करोड रुपए की लागत से पेयजल पाईप डालने, तीन सड़कों का निर्माण, कच्ची फिरनी तथा 15 गलियों को पक्का करने, शिवधाम योजना के तहत तीन शमशान घाट की चारदिवारी, पेयजल, रास्ते और कब्रिस्तान का रास्ता पक्का करने, अनुसूचित जाति बस्ती में बरसाती पानी की निकासी एवं भाटोल रोड पर खेतों में जलभराव की निकासी करने, गांव के बिजली घर में चार एमबीए से बढ़ाकर 10 एमबीए का ट्रांसफार्मर लगाने, गांव के खरीद केंद्र को 12 एकड़ क्षेत्र में दो करोड़ रूपये की लागत से सब यार्ड में परिवर्तित करने को मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि जिला परिषद गांव के खेल स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रेक से लेकर बुनियादी खेल सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।

उन्होंने कहा कि पहले केंद्र सरकार जो पैसे विकास के लिए भेजती थी उसमें से केवल 15 पैसे ही नीचे पहुंचते थे। लेकिन वर्तमान में भेजा हुआ पूरा पैसा विकास कार्यों के लिए मिल रहा है। सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने का कार्य किया है और अब लोगों को घर बैठे ही जनकल्याणकारी योजनाओं और सुविधाओं का भी लाभ मिल रहा है। सरकार का प्रयास है कि योजनाओं का हक पहले गरीब को मिले ताकि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का जीवन खुशहाल और समृद्ध हो सके।

उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं को विदेशों में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ओवरसीज प्लेसमेंट सैल का गठन किया है। इसके लिए कई देशों में नर्स,फिजियोथेरेपिस्ट, ड्राइवर, इलेक्ट्रीशियन आदि की आवश्यकता होती है। सरकार ने युवाओं के लिए ऐसे प्रशिक्षण देने की राज्यभर में व्यवस्था की है। श्री खट्टर ने कहा कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से जन्म, मृत्यु पंजीकरण के अलावा आय एवं जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य स्वतः ही हो रहे हैं। इसके अलावा पेंशन, बीपीएल राशन कार्ड बनाने का कार्य भी पीपीपी के तहत एक बटन से किया जा रहा है। लगभग 12.50 लाख गरीब परिवारों के राशन कार्ड बनाने के अलावा 1.80 लाख रुपए से कम आय वाले परिवारों को 5 लाख रुपए तक का आयुष्मान योजना का लाभ देने का कार्य किया गया है।

## नेगी ने लद्दाख में चीनी सैनिकों के बढ़ते कदमों पर व्यक्त की चिंता

**शिमला,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने लद्दाख में लगातार चीनी सैनिकों के बढ़ते कदमों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

सीमावर्ती जिले में तैनात एक जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि हाल ही में लद्दाख के सीमावर्ती इलाकों में इंडिया गठबंधन के नेता राहुल गांधी ने दौरा किया है।

श्री नेगी ने राज्य सचिवालय में मीडियाकर्मियों से कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा लगातार झूठ बोला जा रहा है कि 'भारत-चीन सीमा पर भारत के अंदर कोई नहीं आया या कोई नहीं आएगा।'

श्री नेगी ने कहा कि चीन भारतीय सीमा पर कब्जा करके, लगातार अपनी सीमा संरचना को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इस मुद्दे को उठाते रहे हैं और उन्होंने हाल ही में लद्दाख में अपनी बाइक यात्रा से लौटते हुए सरकार का ध्यान भी आकर्षित किया है।

श्री राहुल गांधी हिमाचल प्रदेश के मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) सुंदर सिंह ठाकुर के साथ लद्दाख में विभिन्न स्थानों का दौरा किया।

श्री ठाकुर ने यहां मीडियाकर्मियों को बताया कि श्री गांधी ने अपनी यात्रा के दौरान कई निवासियों से मुलाकात की। स्थानीय लोगों ने श्री गांधी को बताया कि वे चरागाह जहां वे लंबे समय तक अपने जानवरों और भेड़ों को चराते थे, अब वहां नहीं हैं। उन्होंने कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारत में हो रहे जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होने का फैसला किया, तब से भारत-चीन के रिश्ते में और खटास आ गयी है।

# प्रादेशिकी

## बसपा नेता ने अमित दुबे उर्फ बब्बन व साथियों पर दर्ज कराया मामला

**फर्रुखाबाद,**6 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के चर्चित माफिया अनुपम दुबे के साथ ही उनके भाइयों की भी मुसीबते दिनों दिन बढ़ती जा रही है। कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला भूसा मंडी निवासी बसपा नेता हाजी फजल मंसूरी ने मोहल्ला कसरट्टा निवासी बब्बन दुबे उर्फ अमित दुबे सिविल लाइन निवासी जाहिद अली खान की पत्नी शवा खान एवं मोहल्ला हाथी खाना निवासी हैदर अली पुत्र नबी मोहम्मद के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। व्यापारी फजल मंसूरी ने 28 मार्च 2023 को चूड़ी वाली गली में दुकान खरीदने के लिए शवा खान को 6.50 लाख रुपयों का बयाना दिया था। दुकान का सौदा 20 लाख रूपयों में हुआ था शवा खान बैनामा करने के लिए टालमटोल करती रही।

## उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को जुटा प्रशासन

### सुलह समझौतों के आधार पर होगा समस्याओं का निस्तारण

**लखनऊ,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था स्थापित करने के बाद अब योगी सरकार लोगों को सुलभ न्यायिक प्रक्रिया से जोड़कर उनके लंबित मामलों के निस्तारण की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में 9 सितम्बर को प्रदेश के समस्त जनपदों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सभी प्रकार के दीवानी वाद, अपराधिक वाद एवं राजस्व वादों का अधिकाधिक संख्या में सुलह समझौतो के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा।



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव संजय सिंह प्रथम ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में दीवानी, फौजदारी एवं राजस्व न्यायालयों में लम्बित मुकदमों के साथ-साथ प्री-लिटिगेशन (मुकदमा दायर करने से पूर्व) वैवाहिक विवादों का समाधान भी सुलह-समझौते के माध्यम से कराया जाएगा। इसमे समस्त प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले, बिजली एवं जल के बिल से सम्बन्धित शमनीय दण्ड वाद, चेक बाउंस से सम्बन्धित धारा-138 एनआई एक्ट एवं बैंक रिकवरी, राजस्व वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद तथा अन्य सिविल वाद के निस्तारण के लिए सम्बन्धित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में सम्पर्क कर सकते है। लोक अदालत में मामलों के निस्तारण के अनेक लाभ होते है। जैसे लोक अदालत में निर्णित मुकदमे की किसी अन्य न्यायालय में अपील नहीं की जा सकती है। लोक अदालत के निर्णय को अन्तिम माना जाएगा। लोक अदालत का निर्णय सिविल न्यायालय के निर्णय के समान बाध्यकारी होता है। पक्षों के बीच सौहार्द बना रहता है। सम्बन्धित पक्षकारों के समय व धन की बचत होती है। अदा की गई कोर्ट फीस पक्षकारों को वापस हो जाती है। यातायात सम्बन्धी चालानों को वेबसाइट के द्वारा ई-पेमेंट के माध्यम से भुगतान कर घर बैठे ही निस्तारण करा सकते हैं। आलम्बित वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराने के लिए सम्बन्धित न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अथवा अपने जनपद के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से सम्पर्क कर अपने वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत करा सकते हैं। प्री-लिटिगेशन वैवाहिक विवाद वह विवाद हैं जो पति-पत्नी के मध्य विभिन्न कारणों से उत्पन्न होते हैं।

इसके समाधान के लिए पति अथवा पत्नी के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में विवाद का संक्षिप्त विवरण लिखते हुए प्रार्थना पत्र दिया जाएगा। इसके बाद विपक्षी को नोटिस भेज कर बुलाया जाएगा। पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश एवं मध्यस्थ अधिवक्ता की बेंच गठित की जाएगी। बेंच के द्वारा दोनों पक्षों की बैठक करवाकर सुलह-समझौते के माध्यम से विवाद का समाधान कराया जाएगा। बेंच के द्वारा पक्षों के मध्य समझौते के आधार पर लोक अदालत में निर्णय पारित किया जाएगा जो अंतिम माना जाएगा।

## पुलिस मुठभेड़ में इनामी अपराधी बड़े लला को लगी गोली

### चोरी की रिवाल्वर बरामद

**फर्रुखाबाद,**6 सितम्बर (देशबन्धु)। पुलिस मुठभेड़ में गोली से घायल इनामी अपराधी बड़े लला लोधी राजपूत से चुराई गई लाइसेंसी रिवॉल्वर बरामद हो गई है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने मध्य रात के बाद मीडिया को बताया कि कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस एवं एसओजी टीम ने बीती रात ग्राम धंसुआ के निकट इनामी अपराधी बड़े लला की घेराबंदी की। रोके जाने पर बड़े लला ने पुलिस पार्टी पर फायर किया।

पुलिस ने भी आत्म रक्षा के लिए जवाबी गोली चलाई। गोली लगने से बड़े लला घायल हो गया उसे तुरंत ही लोहिया अस्पताल ले जाया गया। एसपी श्री कुमार ने बताया कि मैने तुरंत ही लोहिया अस्पताल जाकर घायल अपराधी से पूछताछ की बड़े लला ने बताया कि मैंने अभी तक करीब 15-16 चोरी की वारदातें की है जिले की अलावा बाहर जनपद में भी चोरी की घटनाएं की है। एसपी ने बताया की फौजी के यहां रिवाल्वर चोरी की घटना में बीते दिनों देवरामपुर निवासी पंकज बाथम को गिरफ्तार किया गया था। तभी पंकज ने बताया था की चोरी की घटना में श्याम नगर निवासी बड़े लला भी शामिल था चोरी की रिवाल्वर रुपए व जेवरात बड़े लला के पास है। तभी बड़े लला के ऊपर 25000 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया। मालूम हो की एसओजी टीम ने बीते दिनों बड़े लला को पकड़ लिया था। शातिर बड़े लला पुलिस को चकमा देकर भाग गया था। बताया गया की पुलिस ने बड़े लला के पास से चुराई गई रिवाल्वर कारतूस आदि सामान बरामद कर लिया है।

## कुंवारा चौक के सामने से नेशनल हाईवे 709 तक होगा चौड़ीकरण



- श्यामपुर रोड पर सड़क चौड़ीकरण को लेकर पैमाइश, हड़कंप
- पुलिस फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे थे पीडब्ल्यूडी के अधिकारी

**मेरठ,**6 सितम्बर (देशबन्धु)। कस्बा किठौर में श्यामपुर रोड की पैमाइश करने पहुंचे लोक निर्माण विभाग के साथ तहसील कर्मी व नगर पंचायत कर्मी व थाना किठौर पुलिस पैमाइश के दौरान कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई। अधिकारी गणों ने शांतिपूर्वक पैमाइश की। रोड के चोरीकारण से सैकड़ों लोग घरों से बेघर हो सकते हैं। कुछ ग्रामीणों का कहना था कि अगर विभाग ने ज्यादती की तो इसके लिए हम कोर्ट का दरवाजा खट खटाएंगे। बता दें कि श्यामपुर रोड प्राचीन हस्तिनापुर मथुरा मार्ग है जिससे कभी भगवान श्री कृष्णा मथुरा से चलते हुए इस रोड द्वारा हस्तिनापुर जाते थे। आज लगभग 9 बजे पीडब्ल्यूडी अधिकारी अपने अमले के साथ पुलिस को लेकर पैमाइश करने पहुंची। जिनके साथ तहसील कर्मी नगर पंचायतकर्मी मौजूद रहे। निशानदेही गढ़ मेरठ रोड स्थित रजवाहे को केंद्र बिंदु मानते हुए पैमाइश की। किठौर श्यामपुर रोड के दोनों और लगभग 500 मीटर तक घनी आबादी है निशानदेही के दौरान भारी तादाद में पुलिस अमला भी मौजूद रहा। निशान देही के दौरान लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई लेकिन कोई विरोध नहीं देखा गया। जहां भी पैमाइश के दौरान निशानदेही की वहीं पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने निशान लगा दिए। निशानदेही के बाद सभी अधिकारी लौट गए।

### भाकियू भानू इसका विरोध करेगी: नुसरत सेठ



इस दौरान भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नुसरत सेठ ने कहा कि कानून के दायरे में रहते हुए गलत तरीके से किया जा रहे चिन्हीकरण का हम विरोध करेंगे। हमारी कोशिश रहेगी गलत तरीके से किया जा रहे चिन्हीकरण से लोगों को नुकसान से बचाया जाए। भाकियू भानू लोगों की आवाज उठाने के लिए आगे आएगा। अन्याय के खिलाफविरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### मवाना पुलिस ने दबोचे लूटेरे

**मवाना।** बुधवार को थाना पुलिस ने आलाधिकारियों के निर्देश पर चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पांच लूटरों से लूट की तीन सहित गिरफ्तार किया है। मोटरसाइकिल लुटेरे नगर में चलाये गये चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने तीन मोटसाइकिल सहित 315 बोर के तीन तमंचे व दो चाकू भी बरामद किये। लुटेरों का बुधवार की दोपहर चालान कर जेल भेजा गया।

### अज्ञात शव के संबंध में दें जानकारी

**मेरठ।** थाना गंगानगर के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार शाही ने बताया कि दिनांक 3 सितम्बर 2023 को डा.हरवीर सिंह पुत्र श्री गंगाशरण निवासी 3/100 रक्षापुरम गंगानगर अपने मकान के सामने पार्क में टहलने गया था। उसी समय पार्क में टंकी के नीचे एक अज्ञात महिला का शव सडी-गली हालत में पड़ा मिला। जिसके संबंध में पुलिस को जानकारी दी गई। थाना गंगानगर के रो0 आम में रपट नं0-39 समय 15.10 बजे पर रपट इतलाही दर्ज है। सूचना इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि जिस किसी भी थाने से संबंधित है थाना गंगानगर पर सूचित कर आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होने बताया कि शव का हुलिया ऑख, नॉक, कान औसत, लंबाई करीब 5.3 फीट, रंग गेहूँआ, दोहरा बदन, काले लम्बे बाल, उम्र करीब 35 वर्ष, हाथो में मेंहदी लगी है। शव का पहनावा शरीर पर हल्के पीले रंग का कुर्ता है जिस पर हरे रंग की कढायी हो रही है व हल्की पीले रंग की चुन्नी है। जनसाधारण/थाना पर उपरोक्त मृतक अज्ञात से संबंधित कोई भी जानकारी मिले तो थाना गंगानगर मो0 नं0-7839855504 या 6398600989 पर सूचना दें।

### वेंकटेश्वर लू ने लोक संवाद कार्यक्रम में लिया हिस्सा

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव और अध्यक्ष उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम एल वेंकटेश्वर लू ने बुधवार को फिरोजाबाद में सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि की रोकथाम तथा मानव उत्थान के लिए आयोजित लोक संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। परिवहन सचिव ने जनपद भ्रमण के दौरान बुधवार को शहर के पालीवाल ऑडीटोरियम में आयोजित लोक संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित किया तथा बस स्टैण्ड व सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय का निरीक्षण कर कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक मनीष असीजा द्वारा बस स्टैंड के विकास और यात्रियों की सुविधाओं के विषय में चर्चा कर आवश्यक सुझाव दिए गए।

### भाजयुमो ने फूंका उदयनिधि स्टालिन का पुतला

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के गोपीगंज नगर में भाजयुमो ने बुधवार की शाम तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे उदय निधि स्टालिन का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। सनातन धर्म के के खिलाफ प्रतिकूल बयानबाजी करने पर नाराज भाजपा कार्यकर्ता भाजयुमो के जिला अध्यक्ष कपिल मिश्रा व नगर अध्यक्ष आलोक जायसवाल के नेतृत्व में सदर महाल दुर्गा मंदिर से जुलूस निकाला।

## हॉकी के जादूगर का जन्मोत्सव मनाया, काटा केक



**मेरठ,**6 सितम्बर (देशबन्धु)। एन ए एस कालिज हाकी मैदान पर हाकी के जादूगर दादा ध्यानचंद के जन्मोत्सव पर जनपद के वर्तमान और पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों ने केक काटकर खेल दिवस मनाया। केक काटने से पहले महिला हॉकी खिलाड़ियों के बीच प्रदर्शनी मैच भी आयोजित किया गया। कोच प्रदीप चिन्योटी और विनीत त्यागी ने दादा ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए खिलाडियों से दादा ध्यानचंद की तरह बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रवीन शर्मा, क्रिकेट कोच अतहर अली, रजनीश कौशल, हरीश गौड़, तजमुल जैदी, सुनील, लूका, क्रीड़ा सचिव संजय दलाल, आकाशां अहलावत, शिवा भारद्वाज, प्रभा ठाकुर, नासिर सैफी, कपिल कांत, मानसी यादव, आदि उपस्थित रहें।

## तक्षशिला में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव आयोजित



- बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति कर मोहा मन

**मेरठ,**6 सितम्बर (देशबन्धु)। बुधवार को कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी बड़ी धूम-धाम से मनाई गई। बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति के साथ-साथ रचनात्मक तथा कलात्मक गतिविधियों के द्वारा कृष्ण की बाल लीला तथा चरित्र को दर्शाया गया। जिसके अन्तर्गत बच्चों ने कृष्ण और राधा का स्वरूप धारण करते हुए सबका मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुतियां दी जिनमें मुख्य रूप से यशोमती मैया से बोले, बड़ी दे भई नंद लाला, अरे द्वार पालों आदि गीतों पर नृत्य तथा नृत्य नाटिका को मनमोहक अंदाज में प्रस्तुत किया। विद्यालय के चेयरमैन डा.ओमपाल सिंह व प्रधानाचार्य डा. प्रवीन कुमार पथरा ने श्री कृष्ण जनमोत्सव पर्व की सभी को बधाई देते हुए बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना की। बच्चों को श्री कृष्ण भगवान के विषय में अवगत कराते हुए अपनी संस्कृति और सभ्यता को इसी प्रकार जीवित रखने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एसआर इंटरनेशनल स्कूल में जन्माष्टमी पर्व मनाया



**मेरठ।** किला रोड स्थित एस आर इंटरनेशनल स्कूल में जन्माष्टमी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं की नृत्य संगीत एवं कविताओं के द्वारा प्रस्तुति दी। छात्र छात्राएं विभिन्न रंगों की वेशभूषा में बहुत सुंदर प्रतीत हो रहे थे। कार्यक्रम में विद्यालय के निर्देशक स्वतंत्र चौहान, प्रधानाचार्या श्वेता चौहान, शिक्षा निर्देशक एम. एस. मैथ्यु सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्कूल के निर्देशक स्वतंत्र चौहान ने बच्चों को भगवान कृष्ण के जीवन के बारे में जानकारी दी। छात्रों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर पूर्ण निष्ठा के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की योजना करें तैयार : संजय



**फर्रुखाबाद,**6 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला अधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 की समीक्षा बैठक कलेक्ट सभागार में संपन्न हुई। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का प्लान तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आशाओं को जागरूक कर छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण से कवर कराने के निर्देश दिए। सभी आशाओं को बुलावा पर्ची वितरित कराए उसके बाद भौतिक सत्यापन भी कराए कि आशाओं तक पर्ची पहुंची अथवा नहीं। कार्यों में रुची ना ले रहे कर्मचारियो के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गुरुवन्दन-छात्र अभिनन्दन में अनेक प्रतिभाएं सम्मानित




**मवाना,**6 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत विकास परिषद् मवाना विराट एवं मवाना संस्कार शाखा के तत्वावधान में आयोजित गुरुवन्दन-छात्र अभिनन्दन समारोह का आयोजन मंगलवार देर शाम को उत्सव मंडप मवाना में हुआ, जिसकी अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. आरके सिंह ने की तथा संचालन शैवाल दुबलिश एवं नीता दुबलिश व सुभाष धीमान ने किया। मुख्य अतिथि सूबे के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, विशिष्ठ अतिथि में प्रांतीय संरक्षक डॉ.रामकुमार गुप्ता, रीजनल सैकेट्री अनुराग दुबलिश, प्रांतीय सचिव मुकेश चन्द्र शर्मा, प्रांतीय वित्त मंत्री शशिकांत मित्तल व पूर्व विधायक उमेश मलिक एवं नगर पालिका अध्यक्ष अखिल कौशिक एवं अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, महिला संयोजिका मंच पर उपस्थित रहे। भारत माता व स्वामी विवेकानन्द के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ समारोह का शुभारम्भ हुआ। इस कार्यक्रम में एएस इंटर कॉलेज मवाना से हाई स्कूल में 10 छात्र एवं इंटर में 12 छात्र आर्य कन्या इंटर कॉलेज से हाई स्कूल में आठ छात्राएं इंटर में 6 छात्राएं स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल से हाई स्कूल व इंटर में 35 छात्र छात्राएं एवं ट्रांसलेम से 22 छात्राएं श्रीराम पब्लिक स्कूल से 18 छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## विद्युत विभाग लिपिक से की गाली-गलौज

**फर्रुखाबाद,**6 सितम्बर (देशबन्धु)। सपा के पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव के द्वारा विद्युत विभाग के लिपिक के साथ गाली-गलौज किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मौके पर वीडियो में पुलिस भी नजर आ रही है। मिली जानकारी के मुताबिक सपा के पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव ने अपनी पुत्रबधू जिला सहकारी बैंक की पूर्व अध्यक्ष मनोरमा यादव के नाम पर नलकूप का कनेक्शन लेने का आवेदन किया था। पटल देख रहे लिपिक अनुज शर्मा ने पत्रावली तैयार कर टीसी अपलोड कर दी। पूर्व सांसद को ऑनलाइन पैसे जमा कराने को कह दिया गया। पूर्व सांसद रुपए जमा न कर कनेक्शन जारी करने की बात कहने लगे। जब लिपिक नें उनसे पैसे जमा करनें को कहा तो भड़क गये और लिपिक को गाली-गलौज कर दिया। हंगामा होनें पर मौके पर भीड़ लग गई। मामले का वीडियो किसी नें बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया। वायरल वीडियो में छोटे सिंह यादव कह रहें है तुझे जूतों से मारुगा, तुझे औकात में पंहुचा दूंगा।

## सफलता के लिए गुरुओं के बताए मार्ग पर चलना जरूरी : थपलियाल

### सुभारती में शिक्षक, स्थापना दिवस व जन्माष्टमी पर्व मनाया



**मेरठ,**6 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती लॉ कॉलेज के प्रेक्षागृह में शिक्षक दिवस, सुभारती का स्थापना दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी का संयुक्त रूप से भव्य आयोजन किया गया। कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के. थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज, प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, लॉ कॉलेज के डीन डॉ.वैभव गोयल भारतीय, फाइन आर्टस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पिंटू मिश्रा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान फाइन आर्ट्स के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना व सुभारती गान प्रस्तुत किया।

इसके बाद सुभारती की स्थापना पर आधारित फिल्म दिखाई गई। कुलपति व मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सुभारती परिवार की ओर से शिक्षक दिवस व सुभारती विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी। कुलपति ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों को ग्रहण करना जीवन में सफलता का सूत्र बनता है।

## निरीक्षण: चेयरमैन ने एएस इंटर कॉलेज की जमीन का किया निरीक्षण

## आधुनिक कान्हा गौशाला के लिए 1.65 करोड़ स्वीकृत

**मवाना,6 सितम्बर (देशबन्धु)। मवाना में जल्द आधुनिक सुविधाओं से युक्त कान्हा गौशाला बनाई जाएगी। इसके निर्माण के लिए पालिका प्रशासन ने 2.04 करोड़ रुपए की डीपीआर बनाकर शासन को भेजी थी, शासन ने 1.65 करोड़ रुपये की स्वीकृति दे दी है, जबकि शेष 39 लाख रुपए पालिका को खर्च करने होंगे। बुधवार को पालिका चेयरमैन अखिल कौशिक ने गौशाला निर्माण स्थल एएस इंटर कालेज की भूमि का निरीक्षण किया। डीएम दीपक मीणा नौ सितम्बर को गौशाला का शिलान्यास करेंगे। नगरपालिका ने आधुनिक गौशाला के शिलान्यास की।**

- 2.04 करोड़ रुपए की परियोजना, 39 लाख पालिका खर्च करेगी

तैयारी शुरू कर दी है। जनपद की गोशालाओं में हजारों बेसहारा गोवंशी संरक्षित हैं। इसके बावजूद बड़ी संख्या में गोवंशी शहर व गांव-देहात में सड़कों पर घूम रहे हैं।

अब मवाना शहर की सड़कों-बाजारों में घूमने वाले बेसहारा मवेशियों के दिन फिरने वाले हैं। उन्हें शहर में बन रहे आधुनिक सुविधाओं से युक्त कान्हा गोशाला में रखा जाएगा। इस गौशाला के निर्माण से यहां के बेसहारा मवेशियों को निजी क्षेत्र की गोशालाओं में भेजने की विवशता भी खत्म हो जाएगी। कान्हा गोशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अंतर्गत मवाना में एक मात्र आधुनिक गोशाला बनेगी। पालिका के अभियंता मूलचंद बताते है कि सरकारी रिकार्ड में खसरा नम्बर 2227 में 4510 मीटर (करीब सात बीघा) सरकारी भूमि का चयन हो चुका है। इसमें पांच सौ गौवंशों को रखा जा सकेगा। उधर गौवंशों के गोबर का इस्तेमाल बायोगैस बनाने में काम आएगा। इसके लिए बायोगैस प्लांट भी गोशाला के अंदर लगाया जाएगा। वहीं गाय व सांड को अलग-अलग रखने की व्यवस्था होगी। चारे की उपलब्धता के लिए संसाधनों पर भी जोर रहेगा।

उधर गौशाला निर्माण स्थल का बुधवार को चेयरमैन अखिल कौशिक और प्रधानाचार्य डा.मेघराज सिंह ने निरीक्षण किया।



> पशुओं को उनकी प्रजाति के हिसाब से रखने के लिए अलग-अलग शेड बनाए जाएंगे। 24 घंटे पानी की आपूर्ति के लिए समरसेबिल, शेड के ऊपर सौर ऊर्जा प्लांट लगाकर प्रकाश की व्यवस्था होगी। शासन की मंशा के अनुरूप गौवंशों के लिए सुविधाओं से युक्त आधुनिक गौशाला बनाई जाएगी।
> **-राजीव कुमार जैन, अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद, मवाना**

## डीएवी में कृष्ण जन्मोत्सव पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मेरठ,**6 सितम्बर (देशबन्धु)। बुधवार को शास्त्री नगर स्थित डीएवी स्कूल में कृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री कृष्ण के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा श्री कृष्ण के जन्म की विभिन्न झांकियों को प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में बाल गोपाल तथा राधा रानी के रंग बिरंगे परिधानों में बच्चे राधा कृष्ण की प्रतिमूर्ति ही लग रहे थे। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को मुरली, मोर पंख, माखन- मिश्री आदि शब्दों से परिचित कराया गया तथा कृष्ण के जीवन में इन सभी के महत्व का स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की धूम में छोटे-छोटे बाल गोपालों ने दही हांडी का भी खूब आनंद लिया। कक्षा नर्सरी से कक्षा तीसरी के बच्चों ने राधा, यशोदा, वासुदेव, श्री कृष्ण गोपियों का अभिनय किया तथा अद्भुत नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा तृतीय के विद्यार्थियों द्वारा मुरली मनोहर को स्मरण करते हुए भजन प्रस्तुत किया गया तथा कक्षा दूसरी के बच्चों ने सामूहिक नृत्य कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। प्राचार्या अपर्णा जैन ने विद्यार्थियों को कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा उनके भावी भविष्य के लिए मंगल कामनाएं प्रदान कीं।







देशबन्धु नई दिल्ली, गुरूवार, 7 सितम्बर, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## 'जवान' टाइटल ट्रैक पर काम करने को अनुभव अद्‌भुत: राजा कुमारी

**मुंबई,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। शाहरुख खान और नयनतारा की आगामी फिल्म 'जवान' ने रिलीज से पहले ही जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। फिल्म का टाइटल ट्रैक गाने वाली रैपर राजा कुमारी ने एटली के निर्देशन में काम करने को एक अवास्तविक क्षण बताया है। 'जवान' का हिस्सा बनने के बारे में बात करते हुए राजा कुमारी ने कहा, 'यह अभी भी मेरे लिए बहुत अवास्तविक लगता है। मेरे विजन बोर्ड पर शाहरुख खान की तस्वीर है और मैंने हमेशा उनके साथ काम करने का सपना देखा है। जब अनिरुद्ध ने मुझे इस गाने के लिए बुलाया, मुझे पता था कि वह दिन आ गया है। थिएटर और दुनिया भर में इसे सुनने वाले लोगों के बारे में सोचकर ही मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

# डायबिटीज रोगियों को हो सकता है रेटिनोपैथी का खतरा




**न्यूयॉर्क,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। एक शोध से यह सामने आया है कि मधुमेह में स्वास्थ्य संबंधित स्थितियों के साथ रेटिना पर कोलेस्ट्रॉल जमा हो सकता है। जिससे मरीज की दृष्टि प्रभावित हो सकती है, जिसे रेटिनोपैथी कहा जाता है। डायबिटिक रेटिनोपैथी मधुमेह की एक गंभीर दृष्टि-घातक जटिलता है। जिससे दृष्टि हानि के साथ अंधापन भी आ सकता है।

अमेरिका में मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी की एक टीम के नेतृत्व में किए गए अध्ययन से पता चला है कि जमा हुआ कोलेस्ट्रॉल रेटिना की छवियों में देखा जा सकता हैं। गैर-इनवेसिव रेटिना का मूल्यांकन अधिकांश ऑप्टोमेट्रिस्ट द्वारा किया जा सकता है, जिससे अधिक लोगों के लिए निदान का अवसर पैदा होता है।

**एक शोध से यह सामने आया है कि मधुमेह में स्वास्थ्य संबंधित स्थितियों के साथ रेटिना पर कोलेस्ट्रॉल जमा हो सकता है, जिससे मरीज की दृष्टि प्रभावित हो सकती है**

फिजियोलॉजी के एमएसयू प्रोफेसर एमेरिटस जूलिया बुसिक ने कहा, 'रेटिनोपैथी अंधेपन का प्रमुख कारण है और यह टाइप 1 और टाइप 2 मधुमेह की सबसे खतरनाक जटिलताओं में से एक है।' 'मधुमेह विकसित होने के 20 वर्षों के भीतर टाइप 1 या टाइप 2 मधुमेह वाले प्रत्येक व्यक्ति में कुछ हद तक रेटिनोपैथी होगी। वर्तमान में यह बहुत आक्रामक है। रेटिनोपैथी का अंतिम चरण पर ही पता चल पाता है।' अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि ये कोलेस्ट्रॉल क्रिस्टल एथेरोस्क्लोरोटिक प्लाक में पाए जाने वाले क्रिस्टल की तरह होते हैं जो धमनियों में बन सकते हैं और दिल के दौरे का कारण बन सकते हैं। एमएसयू डिवीजन ऑफ कार्डियोलॉजी के प्रमुख जॉर्ज अबेला ने टीम को स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी के लिए रेटिना टिशू तैयार करके रेटिना को स्कैन करने के तरीकों की पहचान करने में मदद की। इससे शोधकर्ताओं को क्रिस्टल की संरचना का विश्लेषण करने में भी मदद मिलती है, जो आमतौर पर तब होता है जब एक ही स्थान पर बहुत अधिक कोलेस्ट्रॉल होता है। एमएसयू में सेलुलर और एकीकृत फिजियोलॉजी कार्यक्रम में डॉक्टरेट उम्मीदवार और पेपर के पहले लेखक टिम डोरवेइलर ने कहा, 'हम सक्रिय रूप से इस बात पर काम कर रहे हैं कि रेटिना में कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए क्या किया जा सकता है।'

'मस्तिष्क की तरह ही रेटिना भी एक बहुत अलग अंग है, और दोनों में एक रक्त अवरोध होता है जो उन्हें शरीर के बाकी हिस्सों से अलग करता है। यही कारण है कि रेटिना का अध्ययन करना कठिन और बेहद जटिल हो जाता है।' ऐसी भी उम्मीद है कि कोलेस्ट्रॉल से बनने वाले क्रिस्टल को संबोधित करने के लिए नए उपचार डायबिटिक रेटिनोपैथी के मौजूदा विकल्पों की तुलना में कम आक्रामक हो सकते हैं।

# सोलो ट्रिप के लिए कश्मीर का नाम सबसे ऊपर आने लगा

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। यह खुशी की बात हो सकती हे कि सोलो ट्रिप के लिए कश्मीर अन्य पर्यटनस्थलों में अब प्रमुखता से स्थान पाने लगा है। इससे यह साबित होता था कि कश्मीर अब सुरक्षित सैरगाहों में से एक है। यह महाराष्ट्र की डाक्टर पूजा वर्मा के कश्मीर दौरे से भी भी साबित होती थी जो वर्षों से कई देशों की अकेले यात्रा कर रही हैं। हालाँकि, कश्मीर से संबंधित नकारात्मक प्रचार के कारण वह कश्मीर की यात्रा नहीं कर सकीं थीं, जो लंबे समय से उनकी यात्रा सूची में सबसे ऊपर था। और इस साल की शुरुआत में जब उन्होंने सुना कि कश्मीर में रिकार्ड तोड़ पर्यटक आ रहे हैं तो उन्होंने भी कश्मीर की यात्रा का प्लान बना लिया। पूजा कहती थीं कि मैंने इस साल मार्च में कश्मीर का दौरा किया और यह यात्रा मेरे लिए आंखें खोलने वाली थी। मुझे एहसास हुआ कि यहां के लोग बहुत उदार थे और यह जगह बाकी राज्यों की तुलना में अधिक सुरक्षित थी।

अगस्त में उन्होंने फिर से वादी कश्मीर का दौरा किया लेकिन इस बार अकेले, कश्मीर में आफबीट स्थानों का पता लगाने के लिए। वे पत्रकारों के साथबात करते हुए कहती थीं कि पिछली बार मैं कुछ मुख्य पर्यटन स्थलों का दौरा कर सकी। इस बार मैं बिल्कुल अकेले गई और गुरेज, करनाह और अन्य स्थानों का पता लगाया। उनका माना था कि यह मेरे लिए एक खुशियों से भरा सफर था। और अब यह सच्चाई है कि पूजा की तरह बड़ी संख्या में अकेले यात्री कश्मीर का दौरा कर रहे हैं, जहां पिछले दो वर्षों से आने वालों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज की जा रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि छात्रों से लेकर पेशेवरों और खोजकर्ताओं तक, कश्मीर दुनिया भर में अकेले यात्रियों के लिए एक सुरक्षित गंतव्य प्रदान कर रहा है। एक रिपोर्ट से पता चला है कि जम्मू-कश्मीर एकल यात्रा के लिए सबसे अधिक मांग वाले स्थलों में से एक है। ट्रैवल फिनटेक द्वारा की गई एक रिसर्च की रिपोर्ट के बकौल, लगभग 35 प्रतिशत अकेले यात्री छुट्टियां बिताने के लिए सोलो ट्रिप के लिए जम्मू और कश्मीर को पसंद कर रहे हैं। कश्मीर के बाद मनाली (25 प्रतिशत) और शिमला (14 प्रतिशत) का स्थान है। एक ट्रैवल एजेंट उमर अहमद ने बताया कि पिछले दो वर्षों में कश्मीर में अच्छी संख्या में अकेले यात्री आए हैं।



# 'कह दूं तुम्हें' की अभिनेत्री युक्ति कपूर ने कहा, शो में मेरा किरदार सिंगल मदर्स के लिए प्रेरणा

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। शो 'कह दूं तुम्हें' में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री युक्ति कपूर ने अपने किरदार के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि उनका किरदार एक उद्देश्य वाली महिला का है, जो सिंगल मदर्स के लिए एक उदाहरण है। पंचगनी पर आधारित शो 'कह दूं तुम्हें' एक मनोरंजक, मर्डर मिस्ट्री और प्रेम कहानी है, जिसमें कीर्ति (युक्ति द्वारा अभिनीत) और विक्रांत (मुदित नैय्यर द्वारा अभिनीत) की भावनाओं के विभिन्न रंग और भावनात्मक, रोमांचकारी रोलर कोस्टर देखने को मिलेंगे। शो पर बात करते हुए युक्ति ने कहा, 'कीर्ति एक सिंगल मदर हैं। वह आत्मविश्वासी, मजबूत महिला हैं। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे कीर्ति का किरदार निभाने का मौका मिला। दर्शकों को कीर्ति के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलू देखने को मिलेंगे। वह एक उद्देश्य वाली महिला है। मेरा लक्ष्य कीर्ति बनकर अन्य सिंगल मदर्स के लिए एक उदाहरण बनना है। निर्माता श्वेता शिंदे ने साझा किया, 'मैंने अपने मन में एक थ्रिलर शैली का शो बनाने की कल्पना की थी। 'कह दूं तुम्हें' एक ऐसा शो है, जिसमें कॉमेडी के साथ-साथ थ्रिलर ड्रामा भी है।' उन्होंने कहा, 'शो के लिए मुदित नैय्यर हमेशा से मेरी पहली पसंद थे। मैं उनसे बेहद प्रभावित हुई और उन्हें अपने साथ ले लिया। 'कह दूं तुम्हें' के साथ मुझे अपनी प्रतिभा और काम दिखाने का मौका मिला। मैं स्टार प्लस की आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक हमारी कड़ी मेहनत के लिए हमें प्यार देंगे।'

**उनका किरदार एक उद्देश्य वाली महिला का है, जो सिंगल मदर्स के लिए एक उदाहरण है:-युक्ति कपूर**



# हवन पूजन के साथ मनाया गया संस्थाना का स्थपाना दिवस

**ग्रेटर नोएडा,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफमैनेजमेंट एंड रिसर्च में 16वां स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च के पीजीडीएम विभाग के एक और मील का पत्थर पार कर लेने के अवसर पर प्रांगण में इंस्टीट्यूशंस के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल के संरक्षण में अपना 16वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया। समारोह की शुरुआत श्हवन यज्ञ के मन्त्रोंचार से हुई जिसमें उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने जीएलबीआईएमआर के अध्यापकों और कर्मचारियों के साथ ईश्वर का आशीर्वाद पाने के लिए पारंपरिक पूजा की। इस दौरान पूरा माहौल श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। अंत में उपस्थित लोगों के बीच 'प्रसाद' वितरण किया गया। जीएलबीआईएमआर की स्थापना, वर्ष 2007 में जीएल बजाज एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष डॉ. राम किशोर अग्रवाल द्वारा की गई थी।



# बीजीएमआई, फ्री फायर जैसे प्रतिबंधित खेलों की वापसी बच्चों के लिए हानिकारक: विशेषज्ञ

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से कई महीनों के प्रतिबंध के बाद कुछ चीनी गेम विभिन्न प्रारूपों और नए अवतारों में भारत लौट आए हैं। हालांकि यह ऑनलाइन गेमिंग उद्योग को बढ़ावा दे सकता है, लेकिन इसने देश में बच्चों और युवा वर्ग के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। दक्षिण कोरियाई वीडियो गेम डेवलपर क्राफ्टन का बैटलग्राउंड मोबाइल इंडिया (बीजीएमआई), लोकप्रिय बैटल रॉयल गेम जिसने देश के गेमिंग समुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया था, मई में एक सरकारी शर्त के साथ फिर से लॉन्च किया गया, जहां यूजर के नुकसान और लत सहित अतिरिक्त कारकों के लिए हर तिमाही इसकी बारीकी से निगरानी की जाएगी।




बीजीएमआई ने देश में खेल को बढ़ावा देने के लिए बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को भी शामिल किया है। सिंगापुर स्थित गेमिंग कंपनी गरेना का एक और लोकप्रिय प्रतिबंधित गेम फ्री फायर भी इस सप्ताह से देश में वापस आ गया है। पिछले साल उनके निलंबन से पहले, बीजीएमआई और फ्री फायर देश के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एंड्रॉइड ऐप्स में से एक थे। मई में फिर से लॉन्च होने के बाद से, बीजीएमआई न` भारत में गूगल प्ले स्टोर पर राजस्व के मामले में अग्रणी एंड्रॉइड ऐप के रूप में अपनी स्थिति फिर से हासिल कर ली। प्रतिबंध से पहले, इसकी लत की प्रकृति और युवा खिलाड़ियों पर इसके नकारात्मक प्रभाव के लिए इन गेमों की व्यापक आलोचना हुई थी। उनके पुनः लॉन्च ने एक बार फिर अत्यधिक गेमिंग के हानिकारक प्रभावों पर बहस फिर से शुरू कर दी है।

**राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से कई महीनों के प्रतिबंध के बाद कुछ चीनी गेम विभिन्न प्रारूपों और नए अवतारों में भारत लौट आए**

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान विभाग के निदेशक और प्रमुख डॉ. समीर मल्होत्रा ने बताया, 'रणनीतिक हिंसक ऑनलाइन गेम युवा प्रभावशाली मन में कई समस्याएं पैदा करने के लिए जाने जाते हैं। वे अशांत नींद से जागने के चक्र, चिड़चिड़ापन, अवज्ञा, आचरण संबंधी समस्याएं, अपमानजनक व्यवहार, अशांत रिश्ते, जीवन की सार्थक प्राथमिकताओं की उपेक्षा, शैक्षणिक गिरावट, कम और अस्वास्थ्यकर सामाजिक संपर्क, अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और अस्वास्थ्यकर संचार शैलियों से जुड़े हैं।'

# फिल्म फुकरे 3 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट, पंकज त्रिपाठी और ऋचा चड्ढा स्टार फुकरे 3 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी फिल्म 'फुकरे-3' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में पुलकित सम्राट, मनजोत सिंह, वरुण शर्मा की जोड़ी सबको हंसाएगी। ऋचा चड्ढा भी बोली पंजाबन बनकर लौट आई हैं। फिल्म में पंकज त्रिपाठी कॉमेडी का जबरदस्त तड़का लगाते हुए नजर आए।

# कैंसर के कई रूपों से लड़ने की क्षमता रखता है तंबाकू का पत्ता

**प्रयागराज (यूपी),** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। इलाहाबाद विश्वविद्यालय (एयू) के पूर्व छात्र सहित विभिन्न देशों के वैज्ञानिकों ने एक शोध निष्कर्ष में दावा किया है कि तंबाकू का पत्ता कैंसर के कई रूपों से लड़ने की क्षमता रखता है। यह निष्कर्ष एक हैरान करने वाला विरोधाभास पेश करता है, क्योंकि डब्ल्यूएचओ के अनुसार, तंबाकू का उपयोग दुनियाभर में कैंसर से संबंधित सभी मौतों में से एक चौथाई के लिए जिम्मेदार है और फेफड़ों के कैंसर का प्राथमिक कारण बना हुआ है। यूके में टेलर एंड फ्रांसिस लिमिटेड के प्रकाशन 'जर्नल ऑफ बायोमोलेक्यूलर स्ट्रक्चर एंड डायनेमिक्स' में एयू के पूर्व छात्र अमित दुबे, भारतीय वैज्ञानिक आयशा तुफैल और मलेशियाई शोधकर्ताओं मिया रोनी और प्रोफेसर ए.के.एम. मोयेनुल हक के साथ की गई उल्लेखनीय खोज प्रकाशित हुई है।



शोध निष्कर्ष के अनुसार, '4-[3-हाइड्रॉक्सीनिलिनो]-6,7-डाइमेथॉक्सीक्विनाज़ोलिन' नामक एक अद्वितीय कैंसर-रोधी तत्व तंबाकू के पत्तों से निकाला जा सकता है, जिसका कोई स्पष्ट दुष्प्रभाव नहीं होता है। अमित दुबे ने बताया, 'कैंसर कोशिकाओं का प्रसार, अस्तित्व, आसंजन, प्रवासन और विभेदन सभी एपिडर्मल ग्रोथ फैक्टर रिसेप्टर (ईजीएफआर) से महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित होते हैं। ट्यूमर कोशिकाओं की दीवारों में ईजीएफआर होता है। उन्हें जीवित रहने और विकसित होने के लिए इस प्रोटीन की आवश्यकता होती है।' अनुसंधान टीम ने ईजीएफआर प्रोटीन को लक्षित करने वाले ड्रग बैंक तत्वों की स्क्रीनिंग के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण का उपयोग किया।

# बंगलादेश में जन्माष्टमी की धूम

**ढाका,** 6 सितम्बर (एजेंसियां)। बंगलादेश में बुधवार को हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक, जन्माष्टमी पूरे देश में धार्मिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, श्री कृष्ण का जन्म बंगाली माह भाद्र के कृष्ण पक्ष के आठवें दिन हुआ था और वह समाज में सत्य, न्याय स्थापित करके अच्छे एवं पवित्र लोगों को दुष्टों के हाथों से बचाने के लिए दुनिया में युगों-युगों में जन्म लेते हैं। यह आमतौर पर श्रावण या भाद्र माह में कृष्ण पक्ष के आठवें दिन (अष्टमी) मनाया जाता है। जन्माष्टमी के दिन बंगलादेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। त्योहार की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन और प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अलग-अलग संदेश में हिंदू समुदाय के लोगों को अपनी बधाई और शुभकामनाएं दीं और सभी कार्यक्रमों के सफलता की कामना की। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि जन्माष्टमी हिंदुओं के प्रमुख धार्मिक त्योहारों में से एक है। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण परोपकारी, प्रेमी, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे और उनका मुख्य दर्शन समाज से अन्याय, दमन, उत्पीड़न और संघर्ष को समाप्त कर लोगों के बीच सच्चे प्रेम और सद्‌भाव को बढ़ावा देना था।



राष्ट्रपति ने कहा कि हिंदू धर्म के अनुसार, भगवान श्री कृष्ण धर्म और अच्छे लोगों की रक्षा करने और पापों और दुष्टों का नाश करने के लिए पृथ्वी पर युगों-युगों में जन्म लेते हैं। उन्होंने कहा कि बंगलादेश सांप्रदायिक सद्भाव वाला देश है और यही देश की संस्कृति की अनूठी विशेषता है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमें देश की प्रगति और समृद्धि में तेजी लाने के लिए मौजूदा सद्भाव और आपसी सौहार्द को कायम रखना होगा।

उन्होंने सभी धार्मिक दृष्टिकोण और विचारों से ऊपर उठकर भगवान श्री कृष्ण के दर्शन को अपनाते हुए परोपकार के महान मंत्र के साथ समाज के असहाय और व्यथित लोगों के साथ खड़े रहने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने संदेश में कहा कि श्रीकृष्ण का मुख्य लक्ष्य समाज में भाईचारा और समानता स्थापित करना था और उन्होंने शांति, मानवता के प्रति प्रेम और न्याय के ध्वज को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने अपने जीवन और कार्य के माध्यम से मानव जाति की पूजा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी अवामी लीग सरकार देश में सांप्रदायिक सौहार्द की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह उल्लेख करते हुए कि देश में सभी जातियों और पंथों के लोग सदियों से शांतिपूर्वक रह रहे हैं कहा कि देश का संविधान सभी जातियों और पंथों के लोगों को समान अधिकार की गारंटी देता है।



देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.50 प्रतिशत |
| एलटी | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.95 प्रतिशत |
| एचडीएफसी | 1.01 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.89 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.97 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.67 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.59 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



## क्रिप्टो के खतरों से बचना जरूरी : सीतामरण

**मुंबई,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। अधिक समावेशी होने और भारत के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित करने के लिए फिनटेक की भूमिका को स्वीकार करते हुए, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उनसे दुनिया में पारंपरिक और आधुनिक खतरों से सावधान रहने और खुद को सुरक्षित रखने का आग्रह किया। मुंबई में तीन दिवसीय ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ 2023) का उद्घाटन करते हुए सीतीरमण ने कहा कि आज फिनटेक एक मजबूत और गतिशील वित्तीय समावेशन उपकरण है, और ऋण देने में उनके पास नए क्रेडिट ग्राहकों की 36 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

हालांकि, उन्होंने कहा कि आधुनिक दुनिया में फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र विभिन्न खतरों और चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिसमें पारंपरिक युद्ध, साइबर खतरे, क्रिप्टो खतरे, ड्रग्स और ड्रग माफिया, टैक्स हेवन और कर चोरी शामिल हैं।

हमारे सामने मौजूद और सक्रिय इन खतरों को संबोधित करना एक जिम्मेदार, समावेशी, लचीला और टिकाऊ वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की कुंजी है जिसके लिए सीतारमण ने फिनटेक से खुद को ऐसे खतरों से बचाने के लिए भारी निवेश करने की अपील की।

बाद में, एक शानदार पुरस्कार शाम का आयोजन किया गया जिसमें भारत और विदेश के प्रमुख फिनटेक प्लेअर्स को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। खाड़ी सहयोग देशों के लिए लीडिंग फिनटेक पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर का प्रतिष्ठित वैश्विक पुरस्कार जीसीसी और भारत के बीच सीमा पार भुगतान में क्रांति लाने के लिए लुलु फाइनेंशियल होल्डिंग्स, अबू धाबी के प्रबंध निदेशक अदीब अहमद को दिया गया।

वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के प्रेसीडेंट और सीओओ भावेश गुप्ता ने फिनटेक लीडर ऑफ द ईयर जीता, वोल्ट के संस्थापक-सीईओ टॉम ग्रीनवुड को लीडिंग फिनटेक पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर-यूरोप से सम्मानित किया गया, ज़ेरोधा सीटीओ कैलाश नाथ ने फिनटेक सीटीओ ऑफ द ईयर अवार्ड जीता। सीतारमण ने यश एरांडे, सौरभ त्रिपाठी, विश्वास पटेल, नवीन सूर्या, क्रिस गोपालकृष्णन, जी. पद्मनाभन, प्रवीणा राय, दिलीप जैसे शीर्ष प्रतिष्ठित लोगों की उपस्थिति में एक संपूर्ण नेतृत्व रिपोर्ट, द सेकेंड वेव - रेजिलिएंट, इनक्लूसिव, एक्सपोनेंशियल फिनटेक का भी अनावरण किया।

## हल्दीराम के अधिग्रहण के लिए कोई बातचीत नहीं : टाटा कंज्यूमर




**नई दिल्ली,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। टाटा कंज्यूमर ने कहा है कि वह स्नैक निर्माता हल्दीराम पर नियंत्रण पाने के लिए बातचीत नहीं कर रही है। एक स्पष्टीकरण में टाटा कंज्यूमर ने कहा कि वह हल्दीराम के साथ बातचीत नहीं कर रही है, जैसा कि मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है। टाटा कंज्यूमर ने कहा, हमें ऐसी किसी जानकारी के बारे में पता नहीं है जिसे एक्सचेंजों को घोषित नहीं की गई है, जो सेबी (एलओडीआर) विनियम- 2015 के रेगुलेशन-30 के तहत घोषित करना जरूरी है। हम यह जोड़ना चाहेंगे कि कंपनी निरंतर व्यवसाय के विकास और विस्तार के लिए विभिन्न रणनीतिक अवसरों का मूल्यांकन करती है। जब भी ऐसी कोई आवश्यकता होगी, कंपनी सेबी (एलओडीआर) विनियम- 2015 के तहत दायित्वों के अनुपालन में उचित घोषणाएं करेगी। दूसरी तरफ टाटा कंज्यूमर स्टॉक की कीमत बुधवार को बीएसई पर 4 फीसदी बढ़कर 879 रुपये पर पहुंच गई।

दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स में जिक्र किया गया था कि टाटा समूह की उपभोक्ता इकाई लोकप्रिय भारतीय स्नैक फूड निर्माता हल्दीराम की कम से कम 51 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए बातचीत कर रही है। लेकिन, वह 10 अरब डॉलर के मूल्यांकन को लेकर सहज नहीं है। रिपोर्ट्स में कहा गया कि हल्दीराम भारत में एक घरेलू नाम है। वह बेन कैपिटल सहित निजी इक्विटी फर्मों के साथ 10 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री के बारे में बात कर रहा है।

रिपोर्ट में जिक्र है कि टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स यूके की चाय कंपनी टेटली का मालिक है और भारत में स्टारबक्स के साथ साझेदारी करता है। वह हिस्सेदारी खरीदने के लिए बातचीत कर रहा है। यूरोमॉनिटर इंटरनेशनल के अनुसार, भारत के 6.2 बिलियन डॉलर के नमकीन स्नैक बाजार में हल्दीराम की लगभग 13 प्रतिशत हिस्सेदारी है। लेज़ चिप्स के लिए मशहूर पेप्सी की हिस्सेदारी भी करीब 13 फीसदी है।



## अवीवा सिग्नेचर 3डी टर्म प्लान पेश

**नई दिल्ली,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। निजी जीवन बीमा कंपनी अवीवा लाईफ इंश्योरेंस ने अवीवा सिग्नेचर 3डी टर्म प्लान लॉन्च किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग व्यक्तिगत प्योर रिस्क लाईफ इंश्योरेंस प्लान ग्राहकों को विस्तृत फाईनेंशल कवर देने और उन्हें जीवन की अप्रत्याशित घटनाओं: मृत्यु, बीमारी, और विकलांगता से सुरक्षा प्रदान करने के लिए डिज़ाईन किया गया है। इस प्लान में ग्राहकों को अनेक फायदे मिलते हैं। उन्हें मिलने वाले कवरेज से वो अपने जीवन के लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं, और दीर्घकाल में वित्तीय अनिश्चितताओं से अपना बचाव कर सकते हैं। प्लान के चार विकल्पों और तीन राईडर्स के साथ अवीवा सिग्नेचर 3डी टर्म प्लान एक बार में लंपसम या नियमित मासिक भुगतान पर लाईफ इंश्योरेंस कवरेज प्रदान करता है, जिसके साथ विभिन्न वर्गों के ग्राहकों को कई कस्टमाईज़ेशन के विकल्प भी मिलते हैं। इस प्लान के विकल्पों में 3डी प्योर टर्म, यह एक प्योर टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी है, जो ग्राहक को आजीवन, यानि 99 साल की उम्र तक लाईफ कवर प्राप्त करने का विकल्प देती है। 3डी फैमिली प्लस में बीमित व्यक्ति की मृत्यु के बाद पहली मासिक वर्षगाँठ से 10 साल तक नियमित मासिक पेआउट (आरएमपी) के साथ एश्योर्ड बेस सम का 100 प्रतिशत भुगतान करके लाईफ कवरेज बढ़ाया जा सकता है। यह मासिक भुगतान 8 प्रतिशत प्रतिवर्ष के संचित ब्याज के साथ बढ़ता रहेगा। इस प्लान के अन्य ऑफरों में 3डी एक्सेलेरेटेड, जो इन-बिल्ट एक्सेलेरेटेड लाइलाज बीमारी के बेनेफिट्स के साथ आता है और 3डी ट्रॉप, जिसमें बीमित व्यक्ति के मैच्योरिटी तक जीवित रहने पर पॉलिसी के लिए दिया गया प्रीमियम उसे वापस कर दिया जाता है।

## दिवाली के आसपास पेट्रोल, डीजल की कीमतों में 3-5 रुपये की हो सकती है कटौती

**नई दिल्ली,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। घरेलू एलपीजी की कीमतों में हालिया कटौती के बाद, केंद्र सरकार दिवाली के आसपास पेट्रोल, डीजल की कीमत में 3-5 रुपये प्रति लीटर की कटौती कर सकती है। कुछ राज्यों के चुनाव नवंबर-दिसंबर में होंगे, उससे पहले सरकार ये कदम उठा सकती है। जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज ने एक रिपोर्ट में ये बात कही है।



पिछले हफ्ते, सरकार ने सभी 330 मिलियन उपभोक्ताओं के लिए घरेलू 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 200 रुपये/सिलेंडर की कटौती की थी। इससे आम आदमी को महंगाई से काफी राहत मिली है। इससे तेल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) की आय जोखिम में आ सकती है, अगर ब्रेंट क्रूड की कीमत 85 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी रहती है तो। रिपोर्ट में कहा गया है कि ओएमसी अगले कुछ महीनों में पेट्रोल/डीजल की कीमत में कटौती करने के लिए मजबूर हैं।

एलपीजी की कीमत में कटौती का बोझ सरकार उठाएगी; हालांकि, सरकारी मुआवजे में सामान्य अंतराल को देखते हुए इससे ओएमसी की कार्यशील पूंजी में वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा, इस बात की भी काफी उम्मीद है कि सरकार दिवाली के आसपास पेट्रोल/डीजल की कीमत में 3-5 रुपये प्रति लीटर की कटौती कर सकती है। नवंबर-दिसंबर में कई राज्यों में चुनाव होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह कटौती ज्यादातर उत्पाद शुल्क और/या वैट में कटौती के जरिए होगी, क्योंकि कच्चे तेल की मौजूदा ऊंची कीमत पर ओएमसी को नुकसान होगा। हालांकि, हम इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि सरकार ओएमसी को पेट्रोल/डीजल की कीमतों में कटौती करने के लिए प्रेरित कर सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 24 की पहली छमाही में संभावित मजबूत मुनाफे के कारण उनकी बैलेंस शीट काफी हद तक दुरुस्त हो गई है। हमारी गणना से पता चलता है कि ओएमसी ब्रेक-ईवन ब्रेंट कीमत (ऐतिहासिक जीएमएम अर्जित करने के लिए) 80 डॉलर प्रति बैरल से काफी कम है। कमजोर विपणन मार्जिन की कुछ हद तक भरपाई मार्जिन में उछाल से हो रही है।

### सार संक्षेप

## मस्क ने ट्विटर खरीदने के लिए स्पेसएक्स से 1 अरब डॉलर उधार लिए थे : रिपोर्ट

**सैन फ्रांसिस्को।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कथित तौर पर पिछले साल अक्टूबर में अपनी अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स से 1 अरब डॉलर का उधार लिया था, उसी महीने उन्होंने 44 अरब डॉलर में ट्विटर का अधिग्रहण किया था। वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, मस्क ने स्पेसएक्स से उस समय 1 अरब डॉलर का ऋण मांगा था, जब उन्होंने सोशल-मीडिया कंपनी जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, का अधिग्रहण किया था। दस्तावेज़ों का हवाला देते हुए रिपोर्ट के अनुसार, स्पेसएक्स ने अक्टूबर में 1 बिलियन डॉलर के ऋण को मंजूरी दे दी और मस्क ने उसी महीने ये पैसे ले लिए। रिपोर्ट में कहा गया है, रॉकेट निर्माता ने पिछले कुछ सालों में कई मौकों पर एग्जीक्यूटिव मनी उधार दिया है। न तो स्पेसएक्स और न ही एक्स (पूर्व में ट्विटर) ने रिपोर्ट पर तुरंत प्रतिक्रिया दी। ट्विटर ने पिछले साल अप्रैल में पहली बार घोषणा की थी कि उसने मस्क के पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई द्वारा लगभग 44 बिलियन डॉलर मूल्य के लेनदेन में 54.20 डॉलर प्रति शेयर नकद के अधिग्रहण के लिए एक निश्चित समझौता किया है। खरीद मूल्य 1 अप्रैल, 2022 को ट्विटर के समापन स्टॉक मूल्य के 38 प्रतिशत प्रीमियम का प्रतिनिधित्व करता है, जो मस्क द्वारा ट्विटर में अपनी लगभग 9 प्रतिशत हिस्सेदारी का खुलासा करने से पहले आखिरी कारोबारी दिन था।


## जाम्बिया ने कोंकोला तांबा खान चलाने का ठेका वापस वेदांता को दिया

**नई दिल्ली।** अफ्रीकी देश जाम्बिया ने वहां कोंकोला तांबा खान (केसीएम) का स्वामित्व और प्रबंधन अरबपति उद्यमी अनिल अग्रवाल के नेतृत्व वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड को वापस करने का फैसला लिया है। कंपनी ने बुधवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि उच्च गुणवत्ता के ताम्र अयस्क की इस परियोजना में उसकी हिस्सेदारी 79 प्रतिशत से अधिक होगी। वेदांता रिसोर्सेज के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा, मैं केसीएम में वेदांता को बहाल करने के जाम्बिया सरकार के फैसले का स्वागत करता हूं। हम 2004 से केसीएम के लिए प्रतिबद्ध हैं और मानते हैं कि यह हमारे पोर्टफोलियो में यह एक बेशकीमती संपत्ति है। श्री अग्रवाल ने इसके लिए वहां के राष्ट्रपति हाकेंडे हिचिलेमा के प्रति आभार व्यक्त किया है। वेदांता की एक विज्ञप्ति के अनुसार केसीएम की विश्व स्तरीय संपत्तियों में 160 लाख टन खनिज तांबे का भंडार है। वहां खनिज तांबा का ग्रेड 2.3 प्रतिशत बताया गया है जो वैश्विक औसत 0.4 प्रतिशत की तुलना में बहुत अच्छा है। वेदांता ने कहा कि जांबिया की यह परियोजना उसके ताबा कारोबार की आगे की रणनीति की रीढ़ बनेगी और यह कार्बन उत्सर्जन को कम करने में लगी दुनिया की ऊर्जा परिवर्तन आवश्यकताओं के लिए महत्वपूर्ण है। कंपनी ने कहा कि केसीएम में 79.4 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड का वापस आना इस दिशा में भारत के लिए भी एक महत्वपूर्ण है।

## शेयर बाजार में चौथे दिन तेजी कायम

**मुंबई** 6 सितंबर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर के मिश्रित रूख के बीच घरेलू स्तर पर एफएमसीजी, टेलीकम्युनिकेशंस,तेल एवं गैस, सीडी और एनर्जी जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल पर आज लगातार चौथे दिन शेयर बाजार में तेजी बनी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 100 अंकों की तेजी के साथ 65880.52 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 36 अंक उठकर 19611.05 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान मझौली कंपनियों में जहां लिवाली देखी गयी वहीं छोटी कंपनियां मुनाफावसूली का शिकार हो गयी। इसके कारण बीएसई का मिडकैप 0.13 प्रतिशत बढ़कर 32122.06 अंक पर रहा जबकि स्मॉलकैप 0.04 प्रतिशत टूटकर 37948.61 अंक पर आ गया।




बीएसई में कुल 3791 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 1953 बढ़त और 1682 गिरावट में रही जबकि 154 में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई में अधिकांश समूहों में तेजी जिसमें टेलीकम्युनिकेशंस में सबसे अधिक 1.69 प्रतिशत की बढ़त देखी गयी। एफएमसीजी 1.05 प्रतिशत, एनर्जी 0.67 प्रतिशत, तेल एवं गैस 0.81 प्रतिशत और सीडी 0.89 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

वैश्विक स्तर पर मिश्रित रूख देखा गया। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.67 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.29 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.04 प्रतिशत की गिरावट में रहा जबकि जापान का निक्केई 0.62 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.12 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

बीएसई का सेंसेक्स 36 अंकों की गिरावट लेकर 65744.19 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 65488.03 अंक के निचले स्तर तक टूटा लेकिन लिवाली के बल पर यह 65971.13 अंक के उच्चतम स्तर तक भी चढ़ा। अंत में यह पिछले दिवस के 65780.26 अंक की तुलना में 100.26 अंक अर्थात 0.15 प्रतिशत बढ़कर 65880.52 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से 17 हरे निशान में जबकि 13 लाल निशान में रही।

एनएसई का निफ्टी सात अंकों की बढ़त के साथ 19581.20 अंक पर खुला। लिवाली के बल पर यह 19636.45 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसी दौरान बिकवाली के कारण यह 19491.50 अंक के निचले स्तर तक टूटा भी। अंत में यह पिछले दिवस के 19574.90 अंक की तुलना में 36.15 अंक अर्थात 0.18 प्रतिशत बढ़कर 19611.05 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल कंपनियों में से 27 को नुकसान हुआ जबकि 24 बढ़त बनाने में सफल रही।

## भारत दाल, प्याज की बिक्री करेगा एचसीसीएफ



**नई दिल्ली,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने बुधवार को कहा कि सरकार को-ऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (एचसीसीएफ) के माध्यम से प्याज 25 रुपये तथा दाल 60 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से बेचेगी। श्री चौबे ने आज यहां से हौज खास स्थित नेशनल को-ऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड के कार्यालय से 75 मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन मोबाइल वैनों के माध्यम से उपभोक्ताओं को किफायती दरों पर भारत दाल और प्याज उपलब्ध कराया जाएगा। यह वैन दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में चलेंगी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वैन का संचालन एचसीएफ द्वारा किया जा रहा है।

गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले में टमाटर की कीमत आसमान छू रही थी, तो केंद्र सरकार ने टमाटर की बिक्री किफायती दरों पर की थी, जिसकी सफलता के बाद सरकार ने अब इस वैन को चलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने

बताया कि एनसीसीएफ तथा नेफेड क्रमश 500-500 वैन चलाएंगे। इससे उपभोक्ताओं और किसानों को काफी लाभ मिलेगा। इन वैनों में मिलेट आदि की भी उपलब्धता होगी। साथ ही भविष्य में अन्य खाद्य सामग्रियां भी किफायती दरों

पर बिक्री के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। वैन के माध्यम से मौजूदा समय मे प्याज 25 रुपये तथा दाल 60 रुपये प्रति किलोग्राम मिलेगा। इस मौके पर एचसीसीएफ के अध्यक्ष विशाल सिंह, उपभोक्ता मामले के सचिव रोहित कुमार सिंह , एनसीएफ की प्रबंध निदेशक एनसी जोसेफ चंद्रा उपस्थित रहे।

## जिंसो में टिकाव



**नई दिल्ली,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों सहित सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 35 रिंगिट फिसलकर 3875 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.10 सेंट की तेजी लेकर 63.57 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना , मसूर दाल , मूंग दाल और उड़द दाल, अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** चना 6550-6650, दाल चना 7550-7650, मसूर काली 8075-8175, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 11700-11800, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## फीचर फोन में डिजिटल रुपी ऐप लाने की पहल


नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। आइडेंटिटी टेक्नोलॉजीज और बायोमीट्रिक सॉल्यूशंस कंपनी आइडेमिया ने भारत में ऑफलाइन सीबीडीसी (सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी) भुगतान की पहुंच बढ़ाने के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक और एचएमडी ग्लोबल (नोकिया फोन्स) के साथ हाथ मिलाया है जिसका उद्देश्य फीचर फोन में डिजिटल रूपी ऐप लाना है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि ये तीनों कंपनियां अगले कुछ महीनों में एक उन्नत ऑफलाइन भुगतान प्रणाली शुरू करने के लिए मिलकर काम करेंगी जिससे फीजर फोन पर डिजिटल रुपया (भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी सीबीडीसी) के उपयोग की सुविधा मिलेगी और वित्तीय समावेश को प्रोत्साहन मिलेगा। इस उद्योग में पहली बार एक एप्लीकेशन इंटरफेस के जरिए फीचर फोन पर सीबीडीसी भुगतान लाने का प्रयास किया जा रहा है। आइडेमिया का सिक्योर ऑफलाइन सीबीडीसी पेमेंट सॉल्यूशन पहले से ही कई उपकरणों जैसे स्मार्टफोन, बायोमीट्रिक कार्ड और प्लास्टिक कार्ड के साथ काम करता है। भारत में, आधे से अधिक आबादी के लिए स्मार्टफोन तक पहुंच अभी दूर की कौड़ी है। इस प्रयास के तहत डिजिटल लेनदेन से जुड़ी बाधाओं को दूर किया जा रहा है जिससे व्यापक स्तर पर उपभोक्ताओं खासकर सीमित संपर्क वाले क्षेत्रों में इसे सुगम बनाया जा सके। इस गठबंधन के तहत आइडेमिया की टेक्नोलॉजी, ऑनलाइन सत्यापन की जरूरत के बगैर त्वरित और सुरक्षित लेनदेन सुनिश्चित करने के लिए एक ऑफलाइन लेयर की पेशकश करेगी। यह भारत में डिजिटल रुपया के साथ काम करेगी और एक केंद्रीय बैंक या स्वतंत्र सॉफ्टवेयर वेंडरों द्वारा विकसित किसी अन्य सॉल्यूशन, केंद्रीयकृत या विकेंद्रीयकृत, टोकन या एकाउंट आधारित सॉल्यूशन के साथ काम करेगी।



आज की घोषणा ने वित्तीय समावेश को और बढ़ाने के लिए सभी तीनों संगठनों को आइडेमिया की सीबीडीसी टेक्नोलॉजी के साथ ला दिया है जिसमें एयरटेल पेमेंट्स बैंक का वित्तीय सॉल्यूशन और नोकिया फीचर फोन शामिल हैं। एक बार यह सॉल्यूशन वाणिज्यिक तौर पर उपलब्ध होने पर यूजर्स किफायती फीचर फोन का उपयोग कर भुगतान कर सकेंगे और इस तरह से एक बड़ी आबादी तक ऑफलाइन भुगतान की सुविधा सुलभ होगी। एचएमडी ग्लोबल के उपाध्यक्ष (भारत एवं एपीएसी) रवि कुंवर ने कहा, अगले कुछ महीनों में इसके वाणिज्यिक तौर पर लांच होने पर भारत में नोकिया फीचर फोन के यूजर्स डिजिटल रुपया तक पहुंच स्थापित करने में समर्थ होंगे। इस गठबंधन से नोकिया फीचर फोन के यूजर्स इस नवीनतम प्रौद्योगिकी के साथ सशक्त होंगे और सभी के लिए समावेशी डिजिटल अर्थव्यवस्था के सरकार के विजन को मजबूती मिलेगी। भारत में डिजिटल भुगतान को आगे बढ़ाने की यात्रा के तहत आइडेमिया, नोकिया फीचर फोन और एयरटेल पेमेंट्स बैंक ऑफलाइन भुगतान के जरिए वित्तीय समावेश की संभावनाओं का दोहन करने के लिए संकल्पबद्ध हैं जिससे डिजिटल रुपया हर किसी के लिए कहीं भी और कभी भी उपलब्ध हो सके।

# खेल जगत

## बजरंग पूनिया को मानहानि मामले में मिली राहत



**नई दिल्ली,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली की एक अदालत ने आपराधिक मानहानि के एक मामले में पहलवान बजरंग पूनिया को राहत देते हुये उन्हे निजी रूप से पेश होने की छूट प्रदान की है। गौरतलब है कि कुश्ती कोच नरेश दहिया ने पूनिया के खिलाफ आपराधिक मानहानि की याचिका दायर की थी। उनका आरोप है कि भारतीय कुश्ती महासंघ के निर्वतमान अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ धरने के दौरान पूनिया ने दस मई को एक प्रेस कांफ्रेंस में उनके खिलाफ अपमानजनक बयानबाजी की थी। इस मामले में पूनिया के वकील ने अदालत से गुहार लगायी थी कि उनके मुवक्किल को बुखार है और वह निजी तौर पर अदालत में पेश नहीं हो सकता है जिसे मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट यशदीप चहल की अदालत ने स्वीकार कर लिया। मामले की अगली सुनवाई 14 सितंबर को होगी।

# पाकिस्तान के आक्रमण से बांग्लादेश 193 रन पर ढेर



- मात्र 47 रन पर चार विकेट गंवा कर मुश्किलों में फंस गया था बांग्लादेश
- मगर कप्तान शाकिब अल हसन और मुशफ़िक़ुर रहीम के अर्धशतकों ने बांग्लादेश को संभाला

**लाहौर** 06 सितंबर (वार्ता) मुशफ़िक़ुर रहीम (64) और कप्तान शाकीब अल हसन (53) के बीच शतकीय साझीदारी के बावजूद बांग्लादेश एशिया कप सुपर फोर मुकाबले में बुधवार को पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने आत्मसमर्पण की मुद्रा में नजर आया और मेहमान टीम 38.4 ओवर के खेल में 193 रन बना कर पवेलियन लौट गयी।

गद्दाफी स्टेडियम पर टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरूआत अच्छी नहीं रही जब उसके इन फार्म बल्लेबाज मेहदी हसन मिराज़ बगैर खाता खोले नसीम शाह की गेंद पर कैच आउट होकर पवेलियन लौट गये। पारी के पांचवें ओवर में लिटन दास (16) को शाहीद शाह अफरीदी ने अपना शिकार बनाया। एक समय बांग्लादेश मात्र 47 रन पर चार विकेट गंवा कर मुश्किलों के भंवर में फंस गया था मगर कप्तान शाकिब अल हसन और मुशफ़िक़ुर रहीम ने संयमपूर्ण बल्लेबाजी से टीम को सम्मानजनक स्कोर की ओर अग्रसर किया।

दोनो बल्लेबाजों ने अपने अपने अर्धशतक पूरे किये, इस बीच शाकिब फहीम अशरफ की गेंद को हिट करने के प्रयास में फखर जमान के हाथों अपना विकेट गंवा बैठे। इस साझीदारी के टूटते ही पाकिस्तान के गेंदबाजों ने आक्रामक रवैया अख्तियार कर लिया। नये बल्लेबाज शमीम हुसैन (16) ने दूसरे छोर पर टिके रहीम का कुछ समय तक साथ दिया मगर पाकिस्तान की खतरनाक पेस तिकड़ी के सामने बांग्लादेश के पांव उखड़ने लगे थे।

पारी के 38वें ओवर में रहीम और तस्किन अहमद (0) के लगातार दो विकेट हारिस रउफ ने झटक कर बांग्लादेश के बड़े लक्ष्य की ओर बढने के इरादे पर पूरी तरह ब्रेक लगा दिये। पाकिस्तान की ओर से रउफ ने 19 रन देकर चार विकेट चटकाये जबकि नसीम शाह ने 34 रन देकर तीन विकेट झटके। अफरीदी,फहीम अशरफ और इफ्तिखार अहमद ने एक एक खिलाड़ी को पवेलियन पहुंचाया।

### सुपर 4 शेड्यूल

- 6 सितंबर : पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश, गद्दाफी स्टेडियम, लाहौर, दोपहर 2:30 बजे
- 9 सितंबर : श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो, दोपहर 3 बजे
- 10 सितंबर : पाकिस्तान बनाम भारत, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो, दोपहर 3 बजे
- 12 सितंबर : भारत बनाम श्रीलंका, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो, दोपहर 3 बजे
- 14 सितंबर : पाकिस्तान बनाम श्रीलंका, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो, दोपहर 3 बजे
- 15 सितंबर: भारत बनाम बांग्लादेश, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो, दोपहर 3 बजे
- 17 सितंबर : टीबीसी बनाम टीबीसी, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो, दोपहर 3

# चाइना ओपन में प्रणॉय और सेन की हार से भारतीय एकल चुनौती समाप्त



**बीजिंग** 6 सितंबर (एजेंसियां)। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणॉय और लक्ष्य सेन चाइना ओपन 2023 बैडमिंटन में मंगलवार को पुरुष एकल मुक़ाबले में हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में छठे नंबर पर काबिज़ भारतीय शटलर एचएस प्रणॉय को 66 मिनट तक चले मैच में मलेशियाई शटलर एन जी योंग से 12-21, 21-13, 18-21 से हार मिली। विश्व रैंकिंग के 22वें नंबर के मलेशियाई खिलाड़ी ने पहले गेम को जीत कर भारतीय शटलर पर दबाव क़ायम किया। हालांकि, दूसरे गेम में प्रणॉय ने वापसी की और मैच को 1-1 की बराबरी पर ला दिया।

तीसरे और निर्णायक गेम में भारतीय खिलाड़ी ने जी योंग के सामने मुश्किल चुनौती पेश की लेकिन मलेशियाई शटलर ने प्रणॉय के ख़िलाफ़ शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरे और निर्णायक गेम को जीत लिया।

एचएस प्रणॉय की हार के बाद, कनाडा ओपन 2023 के चैंपियन लक्ष्य सेन इस प्रतियोगिता के पुरुष एकल वर्ग में भारत की दूसरी उम्मीद थे, लेकिन चाइन ओपन के पहले राउंड में ही उन्हे डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन के ख़िलाफ़ 78 मिनट तक चले मैच में 23-21, 16-21, 21-9 से हार का सामना करना पड़ा।


पहले राउंड में डेनिश खिलाड़ी ने शुरुआती बढ़त के साथ राष्ट्रमंडल खेल 2022 के चैंपियन लक्ष्य सेन को दबाव में डाल दिया। हालांकि, यह गेम रोमांच से भरपूर रहा और आख़िरी पड़ाव तक दोनों शटलरों ने दर्शकों का उत्साह बढाए रखा, लेकिन डेनिश खिलाड़ी ने 23-21 से जीत दर्ज कर मैच में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। भारतीय शटलर ने दूसरे गेम में शानदार वापसी करते हुए मैच में 1-1 की बराबरी कर ली लेकिन तीसरे और निर्णायक गेम में उन्हें विश्व रैंकिंग के 10वें नंबर के डेनमार्क के शटलर से हार का सामना करना पड़ा।

एक अन्य पुरुष एकल मुक़ाबले में प्रियांशू राजावत को भी निराशा हाथ लगी। विश्व रैंकिंग में 28वें नंबर के भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी को इंडोनेशिया के शेसर हिरेन रुस्ताविटो से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। 41 मिनट तक चले मैच में इंडोनेशियाई खिलाड़ी से भारतीय शटलर को 13-21, 24-26 से हार मिली।

त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को भी चाइना ओपन 2023 के पहले राउंड में हार का सामना करना पड़ा। इस टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय महिला युगल जोड़ी को चेन किंग चेन और जिया यी फैन की स्थानीय जोड़ी से सीधे गेम में शिकस्त मिली। भारतीय जोड़ी को विश्व की नंबर 1 जोड़ी ने 21-18, 21-11 से हराया।

वहीं, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बुधवार को अपनी दावेदारी पेश करेगी।

# अगला विश्व कप खेल सकते हैं मेसी



**ब्यूनस आयर्स,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन अपने स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी को 2026 विश्व कप तक अर्जेंटीना के लिए खेलने के लिये मनायेगा।

एसोसिएशन के अध्यक्ष क्लाउडियो तापिया ने कहा कि मेसी ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का विस्तार करने की संभावना से इंकार कर दिया था, लेकिन उन्हें अपना मन बदलने के लिए आश्वस्त किया जा सकता है। तापिया ने मंगलवार को ब्यूनस आयर्स में स्पोर्ट्स लीडर्स समिट के दौरान कहा, वह हमेशा अधिक का लक्ष्य रखता है। वह कभी हार नहीं मानता और हमेशा आपको आश्चर्यचकित करता है। अपने मौजूदा फॉर्म में मेस्सी आसानी से 2026 विश्व कप में खेल सकते हैं। 39 वर्षीय मेसी ने पिछले साल कतर में एल्बीसेलेस्टे को तीसरी विश्व कप ट्रॉफी दिलाई थी। उन्होंने पिछले महीने फ्लोरिडा की टीम को लीग कप खिताब दिलाया जो क्लब की पहली ट्रॉफी थी। तापिया ने कहा कि मेसी को यह चुनने का अधिकार है कि उन्हें अपना अंतरराष्ट्रीय करियर कब समाप्त करना है। यह उस पर निर्भर करता है। मैं उसे अगले विश्व कप में खेलते हुए देखना पसंद करूंगा। वह वास्तव में ऐसा कर सकता है।

# आस्ट्रेलिया ने की 2023 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा

**सिडनी** 6 सितंबर (एजेंसियां)। पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने इस साल के आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए अपनी 15 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा कर दी है। पैट कमिंस की कप्तानी में टीम वर्ल्ड कप में उतरेगी।

पिछले महीने चयनकर्ताओं ने 18 खिलाड़ियों को वर्ल्ड कप के लिए चुना था। अब इनमें से तीन को बाहर कर दिया गया है। हालांकि सभी टीमों के पास वर्ल्ड कप स्क्वाड में बदलाव करने के लिए 28 सितंबर तक का समय है।

ऑस्ट्रेलिया ने पिछले महीने 50 ओवर के प्रदर्शन के लिए पहले 18 खिलाड़ियों को नामित किया था। भारत में इस साल के आयोजन की शुरुआत में अब एक महीने से भी कम समय रह गया है और आस्ट्रेलिया ने आज 15 खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है।



ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले ही शुरुआती 18 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी थी। उससे उन्होंने नाथन एलिस, आरोन हार्डी और तनवीर संघा को बाहर कर दिया है। 21 साल के तनवीर ने दक्षिण अफ्रीका में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। अपने पहले ही मैच में उन्होंने 4 बल्लेबाजों को आउट किया। लेकिन टीम में पहले से लेग स्पिनर एडम जंपा हैं। इसी वजह से संघा को बाहर होना पड़ा। टेस्ट स्टार मार्नस लाबुस्चगने भी टीम में शामिल होने से चूक गए हैं।

तेज गेंदबाज पैट कमिंस एक बार फिर टीम का नेतृत्व करेंगे अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क उन्हें नई गेंद से मदद करेंगे। जबकि सीन एबॉट को बैकअप पेसर के रूप में टीम में अंतिम स्थान के लिए एलिस पर प्राथमिकता दी गई है। एश्टन एगर और एडम ज़म्पा को स्पिनर की कमान दी गयी। ऑस्ट्रेलिया की वर्ल्ड कप टीम में कोई चौंकाने वाला नाम नहीं है। पहले घोषित हुई टीम से ही मार्नस लाबुशेन को बाहर कर दिया गया था। जोश इंग्लिस, कैमरून ग्रीन, ट्रेविस हेड, सीन एबॉट और एश्टन एगर को पहली बार वर्ल्ड कप की टीम में चुना गया है।

# एशियाई टेबल टेनिस में कांस्य पदक के साथ भारतीय टीम के सफर का अंत

**प्योंगचांग** 6 सितंबर (एजेंसियां)। एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2023 के सेमीफाइनल में मिली हार के बाद भारतीय टीम को कांस्य पदक के साथ संतोष करना पड़ा। कोरिया गणराज्य के प्योंगचांग में खेली जा रही प्रतियोगिता में कॉमनवेल्थ गेम्स चैंपियन शरत कमल को चुआंग चिह-युआन से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरे मैच में साथियान गणानाशेखरन भी अपनी चुनौती को पार करने में असफल रहे और लिन युन-जू से 0-3 से हार गए। कांटे की टक्कर वाले मैच में, हरमीत देसाई ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन काओ चेंग-जुई से 1-3 से हार गए।

भारतीय टीम ने सोमवार को सिंगापुर को 3-0 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाकर पदक पक्का कर लिया था।



इससे पहले, मनिका बत्रा, अहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी की भारतीय महिला टीम मंगलवार को 5-6 पोजीशन के प्ले-ऑफ मैच में थाईलैंड से 0-3 से हारकर छठे स्थान पर रही।

भारतीय तिकड़ी ने उसी दिन 5-8 पोजीशन के प्ले-ऑफ मुकाबले में सिंगापुर पर 3-2 से जीत दर्ज की थी। सोमवार को क्वार्टर-फाइनल में जापान से 0-3 की हार के बाद भारतीय महिला टीम की पदक की उम्मीद समाप्त हो गई थी। मिश्रित युगल में मनिका बत्रा और साथियान गणानाशेखरन की भारतीय जोड़ी मंगलवार को राउंड ऑफ 32 में थाईलैंड की फाकपूम सांगुआनसिन और ओरवान परानांग से 2-3 से हार गई थी। हरमीत देसाई और श्रीजा अकुला की एक अन्य भारतीय जोड़ी राउंड ऑफ 32 में जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त टोमोकाज़ू हरिमोटो और हिना हयाता की जोड़ी से 0-3 से हार गई थी। एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2023 पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफायर भी था। इसमें पुरुष एवं महिला टीम और मिश्रित युगल स्पर्धाओं के विजेताओं के लिए कोटा स्थान दिए जाने थे।

# जोकोविच और गॉफ यूएस ओपन के सेमीफ़ाइनल में पहुंचे

**न्यूयॉर्क,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और अमेरिका की युवा खिलाड़ी कोको गॉफ यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है, वहीं पुरुष डबल्स में भारतीय खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने अपने ऑस्ट्रेलियाई साथी मैम्यू एबडेन के साथ सेमीफाइनल के लिए प्रवेश कर लिया है। सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने मंगलवार को पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज को 6-1, 6-4, 6-4 से हराया। जोकोविच 47वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। यूएस ओपन में वह 13वीं बार सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। जोकोविच 17वीं बार यूएस ओपन में खेल रहे हैं। महिलाओं में अमेरिकी कोको गॉफ़ ने



लातविया की जेलेना ओस्टापेंको पर 6-0, 6-2 की शानदार जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गॉफ ने वर्ल्ड नंबर-1 स्वितेक को हराने वाली ओस्टापेंको को हराया। मंगलवार देर रात को खेले गए विमेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में कोको गॉफ ने 2017 फ्रेंच ओपन की विनर जेलेना ओस्टापेंको को सीधे सेटों में हराया। गॉफ ने ओस्टापेंको को 6-0, 6-2 से हराकर पहली बार यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अमेरिका की 19 वर्षीय गॉफ 2001 में सेरेना विलियम्स के बाद यूएस ओपन सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी है।

गॉफ ने कहा, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है और मैं बहुत खुश हूं। पिछले साल मैं क्वार्टर फाइनल में हार गयी थी और इस साल बेहतर प्रदर्शन करना चाहती थी। मुझे अभी लंबा सफर तय करना है लेकिन मैं खुश हूं और अगले मैच के लिए तैयारी कर रही हूं।

छठी वरीयता प्राप्त गॉफ का शनिवार को फाइनल में जगह बनाने के लिए इस साल की फ्रेंच ओपन उपविजेता चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा से सामना होगा।

# भारतीय जर्सी पहनने पर गर्व महसूस होता है : सुखजीत सिंह

**नई दिल्ली,** 6 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के युवा फॉरवर्ड खिलाड़ी सुखजीत सिंह ने कहा कि 19वें एशियाई खेलों हांगझू 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व करना उनके लिये सम्मान की बात है और उन्हे भारत की जर्सी पहनने मात्र की कल्पना ही रोमांचित कर रही है।

पहली बार एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा यह अवास्तविक लगता है कि मैं एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहा हूं करूंगा। मुझे गर्व है कि मैं 19वें एशियाई खेल हांग्जो 2022 में भारत की जर्सी पहनूंगा। मेरे पिता का सपना मुझे उच्चतम स्तर पर खेलते हुए देखना था जो अब साकार होने जा रहा है। यह एक ऐसा एहसास है जिसे मैं शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता। यह सब मेरे ईमानदार प्रयासों और मेरे परिवार के सदस्यों की शुभकामनाओं के कारण है।

उन्होने कहा, कोच क्रेग फुल्टन के मार्गदर्शन में तैयारियां अच्छी चल रही हैं। हम अपनी कमजोरियों पर काम कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हम वही गलतियाँ दोबारा न करें। मैं पिछले डेढ़ साल से टीम के साथ हूं और टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी बहुत मिलनसार हैं। जब भी हममें से किसी को कोई कठिनाई होती है तो हम हमेशा उनसे संपर्क कर सकते हैं। वे हमारा उचित मार्गदर्शन करते हैं और हमारे खेल को बेहतर बनाने में हमारी मदद करते हैं।



हॉकी इंडिया के सूत्रों ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक 2024 में सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने के लक्ष्य के साथ भारतीय टीम 24 सितंबर को उज्बेकिस्तान के खिलाफ अपने एशियाई खेल अभियान की शुरुआत करेगी। फॉरवर्ड खिलाड़ी ने कहा, हमारा लक्ष्य केवल स्वर्ण पदक पर है। हम जानते हैं कि यहां क्या दांव पर लगा है और हम कुछ भी हल्के में नहीं लेंगे। कुछ मजबूत टीमें हैं और हम किसी भी मैच में अपनी सतर्कता में कमी नहीं आने देंगे। हमें प्रत्येक मैच को फाइनल मानना होगा और जब भी हम मैदान पर होंगे तो अपना सब कुछ देना होगा।

उन्होने कहा एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद, खिलाड़ियों में आत्मविश्वास ऊंचा है और मुझे उम्मीद है कि हम इस लय को 19वें एशियाई खेलों हांग्जो 2022 में जारी रख सकते हैं। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी से पहले हमने चार देशों का टूर्नामेंट भी खेला था। इससे निश्चित तौर पर हमें मदद मिलेगी। अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता को देते हुये उन्होने कहा मुझे याद है कि मैं केवल पाँच या छह साल का था जब मेरे पिता ने मुझे हॉकी स्टिक दी थी। जब मेरे पिता खेलते थे तो उन्हें बहुत संघर्ष करना पड़ता था और वह नहीं चाहते थे कि मुझे उन समस्याओं का सामना करना पड़े जो उन्हें झेलनी पड़ीं। उन्होंने हमेशा मुझ पर विश्वास किया और मुझे प्रेरित करते रहे। अपनी शिफ्ट खत्म होने के बाद वह मुझे ट्रेनिंग के लिए ग्राउंड पर ले जाते थे। उन्होंने मेरे लिए बहुत त्याग किया है और मैं उन्हें जितना धन्यवाद दूं, कम है। वह हमेशा मेरे आदर्श रहेंगे। इस तेजतर्रार फॉरवर्ड खिलाड़ी ने छह साल की उम्र में हॉकी खेलना शुरू किया जब उनके पिता अजीत सिंह, जो पंजाब पुलिस के पूर्व हॉकी खिलाड़ी थे, ने उन्हें स्टिक उठाने के लिए प्रेरित किया। सुखजीत को 2018 में सीनियर नेशनल कैंप के लिए पहली बार कॉल-अप मिला, लेकिन पीठ की चोट के कारण वह अपनी जगह पक्की नहीं कर सके। उन्होंने 2021 में राष्ट्रीय सेट-अप में वापसी की और 2021-2022 सीज़न में हॉकी प्रो लीग में अपनी सीनियर टीम की शुरुआत की। अब तक सुखजीत सिंह के नाम 43 अंतरराष्ट्रीय कैप और 13 गोल हैं।

> मैं पिछले डेढ़ साल से टीम के साथ हूं और टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी बहुत मिलनसार हैं। जब भी हममें से किसी को कोई कठिनाई होती है तो हम हमेशा उनसे संपर्क कर सकते हैं। वे हमारा उचित मार्गदर्शन करते हैं और हमारे खेल को बेहतर बनाने में हमारी मदद करते हैं: सुखजीत सिंह

## सार संक्षेप

### एशियाई खेलों की मशाल रिले आठ सितंबर से शुरू होगी

**हांगझू।** चीन के हांगझू एशियाई खेलों के लिए मशाल रिले आठ सितंबर को वेस्ट लेक के पास शुरू होगी। हांगझू एशियाई खेलों के मुख्य मीडिया सेंटर में बुधवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की गयी। मशाल रिले अपने अंतिम चरण को पूरा करने के लिए 20 सितंबर को हांगझू लौटने से पहले झेजियांग प्रांत के 11 शहरों हुझोउ, जियाक्सिंग, शाओक्सिंग, निंगबो, झोउशान, ताइझोउ, वेनझोउ, लिशुई, जिंहुआ और क्यूझोउ से होकर गुजरेगी। रिले में कुल 2022 मशालधारक भाग लेंगे। इसके 14 वर्ष के किशोर लेकर 84 वर्ष बुजुर्ग शामिल होंगे। प्रत्येक स्थान पर रिले मार्गों का डिज़ाइन संबंधित शहरों की अनूठी विशेषताओं, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व और प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाता है। मशाल रिले में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों रूप से शामिल हैं। इससे पहले 15 जून को एशियाई खेल मशाल संग्रह समारोह के बाद 'डिजिटल टॉर्चबियरर' ऑनलाइन रिले गतिविधि शुरू की गई थी। आज तक 76 करोड़ से अधिक लोग एशियाई खेलों की ऑनलाइन मशाल रिले से जुड़े हैं, जिसमें 'डिजिटल टॉर्चबियरर्स' की संख्या 84 लाख से अधिक है।

### श्रीलंका से हारने के बाद अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने मैच रेफरी की आलोचना की

**लाहौर।** अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने बुधवार को श्रीलंका के खिलाफ अपनी टीम की हार के बाद मैच रेफरी पर गुस्सा निकाला। भूल या लापरवाही? अब इसका जवाब तो शायद ही किसी के पास होगा लेकिन अफगानिस्तान बेहद पास आकर सुपर-4 से चूक गई। श्रीलंका के खिलाफ बुधवार को रोमांचक मैच में महज 3 रन से मिली हार के बाद अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने अपना गुस्सा मैच रेफरी पर निकाला है। उन्होंने कहा, हमें क्वालिफिकेशन के पूरे समीकरण पता नहीं थे। एशिया कप के आखिरी ग्रुप मैच में अफगानिस्तान को सुपर 4 चरण में पहुंचने के लिए श्रीलंका द्वारा दिए गए लक्ष्य को 37.1 ओवर में हासिल करना था। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी की और बोर्ड पर 292 रनों का बड़ा लक्ष्य रखा। इस टारगेट का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने पूरी जान लगाकर बल्लेबाजी की और ऑलराउंडर मोहम्मद नबी ने महज 24 गेंदों में अफगानिस्तान के लिए सबसे तेज वनडे अर्धशतक बनाया। हालांकि, अफगानिस्तान ने 37वें ओवर के बाद 289/8 पर पहुंच चुकी थी। उसे 1 गेंद पर 3 रन चाहिए थे लेकिन इस गेंद पर मुजीब उर रहमान आउट हो गए। जिसके बाद नॉन-स्ट्राइकर राशिद खान अपने घुटनों के बल बैठ गए और काफी निराश दिखे, शायद ये सोचकर उनकी टीम सुपर-4 की रेस से बाहर हो गई।